RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 119
नई दिल्ली, मंगलवार, 5 मार्च, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

सरकार ने तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए अभियान शुरू किया

राष्ट्रीय-10

रिश्वत लेने पर सांसदों-विधायकों को अभियोजन से छूट नहीं: सुप्रीम कोर्ट

पीटीआई। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि सांसदों एवं विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं है, और उनके भ्रष्टाचार भारतीय लोकतंत्र की नींव को कमजोर करते हैं। न्यायालय ने इस फैसले के जरिए सांसदों एवं विधायकों को संरक्षण देने संबंधी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में 1998 के अपने फैसले को पलट दिया है। यह मामला 1993 में पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव की सरकार के लिए खतरा पैदा करने वाले अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने के लिए पांच झामुमो नेताओं के रिश्वत लेने का था।

झामुमो रिश्वत मामले में 1998 के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के फैसले को रद्द करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात-सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि सदन के सदस्यों के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। पीठ ने कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में संसदीय विशेषाधिकारों के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए 1998 के फैसले की व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है।

अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों एवं विशेषाधिकारों से संबंधित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यायालय के इस फैसले को शानदार करार देते हुए कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा। मोदी ने इस फैसले से संबंधित एक रिपोर्ट सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए लिखा, स्वागतम, माननीय उच्चतम न्यायालय का एक शानदार निर्णय, जो स्वच्छ राजनीति सुनिश्चित करेगा और व्यवस्था में लोगों के विश्वास को गहरा करेगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने पीठ के लिए फैसले का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा, सांसद एवं विधायकों द्वारा रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट करते हैं। पीठ में न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना, न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश, न्यायमूर्ति पी.एस.

नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, यह (भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी) संविधान की आकांक्षाओं और विचारशील आदर्शों के लिए विनाशकारी है और एक ऐसा राजतंत्र स्थापित करता है जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदाई और प्रतिनिधित्व प्रदान करने वाले लोकतंत्र से वंचित करता है।

न्यायालय ने पी. वी. नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई मामले में 1998 के फैसले में बहुमत और अल्पमत के तर्क का विश्लेषण करते हुए कहा कि उसने इस विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से फैसला सुनाया है- भले वह संविधान के अनुच्छेद 105 से संबंधित हो और 194 से जुड़ा हो, कि क्या एक सांसद या विधायक किसी आपराधिक अदालत में रिश्वतखोरी के आरोप में अभियोग से छूट का दावा कर सकता है। सात न्यायाधीशों की पीठ 1998 के फैसले पर पुनर्विचार कर रही थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम इस पहलू पर बहुमत के फैसले से असहमत हैं और उसे खारिज करते हैं। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 1998 में पी वी नरसिम्हा राव बनाम केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) मामले में दिए गए अपने बहुमत के फैसले में कहा था कि सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 105(2) और अनुच्छेद 194(2) के तहत सदन के अंदर दिए गए किसी भी भाषण और वोट के लिए घूस के आपराधिक मुकदमा से छूट प्राप्त है। सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सोमवार को कहा कि 1998 के बहुमत के फैसले का सार्वजनिक हित, सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और संसदीय लोकतंत्र पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। इसमें कहा गया है, विधायिका का कोई भी सदस्य सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वतखोरी के आरोप में अभियोग से अनुच्छेद 105 और 194 के तहत छूट पाने के विशेषाधिकार का दावा नहीं कर सकता। न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 एक ऐसे माहौल को बनाए रखने का प्रयास करते हैं, जिसमें सदन के भीतर बहस और विचार-विमर्श हो सके। (शेष पेज 9)

भारत का मालदीव को करारा जवाब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की हालिया टिप्पणी 'किसी भी देश के पास उनके देश को धमकाने का लाइसेंस नहीं है' को दरकिनार करते हुए कहा है कि धमकाने वाले देश 4.5 अरब डॉलर की सहायता नहीं देते हैं। विदेश मंत्री की उपरोक्त प्रतिक्रिया उस सवाल के जवाब में आई कि क्या भारत को इस क्षेत्र में एक दबंग के रूप में देखा जाता है। इसके अलावा उन्होंने ये टिप्पणियां भारत और मालदीव के बीच राजनयिक तनाव की पृष्ठभूमि में मुइज्जू पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते कीं।

जयशंकर की यह टिप्पणी उस समय आई है जब मुइज्जू ने भारत का परोक्ष संदर्भ देते हुए जनवरी में कहा था कि किसी भी देश के पास 'हमें धमकाने' का लाइसेंस नहीं है, भले ही वह एक छोटा देश हो। जयशंकर ने अपनी पुस्तक 'व्हाई भारत मैटर्स' के प्रचार के दौरान एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, संकट के दौरान अपने पड़ोसियों को समय पर सहायता प्रदान करने में भारत की सक्रिय भूमिका पर प्रकाश डाला। जब उनसे पूछा गया कि क्या नई दिल्ली को उपमहाद्वीप और हिंद महासागर क्षेत्र में धमकाने वाला माना जाता है। इस पर जयशंकर ने कहा दुनिया के इस हिस्से में आज बड़ा बदलाव भारत और उसके पड़ोसियों के बीच हुआ है। जब आप कहते हैं कि भारत को एक बड़ा दबंग माना जाता है, तो आप जानते हैं, जब पड़ोसी मुसीबत में होते हैं तो धमकाने वाले दबंग 4.5 अरब डॉलर नहीं देते हैं।

जयशंकर ने पिछले सप्ताह एक कार्यक्रम में कहा था, जब कोविड-19 चल रहा हो तो बड़े धमकाने वाला देश अन्य देशों को टीके की आपूर्ति नहीं करते हैं या भोजन की मांग या ईंधन की मांग या उर्वरक की मांग का जवाब देने के लिए अपने स्वयं के नियमों में अपवाद नहीं बनाते हैं, क्योंकि दुनिया के किसी अन्य हिस्से में कुछ युद्ध ने उनके जीवन को जटिल बना दिया है। विदेश मंत्री की ये टिप्पणियां भारत और मालदीव के बीच जनवरी में शुरू हुए राजनयिक विवाद के बीच आईं, जब मालदीव के तीन मंत्रियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के लिए निलंबित कर दिया था, जब उन्होंने लक्ष्यद्वीप की अपनी यात्रा की तस्वीरें पोस्ट की थीं और इसे एक पर्यटन स्थल के रूप में पेश किया था। जयशंकर ने कहा, आपको आज यह भी देखना होगा कि भारत और उसके पड़ोसियों के बीच वास्तव में क्या बदलाव आया है। निश्चित रूप से, बांग्लादेश और नेपाल के साथ, आज आपके पास एक पावर ग्रिड है। आपके पास सड़कें, रेलवे जलमार्गों का उपयोग होता हैं जो एक दशक पहले अस्तित्व में नहीं थीं। भारतीय व्यवसाय राष्ट्रीय उपचार के आधार पर बांग्लादेश के बंदरगाहों का उपयोग करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नेपाल, श्रीलंका, भूटान, बांग्लादेश और मालदीव के साथ व्यापार और निवेश में पिछले कुछ वर्षों में तेजी देखी गई है। मंत्री ने कहा, आज कनेक्टिविटी (पक्ष) पर, दोनों तरफ से बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही हो रही है। वास्तव में व्यापार की मात्रा और निवेश एक बहुत अच्छी कहानी है। ऐसा न सिर्फ नेपाल और श्रीलंका (शेष पेज 9)

नई दिल्ली में सोमवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में दिल्ली राज्य का बजट पेश करती दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी

केजरीवाल के बजट में महिलाओं के लिए खास

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विधानसभा में बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की, जिसके तहत 18 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को 1,000 रुपए प्रति माह दिया जाएगा। आतिशी ने बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 8,685 करोड़ रुपए आवंटित किए। मंत्री ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपए के परिव्यय का बजट पेश किया और कहा कि सरकार राम राज्य के सपने को साकार करने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसे महिला सशक्तिकरण के लिए दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम बताया।

अपने पहले बजट भाषण के दौरान आतिशी ने कहा कि यह राशि महिलाओं को किसी पर निर्भर हुए बिना अपनी जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी। उन्होंने 2024-25 में महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण की योजना के लिए 2,000 करोड़ रुपए के आवंटन की घोषणा की। दिल्ली में मतदाता के तौर पर पंजीकृत महिलाएं इस योजना के लिए पात्र होंगी, बशर्ते कि उन्हें किसी अन्य योजना का लाभ नहीं मिल रहा हो और वे सरकारी कर्मचारी या आयकरदाता नहीं हों। आतिशी ने कहा कि इस योजना का लाभ पाने के लिए किसी भी पात्र महिला को एक फॉर्म भरना होगा और स्व-घोषणा पत्र देना होगा। उन्होंने कहा, स्व-घोषणा के आधार पर उस महिला को इस योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। फॉर्म के साथ हर महिला को अपना आधार कार्ड और (शेष पेज 9)

केरल में भाजपा के लिए चुनौती बरकरार

कुमार चेलप्पन। कोच्चि

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के भीतर से विद्रोह से केरल में आगामी लोकसभा चुनाव में कम से कम एक सीट जीतने के भाजपा के सपनों पर पानी फिरना निश्चित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ्ते केरल के दौरे के दौरान विश्वास जताया था कि एनडीए चुनाव में दोहरे अंक का आंकड़ा छू लेगी। सोमवार को ईझावा समुदाय के एसएनडीपी योगम की राजनीतिक शाखा, बीडीजेएस के अध्यक्ष तुषार वेल्लापल्ली ने सात बार के विधायक पी सी जॉर्ज को अपमानित किया, जो हाल ही में भाजपा में शामिल हुए थे। तुषार ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'जॉर्ज हमेशा ईझावा समुदाय को धोखा देते हैं और भाजपा में शामिल होने के लायक नहीं हैं। राज्य में कोई भी ईसाई जॉर्ज या उन उम्मीदवारों को वोट नहीं देगा जिनके लिए वह प्रचार करते हैं।' बीडीजेएस को भाजपा द्वारा केरल से चार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आवंटित किए गए हैं, इस तथ्य के बावजूद कि राज्य में कहीं भी बीडीजेएस की कोई ताकत नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव में, बीडीजेएस को उन चार निर्वाचन क्षेत्रों में केवल 1.8 प्रतिशत वोट मिल सके, जहां से उसने चुनाव लड़ा था।

भाजपा की मुसीबतें बढ़ाते हुए, तुषार वेल्लापल्ली को उनके द्वारा जारी किए गए 19 करोड़ रुपये के चेक के बाउंस होने के बाद 2019 में

यूएई पुलिस ने अजमान से गिरफ्तार किया था। यह केरल के यूएई स्थित बिजनेस टाइकून का समय पर हस्तक्षेप था जिसने तुषार को लंबी जेल की सजा से बचा लिया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा तुषार को भेजे गए एसओएस संदेश के बाद बिजनेस टाइकून ने तुषार को बचाया।

हालांकि तुषार एनडीए के साथ हैं, लेकिन उनके पिता नटेसन, जो एसएनडीपी के महासचिव हैं, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और सीपीआई (एम) नेताओं के करीबी दोस्त हैं। वह करोड़ों रुपये के माइक्रो फाइनेंस धोखाधड़ी मामले में भी आरोपी हैं। तुषार के गुस्से ने राज्य में ईसाई समुदाय को परेशान कर दिया है जो धीरे-धीरे भाजपा के खेमे की ओर बढ़ रहा था। क्रिश्चियन अलायंस फॉर सोशल एक्शन के अध्यक्ष केविन पीटर ने कहा, 'एनडीए में तुषार की प्रासंगिकता क्या है? भाजपा हमेशा उनके बिना काम चला सकती है। जॉर्ज का अपमान करके, उन्होंने राज्य में ईसाइयों का अपमान किया है।' पीएफआई के कार्यकर्ताओं द्वारा पूंजर में सेंट मैरी चर्च के सहायक पादरी पर हमले ने राज्य में ईसाइयों को परेशान कर दिया था। चूंकि हमला पीएफआई कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया था, इसलिए राज्य प्रशासन ने पुलिस को इसे गंभीरता से न लेने का निर्देश दिया था। इस घटना को सीपीआई (एम) समर्थक मीडिया ने ब्लैक आउट कर दिया था और यह जॉर्ज का हस्तक्षेप था जिसने इसे सुर्खियों में ला दिया।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के राज्य प्रमुख के सुरेंद्रन और केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन द्वारा चुप्पी बनाए रखने पर दुख जताया। (शेष पेज 9)

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

वरिष्ठ टीएमसी नेता तापस राय ने संदेशखाली मुद्दे पर पार्टी छोड़ी

सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के संस्थापक सदस्य और पांच बार के विधायक तापस रॉय ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा 'अपमानित और आहत' किया जाना तथा बढ़ते भ्रष्टाचार और संदेशखाली में जमीन पर अवैध कब्जे व महिलाओं के यौन उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं से वे परेशान महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हाल की कुछ घटनाओं ने मुझे बहुत दुखद निर्णय लेने पर मजबूर कर दिया है। मुझे इसका बहुत दुख है। रॉय ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा, मैंने विधायक पद से अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया है। रॉय ने कहा कि उन्होंने पहले ही एक मार्च को पार्टी और सरकारी पदों से इस्तीफा दे दिया था।

संवाददाताओं से बातचीत के दौरान रॉय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके आवास पर जनवरी में छापा मारे जाने के समय उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। हालांकि, तृणमूल ने आरोप लगाया कि रॉय आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तरी कोलकाता सीट से

टिकट के लिए अनुचित दबाव डाल रहे थे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के उप मुख्य सचेतक और बड़ानगर सीट से विधायक रॉय ने सोमवार अपराह्न अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को सौंप दिया। इससे पहले उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी गहरी निराशा व्यक्त की और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी पर बुरे वक्त में उनका साथ छोड़ने का आरोप लगाया।

रॉय के इस्तीफे के बाद इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि रॉय भाजपा में शामिल होंगे या राज्य के किसी अन्य विपक्षी दल का दामन थामेंगे। रॉय ने कहा कि वह इस सबंध में उचित समय पर निर्णय लेंगे। रॉय को समझाने के अपने आखिरी प्रयास में मंत्री ब्रत्य बसु और पूर्व तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष सोमवार सुबह उनके आवास पर पहुंचे। इसके बावजूद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। रॉय का उत्तरी कोलकाता क्षेत्र से पार्टी के सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय के साथ कथित तौर पर मतभेद चल रहा है और वह पिछले कुछ समय से पार्टी कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए थे।

रॉय ने मध्य कोलकाता में अपने आवास पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए इस साल 12 जनवरी को ईडी के छापे के बाद उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। रॉय ने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि ईडी शाहजहां शेख को निशाना बना रही है। मैं उम्मीद कर रहा था कि वह मेरे घर पर छापे के बारे में भी एक या दो शब्द बोलेंगी, लेकिन उन्होंने एक शब्द भी नहीं बोला। वहीं, तृणमूल के वरिष्ठ नेता एवं सांसद कल्याण बनर्जी ने दावा किया, रॉय काफी समय से पार्टी नेता सुदीप बंद्योपाध्याय (शेष पेज 9)

पीएम पर लालू के तंज के बाद भाजपा ने शुरू किया मोदी का परिवार अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पिछले आम चुनाव में कांग्रेस की 'चौकीदार चोर है' की टिप्पणी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा नेताओं को अपने सोशल मीडिया अकाउंट का नाम 'चौकीदार' रखने के लिए प्रेरित किया था। उसी तर्ज पर इस लोकसभा में 'मोदी का परिवार' नाम दिया है। इस अभियान पर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने पीएम पर कोई परिवार न होने का तंज कसने के एक दिन बाद सोशल मीडिया प्रोफाइल पर पूरे दिन सत्तारूढ़ दल नेताओं ने अपने नाम के साथ 'मोदी का परिवार जोड़ा'। सत्तारूढ़ नेताओं के रूप में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और निर्मला सीतारमण और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ देश भर के पार्टी सदस्यों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर खुद को 'मोदी का परिवार' घोषित किया। इसके साथ ही पार्टी ने विपक्ष पर तीखा पलटवार किया। कई मोदी-समर्थक उपयोगकर्ताओं ने भी अपने सोशल मीडिया पेजों पर यही बदलाव किया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी दल पिछले 16-17 वर्षों से मोदी के खिलाफ व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं और उनके खिलाफ ऐसी 'ओछी' टिप्पणियां कर रहे हैं। उसी श्रृंखला में त्रिवेदी ने कहा, कल (रविवार) को पटना में एक रैली में, एक बार फिर लालू प्रसाद यादव द्वारा आईएनडीआई गठबंधन के नेताओं की उपस्थिति में प्रधान मंत्री मोदी के खिलाफ ऐसी ओछी टिप्पणियां की गईं, यह दुखद और शर्मनाक है। भाजपा नेता ने कहा, उन्होंने (यादव) मोदी के परिवार के बारे में ओछी बात की है। मैं (यादव) को याद दिलाना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए पूरा देश उनका परिवार है। कुछ विपक्षी दलों ने आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन का गठन किया है।

लोकसभा चुनावों से पहले अपने शीर्ष नेता के प्रति भाजपा की एकजुटता

का प्रदर्शन उसी तरह के अभियान की याद दिलाता है, जिसे पार्टी ने 2019 में आम चुनावों से पहले कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए अपने नाम के साथ 'मैं भी चौकीदार' जोड़कर चलाया था। उस समय कांग्रेसी नेता राहुल गांधी ने 'चौकीदार चोर है' कहकर मोदी पर कटाक्ष किया था। उस समय प्रधानमंत्री की ईमानदारी और भ्रष्टाचार-विरोधी अगुआ की कथित छवि के इर्द-गिर्द चलाया गया अभियान एक बड़ी सफलता साबित हुआ। राफेल लड़ाकू विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार को लेकर उन पर निशाना साधने की कांग्रेस की कोशिशें असफल साबित हुईं। मोदी ने चुनावों में भाजपा को बड़ी जीत दिलाई, जबकि कांग्रेस 2019 में एक बार फिर हार गई।

प्रधानमंत्री इस बात पर जोर देते रहे हैं कि पूरा देश उनका परिवार है, यह बात उन्होंने सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में एक रैली में फिर से कही, जहां उन्होंने कहा कि भारत के 140 करोड़ लोग उनका परिवार हैं। रैली के तुरंत बाद, भाजपा नेताओं ने अपने प्रोफाइल में 'मोदी का परिवार' जोड़ा। मोदी ने देश में वंशवादी पार्टियों पर भी हमला किया और कहा कि उनके चेहरे अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट उनका सामान्य चरित्र है। पटना में रविवार को इंडिया गठबंधन रैली को संबोधित करते हुए लालू यादव ने वंशवाद की राजनीति का मुद्दा उठाने के लिए मोदी की आलोचना की थी और पूछा था कि प्रधानमंत्री के पास परिवार क्यों नहीं है। भाजपा के अभियान के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने कहा, आप पटना में जनता के बीच उत्साह देख सकते हैं। हर दिन इंडिया ब्लॉक बढ़ रहा है, इसलिए भाजपा के लोग नाराज हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा, अब वे परिवारवाद (भाई-भतीजावाद) के बारे में बात नहीं कर सकते।

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

ग्रेटर नोएडा का गैलेक्सी ब्लू सफायर मॉल बंद

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के आदेश पर हुई कार्रवाई, मृतकों के परिजनों ने प्रदर्शन कर मांगा इंसाफ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित गैलेक्सी ब्लू सफायर मॉल में हुए हादसे के बाद गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बड़ी कार्रवाई की है। ग्रेटर नोएडा के इस गैलेक्सी ब्लू सफायर मॉल को सुरक्षा कारणों के चलते बंद करने के आदेश दिए हैं। इसके बाद मॉल को चारों तरफ से कवर कर के पुलिस को तैनात कर दिया गया है। घटना से नाराज परिजनों ने मॉल के बाहर प्रदर्शन किया

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने मॉल के कंस्ट्रक्शन सेफ्टी, फायर सेफ्टी और लिफ्ट सेफ्टी की विस्तृत जांच करने के निर्देश भी दिए हैं। पुलिस कमिश्नर की ये कार्रवाई रविवार को हुए हादसे के बाद की गई है। आपको बता दें कि पुलिस की शुरुआती जांच में मॉल प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है। बिसरख थाना में मॉल के मालिक प्रदीप अग्रवाल और शीतल अग्रवाल के साथ मॉल के प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मॉल में हुए हादसे में मॉल के पांचवें फ्लोर से लोहे का ग्रिल करने से माल के कॉमन एरिया में मौजूद हरेंद्र भाटी और शकील की मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है। गैलेक्सी ब्लू सफायर मॉल में हुए हादसे के बाद हादसा देख मॉल के मेंटीनेंस अधिकारी और कर्मचारी ऑफिस छोड़कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि मॉल के पांचवें फ्लोर पर लिफ्ट के चारों तरफ लोहे की ग्रिल से शेड बना हुआ था। दोपहर करीब 12:15 बजे इसी शेड के पीछे और साइड का हिस्सा अचानक टूटकर फर्स्ट फ्लोर पर गिर गया। यहां एस्केलेटर के पास खड़े हरेंद्र भाटी और शकील इसकी चपेट में आ गए।

दोनों गाजियाबाद के रहने वाले थे। आपको बता दें कि रविवार को मॉल के वॉकिंग कॉमन एरिया में अचानक छत से ग्रिल गिर गई थी। जिसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौके पर जान चली गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच की और दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि ग्रिल सीधा मॉल में घूम रहे दो युवकों के ऊपर गिरा, यह इतनी तेजी से गिरा कि उनकी तुरंत ही मौत हो गई। दोनों युवक ऐक्सलरेटर के पास ही खड़े थे। सोमवार को मृतकों के परिजनों ने मॉल के बाहर प्रदर्शन किया। परिजनों ने मांग की है कि घटना के दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाए।

ग्रेटर नोएडा का गैलेक्सी ब्लू सफायर मॉल के बाहर प्रदर्शन करते मृतकों के परिजन।

संक्षिप्त समाचार

सरस मेले में बिक्री का आंकड़ा 13 करोड़ के पार

नोएडा। सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान एनआईआरडीपीआर द्वारा समर्थित सरस मेले के अंतिम दिन सोमवार को भारी संख्या में खरीदारों का जनसैलाब उमड़ा जहां एक ओर लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की, वहीं दूसरी ओर विभिन्न राज्यों के व्यंजनों का स्वाद चखा। एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजी लाल कटारिया ने बताया कि पहली बार यहां करीब 3 करोड़ की सेल हुई थी, जो दूसरी बार में 5 करोड़ पर पहुंची, तीसरी बार यहां करीब 10 करोड़ की सेल हुई थी, मगर इस बार बंपर सेल 13 करोड़ से ऊपर पहुंची है। इसके लिए उन्होंने न सिर्फ नोएडावासियों का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सुधीर कुमार सिंह तथा सुरेश प्रसाद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

फ्लावर फेस्ट में दिखी फूलों की छठा

गाजियाबाद। हॉर्टिकल्चर फ्लोरी सोसायटी द्वारा मॉडल टाउन सेंट्रल पार्क में फ्लावर फेस्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान सीजनल पौधे, फ्लावर के साथ सौ से अधिक प्रजातियों के फूलों की प्रदर्शनी लगाई जिसमें पर्यावरण प्रेमियों ने अवलोकन किया। इस दौरान पर्यावरण का संदेश देती रंगोली व पेटिंग प्रतियोगिता में भी कराई जाएगी। सोसायटी की अध्यक्ष रमा त्यागी ने बताया कि हर वर्ष बडे स्तर पर फ्लावर फेस्ट का आयोजन किया जाता रहा है। पहली बार सोसायटी स्तर पर इसका आयोजन किया गया है जिसका उद्देश्य लोगों में अपने घरों को फूलों व ऐसे पौधों से सजाने के लिए जाग्रत करना है जिससे पर्यावरण को शुद्ध बनाय जा सके। इस दौरान डिजाइनदार गमले के स्टॉल भी लगे तो सेल्फी पाइंट भी बनाया गया।

भाजपा से जुड़ी नारी शक्ति मैदान में उतरी

नोएडा। नोएडा में सुबह गजब का नाजारा देखने को मिला जब भाजपा से जुड़ी नारी शक्ति सड़क पर उतरीं और उन्होंने दौड़ लगाई। महिलाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में भाजपा के नेता इस कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे। मौका था नारी शक्ति वंदन सम्पन्न अभियान के तहत मैराथन दौड़ का। नारी शक्ति वंदन संपर्क अभियान के तहत आज भाजपा महिला मोर्चा ने मैराथन दौड़ का आयोजन किया। सेकड़ों की संख्या में भाजपा नेत्रियों ने सेक्टर.27 सब मॉल से लेकर सेक्टर-18 तक दौड़ लगाई। इस मैराथन दौड़ की थीम थी एक दौड़ राष्ट्र के नामए एक दौड़ मोदी के नाम। कार्यक्रम के संयोजक तथा भाजपा के जिला महामंत्री उमेश त्यागी व गणेश जाटव ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। उन्होंने बताया कि कल बाइक रैली भी निकाली जाएगी। इस मौके पर मोर्चा अध्यक्ष उमेश यादव, महेश अवाना, युद्धवीर चौहान, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, महामंत्री शिवानी शरद, मीडिया प्रभारी नीता बाजपेयी, मंडल अध्यक्ष लोकेश कश्यप, मंडल अध्यक्ष पंकज झा के अलावा सैकड़ों की संख्या में भाजपा की महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

नोएडा के नाले और झाड़ी में मिले दो शव

नोएडा। नोएडा की झाड़ियों में दो शव मिले है। दोनों अलग.अलग थाना क्षेत्र में मिले है। दोनों शव की पहचान हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि दोनों हीर मामलों में पुलिस जांच कर रही है। पहला केस सेक्टर.24 थाना क्षेत्र का है। शव होशियार पुर नाले में मिला। वहां से गुजर रहे लोगों ने शव को देखा। पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। मृतक की जेब से पैन कार्ड मिला, जिसमें सतीश चंद्र पुत्र राम नारायण निवासी पर्थला सेक्टर 122 मूल पता ग्राम नंगला गांजू सहान थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी लिखा है। पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। सेक्टर-44 छलेरा झाड़ियों में एक व्यक्ति गिरा पड़ा था। व्यक्ति की पहचान सुबोध निवासी सेक्टर.44 निकट शिव मंदिर छलेरा हुई।

शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी, 3 गिरफ्तार

- पांच सौ देशों के एक्टिव सिम और फर्जी पासपोर्ट जब्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर भारतीय लोगों से अरबों रुपए की ठगी करने वाले एक चीनी नागरिक सहित तीन लोगों को थाना बिसरख पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इनके पास से 500 से ज्यादा भारत के विभिन्न मोबाइल फोन कंपनियों के एक्टिव सिम, फर्जी पासपोर्ट, विभिन्न देशों की करेंसी, फर्जी दस्तावेज आदि मिला है। पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय सुनीति ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना बिसरख पुलिस ने सेक्टर 168 की एक सोसाइटी में रहने वाले चीनी नागरिक सू यूकिम नेपाली नागरिक कुंग सू तथा गौतमबुद्ध नगर के कचैड़ा के रहने वाले राजीव भाटी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से 500 से ज्यादा विभिन्न भारतीय मोबाइल फोन की कंपनियों के एक्टिव सिम, फर्जी पासपोर्ट, विभिन्न देशों की करेंसी, फर्जी दस्तावेज आदि बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि चीनी नागरिक नेपाली नागरिक और राजीव भाटी तीनों मिलकर भारतीय एक्टिव मोबाइल सिम को कंबोडिया और अन्य देशों में भेज देते थे।

ये लोग इन मोबाइल फोन के सिम का प्रयोग करके भारतीय लोगों से संपर्क करते थे, तथा उन्हें शेयर मार्केट में पैसा इन्वेस्ट करने के लिए प्रेरित किया जाता था। जैसे ही भारतीय व्यक्ति पैसा इनवेस्ट करता था, ये लोग 10 दिन के अंदर उसे दोगुना रकम दे देते थे, जब व्यक्ति लालच में बुरी तरह से फंस जाता था, तब ये लोग उससे लाखों रुपया शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर डलवा लेते थे।

नोएडा प्राधिकरण ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का अभियान लगातार जारी है। सोमवार को प्राधिकरण के सर्किल.10 अगुआई में ग्राम गुलावली में अवैध प्लाटिंग को हटाया गया।

साथ ही जमीन के चारो ओर फेंसिंग करते हुए नोएडा प्राधिकरण की जमीन का बोर्ड लगाया गया। यहां कलोनाइज़र अवैध रूप से प्लाट काटकर लोगों को बेच रहे थे। प्राधिकरण ने चेतावनी दी कि दोबारा यहां प्लाटिंग की गई तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी। गुलावली गांव के खसरा नंबर 794 प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन है। मास्टर प्लान 2031 के अनुसार ये जमीन नियोजित है। जमीन का एरिया करीब 2000 वर्गमीटर है।

इस जमीन पर अवैध रूप से प्लाट काटे जा रहे थे। यहां ईट लगाकर कई प्लाट कांटे गए। इसकी जानकारी प्राधिकरण को मिली। इसके बाद यहां जेसीबी और भारी पुलिस बल के साथ नोएडा प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची। लोगों ने प्राधिकरण की टीम का विरोध किया। कुछ लोग प्लाट के बीच में खड़े हो गए। हालांकि पुलिस के समझाने के बाद वो बाहर आ गए।

पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरों के पैर में को लगी गोली

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

साहिबाबाद थाने के एसएचओ अजय कुमार सिंह की टीम जब हिंडन चौकी क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी तो उसी समय एक ऑटो आता हुआ दिखाई दिया।

पुलिस ने जब उस ऑटो को चेकिंग के लिये रूकने का इशारा किया तो उसमें सवार बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायर करके भागने का प्रयास किया। तब पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गये। उसके बाद श्री सिंह की टीम ने पैरों में गोली लगने से घायल हुए दो बदमाशों को घेरकर दबोच लिया। मुठभेड़ में घायल हुए अंतर्राज्जीय टप्पेबाजों के गैंग के दोनों बदमाशों के पास से लूट की वारदातों से संबंधित हजारों की नगदी, ऑटो व हथियार बरामद हुए। पूछताछ के दौरान दोनों बदमाशों ने अपने नाम आमिर व नदीम निवासीगण टोली मौहल्ला लोनी बताये। साथ ही दिल्ली एनसीआर में टप्पेबाजी व लूट की दर्जनों वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।

घायल बदमाश

इमरजेंसी ब्रेक मारने पर भड़की सवारी, कैब चालक को पीटा

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के दादरी में कैब के चालक ने सवारी और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट और गाली गलौज करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया है।

ग्रेटर नोएडा में हुई इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए भट्टा कॉलोनी भंगेल निवासी अरविंद कुमार ने बताया कि वह ओला कंपनी में टैक्सी ड्राइवर है। 3 मार्च की रात्रि को रोहित नाम के व्यक्ति ने गाजियाबाद के रामजी फॉर्म रेलवे रोड से कैब बुक की थी। उसकी कैब में रामजी फॉर्म से एक पुरुष एक महिला तथा तीन बच्चे बैठे।

सवारियों को लेकर वह गाजियाबाद की तरफ निकल गया। रेलवे पुल पर चढ़ने से पहले एक स्कॉर्पियो वाले ने गड्ढों को बचाने के चक्कर में उसके सामने कट मारा और भाग गया। इस वजह से उसे इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़े। कार में बैठे सवारी ने उस गाड़ी सही तरीके से चलने को कहा। इस पर उसने कहा कि वह दूसरी गाड़ी बुक कर सकते हैं। इतना कहते ही कार में बैठे युवक ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी।

बिस्तर पर मृत मिली महिला, गले पर थे निशान

- पति से अलग रह रही थी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

चोटपुर कॉलोनी में रहने वाली एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर से बरामद हुआ है। महिला के गले पर दबाए जाने के निशान हैं। महिला पिछले कुछ समय से विवाद के चलते अपने पति से अलग रह रही थी। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए थाना सेक्टर-63 पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मूल रूप से बदायूं निवासी पूजा देवी पत्नी वेदपाल चोटपुर कॉलोनी में रहती थी। वह फेस.3 की एक एक्सपोर्ट कंपनी में काम करती थी। रविवार की सुबह पूजा देवी के साथ काम करने वाली महिला ने उसे कई बार कॉल किया लेकिन उसने फोन पिक नहीं किया। इसके बाद महिला पूजा के घर पहुंची जहां पूजा अपने बिस्तर पर बेसुध अवस्था में पड़ी हुई थी। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। महिला ने इसकी सूचना आस-पड़ोस के लोगों को दी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। प्रारंभिक जांच के दौरान पूजा के गले पर दबाए जाने के निशान मिले हैं। जांच में पता चला की पूजा देवी इसलिए कुछ समय से अपने पति से अलग रह रही थी। उन्होंने बताया की मौत के कारणों को पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। इस संबंध में परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। परिजनों ने अभी किसी के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी है। वहीं चर्चा है कि पूजा देवी की हत्या की गई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल कर रही है।

अंतरराज्यीय गैंग के तीन बदमाशों को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

गाजियाबाद। क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी की टीम ने खोड़ा थाना क्षेत्र से अंतर्राज्जीय स्तर पर जियो व एयरटेल जैसी मोबाइल टॉवर्स को निशाना बनाने वाले एक ऐसे गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया, जो दिन में कबाड़ी का काम करते थे और रात के समय मोबाइल टॉवर्स के रेडियो रिसिवरर्स, बैटरे, सैल और अन्य कीमती उपकरण चुराते थे।

क्राइम ब्रांच प्रभारी निरीक्षक अब्दुल रहमान सिद्दीकी की टीम ने मुखबिर की सूचना के बाद जिन तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है उनके नाम मोनिस खान, अनस व सारिम के रूप में हुई है जबकि इनके बाकी साथी फरार है।

ड्रीम लैंड रियल स्टेट के मालिक ने फ्लैट में लगाई फांसी

- कुछ दिन पूर्व ही जमानत पर जेल से आए थे बाहर

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

ड्रीम लैंड रियल स्टेट के मालिक पवन भड़ाना ने पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

बिल्डर कुछ समय पहले जेल से छूटकर जमानत पर बाहर आया था। इस पर अलग-अलग थानों में कई मुकदमे दर्ज थे। मामला सेक्टर 93 स्थित पार्श्व नाथ सोसाइटी की है। यहां पवन भड़ाना अपनी पत्नी और 3 बच्चों के साथ रहते थे। पत्नी ने बताया सोमवार की सुबह जब मैं कमरे में गई तो उनका शव लटकता देखा। शोर सुनकर घर व फ्लैट के अन्य लोग भी पहुंचे और पवन भड़ाना को फंदे से उतारकर यथार्थ अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक के परिजनों से आत्महत्या के कारण जानने का प्रयास कर रही है। जांच में पता चला है कि पवन भड़ाना के खिलाफ पूर्व में धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे हैं।

वह पूर्व में जेल गए थे। साल 2006 में रियल एस्टेट फर्मों में दलाल के रूप में काम करना शुरू किया। इसके बाद इसने आलीशान जिंदगी जीन के लिए उसने विभिन्न फर्मों, कंपनियों मेसर्स संपदा रीयलकॉन प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स ड्रीम लैंड हाई.टेक प्रोजेक्ट्स प्रा लिमिटेड, मेसर्स ड्रीम लैंड म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स ड्रीम लैंड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स ड्रीम लैंड प्रमोटर्स एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स एसपी प्रॉपवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स एएमबी इंफ्रास्ट कंपनियां दिल्ली.एनसीआर में शुरू की। वह इन कंपनियों का निदेशक था। रियल एस्टेट फर्म ड्रीमलैंड प्रमोटर्स एंड कंसल्टेंट प्रा लिमिटेड के जरिए क्रॉसिंग रिपब्लिक, एनएच-24 गाजियाबाद, यूपी में परियोजना लागू करने की बात कहकर लोगों से निवेश करवाना शुरू किया। उसने लोगों से 1.75 करोड़ से ज्यादा निवेश करवा लिए और उसके बाद कंपनी बंद कर गायब हो गया।

इसके बाद रणहौला, सरिता विहार और नजफगढ़ आदि थानों में इसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गईं। इसके बाद ये से फरार हो गया था। पुलिस से बचने के लिए बार-बार छिपने की जगह बदलता रहता था और मोबाइल नंबर बदल लेता था।

लोकसभा टिकट पर सस्पेंस से दावेदारों के चेहरे खिले

- गाजियाबाद से दो बार के सांसद है वीके सिंह

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

भाजपा की 195 उम्मीदवारों की पहली सूची में गाजियाबाद के मौजूदा सांसद जनरल वीके सिंह का नाम नहीं आने से उन चंद नेताओं के चेहरे पर फिलहाल खुशी दिखाई दे रही है जो 2014 से लेकर 2019 तक उनके टिकट कटवाने में लगे रहे, लेकिन गाजियाबाद की जनता जिन्होंने वीके सिंह को दो बार पूरे देश में सबसे अधिक वोटों से जीत दिलाकर संसद भेजा था, जनता को उम्मीद है कि छह मार्च के बाद फिर जनरल साहब को टिकट मिलेगा। जनता का कहना है कि छह के बाद फिर टाइगर दहाड़ेगा। भाजपा ने गाजियाबाद और मेरठ सीट पर प्रत्याशियों के नाम को होल्ड कर सस्पेंस को बढ़ा दिया है।

इन दो सीटों के अलावा चार अन्य सीटों समेत कुल छह सीटों पर प्रत्याशियों के चयन की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है। माना जा रहा है कि 72 वर्ष की उम्र की सीमा को देखते हुए इन सीटों को फिलहाल होल्ड पर कर दिया गया है। इन सीटों पर अब छह मार्च को होने वाले केंद्रीय चुनाव समिति की दूसरी बैठक में मुहर लगेगी। सूत्रों का कहना है कि इन दो सीटों पर कई दौर की चर्चा के बाद ही प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा। मेरठ के सांसद राजेंद्र अग्रवाल और गाजियाबाद के सासंद जनरल वी के सिंह 72 वर्ष की आयु की सीमा को पार कर चुके हैं। पार्टी ने टिकट वितरण की क्राइटेरिया में उम्र सीमा को भी रखा है। लेकिन कहने वाले यह कह रहे है कि मथुरा की सांसद हेमा मालिनी 75 वर्ष की हो गई है, उन्हें तीसरी बार मथुरा सीट से टिकट दिया गया। ऐसे में वी के सिंह को भी टिकट मिलना चाहिए।

वहीं, सूत्रों के अनुसार, भाजपा ने मेरठ सीट पर प्रत्याशी को बदलने का मन बना लिया है। यहां से राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काट कर किसी वैश्य को ही टिकट दिया जा सकता है। टिकट की दौड़ में कैंट विधायक अमित अग्रवाल सबसे आगे बताए जाते हैं। वहीं विनीत अग्रवाल शारदा का भी नाम चल रहा है।

मेरठ में अगर वैश्य को टिकट मिलेगा तो गाजियाबाद में किसी ठाकुर को ही टिकट मिल सकता है। युग करवट ने सबसे पहले गाजियाबाद सीट से भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह के चुनाव लडने की संभावनाओं की खबर प्रकाशित की थी। अब इस खबर पर मुहर लग सकती है। अगर वीके सिंह का टिकट कटता है तो भाजपा ठाकुर बिरादरी से अरुण सिंह को टिकट दे सकती है।

अरुण सिंह की गाजियाबाद के भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच गहरी पैठ है। वे कई बार यहां के कार्यक्रमों में भाग ले चुके हैं। गाजियाबाद के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने हाल ही में अरुण सिंह से मुलाकात भी की है। भाजपा ने शनिवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश की 14 में से 8 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी। पश्चिम की बागपत और बिजनौर सीट रालोद के खाते में जाएगी। ऐसे में भाजपा की ओर से पश्चिम उप्र की सिर्फ चार यानि गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर और मुरादाबाद की सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की जानी है।

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ज्योति रानी पत्नी श्री नवीन कुमार जांगड़ा उक्त संपत्ति Entire First floor (Without Terrace Rights), area measuring 75 Sq. Yds., i.e. 62.5 Sq. Meters., Built-on Part of Property No. 345-A, out of Khasra No. 600/92/1, situated at Govindpuri Kalkaji, New Delhi-110019 की बिक्री विलेख दिनांक 01.07.2017 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 2944 के द्वारा मालिक हैं उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि महिंद्रा & महिंद्रा फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० श्री नौबत राम, जिनकी मृत्यु दिनांक 29.04.1985 को हुई थी, उनके विधिक उत्तराधिकारी श्री रमेश चन्दर, श्री पूरन प्रकाश शर्मा, श्रीमती पूनम हैं। यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हमें इस नोटिस की तारीख से 15 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

PUBLIC NOTICE

My clients, Ashok Kumar S/o - Shambhu Singh and Smt. Kamlesh W/o - Shri Ashok Kumar, both R/o - H. No 149, Gali No- 8 Saboli. Mandoli Delhi - 110093 have severed their all the relations with their both son and daughter In laws namely Sonu Kumar and Savita and other son and daughter in law namely Mohit Kumar and Pooja and debarred them from our all moveable and immovable properties due to misconduct and cruelty of Sonu Kumar, Savlta, Mohit Kumar and Pooja with us.

If. anybody deals with them, they will do so on their own risk and my clients shall not be responsible for any of the done by Sonu Kumar, Savita, Mohit Kumar and Pooja in any manner.

K.K. TYAGI (Advocate)
Ch No. G-221, Karkardooma Court, Delhi-110002

निविदा सूचना

फेरौस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड– (सीआईआरपी में) टॉवर नंबर–बी, डी, ई, एफ, जी, एच, जे, के, एल, एम, एन और ओ कुल 826 फ्लैट्स प्लस ईडब्ल्यूएस फ्लैट प्लस क्लब एरिया / कॉमन एरिया को मिलाकर, के निर्माण और लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए ठेकेदारों से निर्धारित प्रारूप में निविदा आमंत्रित करता है। बुनियादी ढांचा कार्य और क्लब जिसमें सिविल और संरचनात्मक कार्य शामिल हैं। आंतरिक परिष्करण, पूरा एमईपी कार्य (निचली तरफ और ऊंची तरफ), हमारे प्रोजेक्ट फेरौस सिटी– I, सेक्टर–89, फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित ("प्रोजेक्ट"), भूनिर्माण और हार्डस्केपिंग, आंतरिक सड़कें, बागवानी कार्य आदि शामिल हैं नियम एवं शर्तों और पात्रता मानदंडों के साथ विस्तृत निविदा दस्तावेज www.ferrousinfra.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा इच्छुक कंपनियां प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक विजिट के दौरान प्रोजेक्ट का दौरा कर सकती हैं। तकनीकी एवं वित्तीय बोली सहित अलग–अलग निर्धारित प्रारूप में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 15–03–2024 अपराह्न 3 बजे तक है।

श्री आशीष सिंह
दिनांकः 05.03.2024 समाधान पेशेवर
स्थानः नोएडा मैसर्स फेरौस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
यूनिट–2514, 5वीं मंजिल, टावर–ए, द कोरेथम, सेक्टर–62, नोएडा–201301
ईमेलः cirp.ferrousinfra@gmail.com फोनः 9310714230

PUBLIC NOTICE

This general public is hereby informed that our customer Mr. Neeraj Ahuja, is claiming to be the owner of Built up Upper Ground Floor, and First Floor, upto Ceiling Levels, Property Bearing No. 7/33, area of Plot 47.33 sq. meter, (56. 1/2 -sq. yards, on Each Floor), its Plinth Covered area 94.66 sq. mtrs, out of Khasra No. 4959/1042-1043/797 Min, Block No.7, Kunti Marg, Yudhister Gali, Vishwas Nagar, in the Village Chandrawali, illaqa Shahdara, Delhi-110032 by virtue of inheritance and Regd. Gift Deed dated 28.06.2022 vide its Doc. No. 6540 & Sale Deed dated 25.03.2008 vide its Doc. No. 3347 and the boundaries of Property is East- Property No. 7/49, West-Part of Property No.7/33, North- Road 20 ft. wide, South- Property No.7/34 And he declares that there is no dispute pending in respect of said property. Any person who is claiming to have any rights, title, claim or interest, encumbrance, Charge of any nature Whatsoever in respect of the above property or on its parts, he/she, they shall intimate the objection in writing to the undersigned with supporting documents within 7 days from the date of publication of this notice or else any such claims by anyone shall be deemed to have waived and/or abandoned and no claim shall thereafter be entertained.

Adv. Vikram K. Saw, 4E/9, 2nd Floor, Jhandewalan Extension New Delhi-110055, Email: vikshalegal@gmail.com, Landline-011-41255022.

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	तबरेग अली/ सुमन/ LBDEL00002117632	फ्लैट नंबर सी-104, पहली मंज़िल, सुपर स्टूडियो अपार्टमेंट, अपना घर अपार्टमेंट्स, टॉवर-सी, गाँव कुंझाल तहसील, नालागढ़/बद्दी जिला सोलन बद्दी/ मार्च 01, 2024	अगस्त 20, 2020 रु. 9,94,541/-	दिल्ली एनसीआर/ बद्दी हिमाचल प्रदेश

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मार्च 05, 2024 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लि.

विधानसभा में बजट पेश करने जाती वित्त मंत्री आतिशी: फोटो: रंजन डिमरी

दिल्ली बजट: महिलाओं को मिलेंगे हर माह 1 हजार

केजरीवाल का डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा के बाद आधी आबादी को एक और सौगात

संजय राय। नई दिल्ली

बिजली हाफ, पानी माफ और महिलाओं को दिल्ली परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा मुहैया कराने के बाद केजरीवाल सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले मध्य प्रदेश में पूर्ववर्ती शिवराज सिंह चौहान सरकार की लाडली योजना से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली सरकार ने सोमवार को 18 वर्ष से अधिक उम्र से ऊपर वाल सभी महिलाओं के लिए 12000 रुपये की साला देने का ऐलान किया है। योजना का लाभा लेने वाली महिलाओं को दिल्ली का मतदाता होना अनिवार्य है।

दिल्ली में मतदाता के रूप में पंजीकृत महिलाएं जो किसी अन्य सरकारी योजना के तहत लाभ नहीं ले रही हैं, वे इस योजना के तहत पात्र होंगी। महिला न तो सरकारी कर्मचारी होनी चाहिए और न ही आयकरदाता। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि योजना से दिल्ली में करीब 45 से 50 लाख महिलाओं को फायदा होगा। योजना को लोकसभा चुनाव के बाद लागू किया जाएगा।

मुफ्त योजना लोकसभा चुनाव से पहले आई है जब केजरीवाल की अगुवाई में आम आदमी पार्टी दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से चार पर कांग्रेस के गठबंधन सहयोगी के रूप में चुनाव लड़ रही है। इससे पहले बिजली हाफ, पानी माफ और महिलाओं को दिल्ली परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा योजना पहले से चल रही है।

दिल्ली सरकार के एक आंकड़े से पता चला है कि वर्ष 2023-24 में बिजली सब्सिडी के लिए 3250 करोड़ का प्रावधान किया गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 3161 करोड़ रुपये था। इसके अलावा डीटीसी और डीजेबी को मुफ्त की योजना से

बजट अनुमानित: 2024-25



भारी घाटा हो रहा है। दिल्ली विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये का बजट परिव्यय पेश किया गया, जो वर्ष 2023-24 के 74,900 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से 1.47 प्रतिश्त अधिक है।

बजट को राम राज्य से प्रेरित होने का दावा किया गया है। वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को बजट पेश करते ऐलान किया कि केजरीवाल सरकार राष्ट्रीय राजधानी की मतदाता पहचान पत्र रखने वाली 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपये देगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं बधाई देते हुए कहा कि आज के बजट में दुनिया के सबसे बड़े महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा सरकार की योजना राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है। मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना काफी हद तक मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना के समान है, जिसे पिछले साल मार्च में तत्कालीन शिवराज सिंह चौहान सरकार द्वारा शुरू किया गया था, जिसके तहत निम्न और मध्यम वर्ग के घरों की महिलाओं को उनके खातों में 1,000 रुपये हर महीने हस्तांतरित किया जाता है। दिलचस्प बात यह है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के समग्र बजट में पिछले वित्तीय वर्ष में आवंटित 78,800 करोड़ रुपये की तुलना में 3.7 प्रतिशत की कटौती की गई है। साथ ही इस साल के बजट में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों के लिए आवंटन भी कम कर दिया गया है।

केजरीवाल सरकार ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत 2000 करोड़ का प्रावधान किया है। योजना के तहत राष्ट्रीय राजधानी में 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि जब आम आदमी के हाथ में पैसा आता है, तो वह बाजार में चला जाता है। इससे बाजार में मांग पैदा होती है और देश की प्रगति होती है। दिल्ली सरकार का बजट राम राज की अवधारणा से प्रेरित है. इसमें सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है। इसके अलावा, सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के लिए 16,396 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष के 16,575 करोड़ रुपये के आवंटन से थोड़ा कम है। इसी तरह, स्वास्थ्य क्षेत्र का 8,685 करोड़ रुपये का परिव्यय पिछले बजट में निर्धारित 9,742 रुपये से कम है।

बजट में परिवहन क्षेत्र के लिए 6731 करोड़ रुपये, स्थानीय निकायों के लिए 8,241 करोड़ रुपये, दिल्ली जल बोर्ड के लिए 7,195 करोड़ रुपये, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और एससी के तहत विभिन्न योजनाओं के लिए 6,216 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

एसटी, ओबीसी कल्याण विभाग, परिवहन क्षेत्र के लिए 5702 करोड़ रुपये, अगले वित्तीय वर्ष के लिए दिल्ली सरकार की बस सेवाओं के लिए 3,500 करोड़ रुपये, बिजली क्षेत्र के लिए 3,353 करोड़ रुपये, सड़क और फ्लाईओवर के लिए 1,768 करोड़ रुपये, सभी के लिए 664 करोड़ रुपये पोषण संबंधी योजनाएं, अनधिकृत कॉलोनियों के लिए 902 करोड़ रुपये, एमसीडी को 850 करोड़ रुपये, डीटीसी और क्लस्टर बसों के बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने के लिए 510 करोड़ रुपये और दिल्ली मेट्रो के लिए 500 करोड़ रुपये। बजट दस्तावेज के अनुसार, स्थापना व्यय और स्वीकृत बजट अनुमान में अन्य प्रतिबद्ध देनदारियों को 43,600 करोड़ रुपये बढ़ाने का प्रावधान है।

बजट रामराज्य की अवधारणा से प्रेरित : मुख्यमंत्री

● बोले: सभी तबकों और सभी सेक्टरों का ख्याल रखा गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली
मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट में हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है और आम आदमी पार्टी का शासन राम राज्य से प्रेरित है।

बजट में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की गई है। इस योजना को सरल करने के लिए महिलाएं स्व-घोषणा पत्र देंगी। रेंडम तौर पर कुछ की जांच होती रहेगी, लेकिन स्वत: घोषणा पत्र देकर महिलाएं योजना का लाभ ले सकेंगी। लोकसभा चुनाव के बाद इसकी प्रक्रिया चालू हो जाएगी। इसको कैबिनेट में लाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि इस योजना के लागू होने से दिल्ली की अर्थव्यवस्था में बहुत उछाल आएगा। वित्त मंत्री आतिशी द्वारा विधानसभा में बजट पेश किए जाने के बाद अरविंद केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह एक बहुत अच्छा बजट है जिसमें हर तबके के लोगों और प्रत्येक क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बजट परिव्यय में कमी के बारे में पूछे जाने पर कहा, हमें करों के केंद्रीय पूल से एक पैसा भी नहीं मिलता है।

पहले, हमें 325 करोड़ रुपए मिलते थे लेकिन अब वह भी बंद हो गया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए दिल्ली सरकार का बजट परिव्यय पिछले वित्त वर्ष के 78,800 करोड़ रुपए के मुकाबले 76,000 करोड़ रुपए है। बजट में मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को एक हजार रुपए महीना देने की घोषणा पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज का यह बजट उनके लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत भावुक क्षण है। हम बहुत आम और साधारण से लोग हैं।

हम किसी राजनीतिक परिवारों से नहीं आते हैं। मेरे माता-पिता, दादा-दादी और दूर-दूर तक कोई रिश्तेदार राजनीति में नहीं था। हमने कभी जिंदगी में नहीं सोचा था कि राजनीति में आएंगे। दिल्ली वालों का बहुत एहसान था कि उन्होंने हमें इतने बड़े पद पर बैठा दिया और इतनी बड़ी जिम्मेदारी दे दी। वह हमेशा ही कहते हैं कि दिल्ली वालों का यह एहसान वह सात जन्मों में भी पूरा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज का यह बजट रामराज की अवधारणा से प्रेरित है। हम अच्छा अस्पताल दे रहे हैं, अच्छे स्कूल बना रहे हैं, सड़कें बना रहे हैं। सब चीजें कर रहे हैं। दिल्ली के गांवों की जो सड़कें हैं, उनकी थोड़ी सी अनदेखी रह गई थी। इस बार उसके लिए अलग से बजट का प्रावधान किया है। दिल्ली के गांव-देहात की सड़कों पर ध्यान दिया जाएगा। गांवों की सड़कों का निर्माण जोर-शोर से कराया जाएगा।

'हर परिवार का बेटा-भाई बनकर ध्यान रखने की कोशिश'

केजरीवाल ने कहा कि जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, हमने कभी भी इसको राजनीति और सरकारी कामकाज की दृष्टि से नहीं देखा। जैसे मेरा अपना परिवार है। मेरे माता-पिता, बच्चे और पत्नी मेरे साथ रहते हैं। वह जैसे अपने परिवार का ख्याल रखता हूं, ऐसे ही कोशिश की है कि दिल्ली में रहने वाले हर परिवार का हिस्सा बनकर, चाहे उनका भाई या बेटा बनाकर उनका ख्याल रखें। जितने बच्चे हैं, मैं उनको अपना बच्चा मानकर अच्छी से अच्छी शिक्षा देने की कोशिश की है। महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह की सम्मान राशि देने के लिए वह कई सालों से काम कर रहे थे। जाहिर तौर पर इस पर काफी पैसे का खर्च आएगा।

झूठी घोषणाओं का कागजी पुलिंदा: बिधूड़ी

● राम मंदिर का विरोध करने वाले राम का नाम लेकर कर रहे हैं पाखंड : नेता प्रतिपक्ष

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बजट को झूठी घोषणाओं का कागजी पुलिंदा बताया है। उन्होंने कहा कि जो लोग राम मंदिर का विरोध करते रहे हैं, अब उन्हें भगवान श्रीराम की याद आ रही है। शर्मनाक बात यह है कि बजट भाषण में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भगवान श्रीराम से तुलना की गई जबकि भ्रष्टाचार के अनेक आरोपों का उनसे जवाब नहीं दिया जा रहा है।

इसी तरह भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद रहे और इन दिनों चिकित्सा आधार पर जमानत पर बाहर आए आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन की हनुमान जी से तुलना भी निंदनीय है। भाजपा विधायक दल इस पर वित्तमंत्री आतिशी से माफी की मांग करेगा।

बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बिधड़ी ने सबसे पहले बजट में भगवान श्रीराम के नाम का इस्मेमाल करने को असम्मानजनक बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं श्रीराम मंदिर के निर्माण का विरोध करते रहे हैं। उनके एक मंत्री ने हिंदू देवी-देवताओं के प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया और वह आज तक पार्टी में बने हुए हैं। यही नहीं, कांग्रेस ने भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाया और राम मंदिर के निर्माण का अदालत में विरोध किया।

आज तक कांग्रेसी नेता अयोध्या में श्रीराम के दर्शन करने नहीं गए। आज आम आदमी पार्टी उसी कांग्रेस के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रही है और जब सारा विश्व श्रीराम के समक्ष नतमस्तक है तो दिल्ली के बजट को राममय करने का पाखंड किया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वित्त मंत्री के लंबे और उबाऊ बजट भाषण के प्रति किसी ने भी रूचि नहीं दिखाई। बजट केवल कागजी घोषणाओं का पुलिंदा बनकर रह गया है। वर्ष 2022 में रोजगार बजट पेश किया गया था लेकिन एक व्यक्ति को भी रोजगार नहीं मिला और सरकार ने उसके बारे में फिर कोई बात नहीं की।

आवारा कुत्ते के हमले में 50 लाख मुआवजे पर कोर्ट ने मांगा जवाब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजधानी में पिछले माह कुत्तों के एक झुंड का शिकार हुई डेढ़ वर्षीया बच्ची के पिता की 50 लाख रुपए के मुआवजे संबंधी याचिका पर सोमवार को अधिकारियों का रुख जानना चाहा। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि आवारा कुत्ते खतरा बनते जा रहे हैं।

तुगलक लेन इलाके में धोबी घाट स्थित अपने घर के बाहर बैठी डेढ़ वर्षीय बच्ची पर चार-पांच कुत्तों ने हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के साथ-साथ दिल्ली सरकार तथा पुलिस को नोटिस जारी किए और यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों के संबंध में उनसे स्थिति रिपोर्ट मांगी कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। समस्या यह है कि लोग वाहनों में आ रहे हैं और कुत्तों को खाना खिला रहे हैं। इसकी वजह से कुत्ते बहुत अधिक स्थानीय हो गए हैं और वे किसी पर भी हमला कर देते हैं। अदालत ने कहा, आवारा जानवरों को खाना खिलाना अच्छी बात हो सकती है लेकिन खुद खाना ढूंढने की उनकी क्षमता आप छीन रहे हैं।

ईडी के सामने एक बार फिर पेश नहीं हुए केजरीवाल

● सूत्रों के अनुसार नौवां समन जारी कर सकती है जांच एजेंसी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय के आठवें समन के बाद भी सोमवार को पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए और 12 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेशी की इच्छा जताई।

प्रवर्तन निदेशालय केजरीवाल के जवाब की समीक्षा कर रही है। सूत्रों के अनुसार एजेंसी केजरीवाल को डिजिटल माध्यम से पेश होने की अनुमति नहीं दे सकती और पूछताछ के लिए उन्हें नौवां समन जारी कर सकती है। केजरीवाल ने मीडिया से कहा कि कानून में लिखा है कि ईडी की कार्यवाही न्यायिक कार्यवाही की तरह है। उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि एजेंसी एक अदालत की तरह है। अदालत में, किसी भी पक्ष को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित होने की अनुमति है। अगर मैं वीडियो कॉन्फ्रेंस के लिए कह रहा हूं, जो मेरा अधिकार है, तो मुझे उम्मीद है कि वे इसकी अनुमति देंगे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी किए आठवें समन के बाद भी सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए लेकिन उन्होंने कहा कि वह 12 मार्च के बाद वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एजेंसी के सामने पेश होने को तैयार हैं। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय में सूत्रों ने बताया कि एजेंसी केजरीवाल के जवाब की समीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी केजरीवाल के डिजिटल माध्यम से पेश होने के अनुरोध को स्वीकार नहीं कर सकती और मामले में पूछताछ के लिए उन्हें नौवां समन जारी कर सकती है।

आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी का इरादा पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के बीच गिरफ्तार करना है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है लेकिन निर्वाचन आयोग ने अभी इस संबंध में घोषणा नहीं की है। केजरीवाल ने ईडी द्वारा जारी इन समन को अवैध बताया है।

खंडेलवाल ने चांदनी चौक में शुरू किया जनसंपर्क

● कार्यकर्ताओं, व्यापारियों और लोग लगातार दे रहे बधाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के चाँदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल ने शनिवार रात भाजपा नेतृत्व द्वारा उनकी घोषणा होने के बाद से ही अपने लोकसभा क्षेत्र में लोगों से मिलने का अभियान शुरू कर दिया है। इससे पहले खंडेलवाल के नाम की घोषणा होने के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं, व्यापारियों और लोग लगातार बधाई दे रहे हैं।

अशोक विहार में रविवार को लोकसभा क्षेत्र के एक हज़ार से अधिक कार्यकर्ताओं ने प्रवीन खंडेलवाल का ज़ोरदार स्वागत किया और टिकट देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर चाँदनी चौक लोकसभा चुनाव के प्रभारी राजेश भाटिया, चुनाव संयोजक अशोक गोयल देवरहा, चांदनी चौक जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह तथा केशवपुरम जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

खंडेलवाल ने सोमवार को भाजपा के नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत रन फॉर मोदी कार्यक्रम ब्रिटानिया चौक से शुरुआत की जिसमें 500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

लेखी ने बांसुरी स्वराज को दिया जीत का आशीर्वाद

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की नई दिल्ली से लोकसभा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी से मार्गदर्शन के लिए एक शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया। लेखी ने सुश्री स्वराज को उनके उम्मीदवारी पर बधाई दी और उनके चुनाव अभियान में सभी सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

सम्पत्ति कर विभाग मार्च में सातों दिन खुलेंगे : एमसीडी

● 31 मार्च तक सभी संपत्तियों का जियो-टैग कराना आवश्यक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

संपत्ति कर विभाग मार्च में सप्ताह में सातों दिना खुलेंगे। दिल्ली नगर निगम संपत्ति करदाताओं का संपत्तिकर जमा कराने, जिओटैगिंग, पंजीकरण व यूपीआईसी बनाने में सुविधा प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है।

इसके बावजूद बड़ी संख्या में संपत्ति मालिकों ने अभी भी वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है। इसके मद्देनजर दिल्ली नगर निगम ने लोगों को सलाह दी जाती है कि वे समय पर संपत्ति कर का भुगतान करें और दंडात्मक कार्रवाई से बचें। समय पर संपत्तिकर जमा करने पर 10 हजार तक के ऑनलाइन भुगतान पर 2प्रतिशत का लाभ मिलता है। एमसीडी ने कहा कि अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना और असुविधा से बचने के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए तुरंत कर का भुगतान करें। दिल्ली नगर निगम के अनुसार, जिन करदाताओं ने संपत्ति खरीदी है लेकिन उसे एमसीडी पोर्टल पर पंजीकृत नहीं किया है, उन्हें एमसीडी की वेबसाइट पर लॉग इन करके अपनी संपत्ति पंजीकृत कराने को कहा है। इसके अलावा, निगम ने उन संपत्ति कर बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की है जिन्होंने जानबूझकर कर का भुगतान नहीं किया है। 700 से अधिक संपत्तियों को कुर्क, सील कर दिया गया है या ऐसे डिफॉल्टरों के बैंक खाते फ्रीज, अटैच कर दिए गए हैं। निगम ऐसे डिफॉल्टरों की प्रॉपर्टी की नीलामी की भी तैयारी में है। इसलिए, ऐसे कर बकाएदारों को सलाह दी जाती है कि वे तुरंत अपना बकाया भुगतान करें। इसके अलावा, एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी संपत्तियों को जियो-टैग किया जाना आवश्यक है और जियो-टैगिंग की अंतिम तिथि 31 मार्च है।

यदि करदाता अपनी संपत्ति को जियो-टैग करने में विफल रहता है, तो वह अगले वित्तीय वर्ष (2024-25) में 30 जून, 2024 तक कर के एकमुश्त भुगतान पर छूट का लाभ नहीं उठा सकता है।

सभी करदाताओं, जिन्होंने अभी तक अपनी संपत्तियों को जियो-टैग नहीं किया है, वे 31 मार्च, 2024 तक अपनी संपत्ति को जियो-टैग करने को कहा। संपत्तिकर विभाग के कार्यालय 31 मार्च तक (राजपत्रित अवकाश) को छोड़कर सभी शनिवार और रविवार को खुले रहेंगे।

एनडीएमसी की वित्तीय स्थिरता से एए प्लस क्रेडिट रेटिंग कायम

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने मजबूत वित्तीय स्थिति को दर्शाते हुए लगातार एए प्लस क्रेडिट रेटिंग हासिल की है। चालू वर्ष के लिए यह क्रेडिट रेटिंग मेसर्स केयर रेटिंग द्वारा की गई है और इसके द्वारा एनडीएमसी को एए प्लस रेटिंग की पुष्टि की गई है।

एनडीएमसी भारत की उन बहुत कम नगर पालिकाओं में से एक थी, जिसने वर्ष 2017-18 में एए प्लस की क्रेडिट रेटिंग हासिल की थी, और वही रेटिंग आज तक स्थिर है। केयर रेटिंग एजेंसी की स्थापना 1993 में हुई थी, यह भारत की अग्रणी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में से एक है। यह भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के तहत पंजीकृत है।

मानवता का सच्चा पाठ पढ़ाता है ब्रह्मकुमारी सेंटर : नवीन गोयल

ब्रह्मकुमारी सेंटर सेक्टर-12ए में किया सुख शांति भवन का उद्घाटन

ब्रह्मकुमारी सेंटर सेक्टर-12ए में सुख शांति भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में बोलते भारतीय जनता पार्टी हरियाणा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने सोमवार को ब्रह्मकुमारी सेंटर सेक्टर-12ए में सुख शांति भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने सुख शांति भवन का उद्घाटन करते हुए संस्था के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा जिला सचिव गगन गोयल, एसपी शर्मा, विकास, ओम शांति सेंटर से मुख्य वक्ता आशा दीदी, सेक्टर-12 की संचालिका सुमन दीदी, पुष्पा दीदी भी मौजूद रहीं।

अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि ब्रह्मकुमारी सेंटर मानवता का सच्चा पाठ पढ़ाता है। यहां से जुडने वाले हर व्यक्ति के भीतर सकारात्मक विचारों का संचार होता है, जो कि सुख-शांति का मानक है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में शांति का संदेश देने वाला यह संस्थान लाखों लोगों को अपने साथ जोडक़र समाज के हर विषय पर काम कर रहा है। पर्यावरण भी इनके मुख्य एजेंडे में रहता है तो जल ही जीवन पर भी संस्थान काम करता है। अच्छे विचारों का भी यहां संदेश मिलता है तो मनुष्य का इस संसार में आने का उद्देश्य भी संस्थान में आकर वरिष्ठजनों के विचारों से पता चलता है। नवीन गोयल ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के, मान-बड़ाई के, बिना किसी चकाचौंध के यह संस्थान अपने गठन के उद्देश्य को लगातार पूरा करता है। देश को आगे बढ़ाने की सोच के साथ ब्रह्मकुमारी संस्थान काम करता है। समाज में ऐसे संस्थानों की बहुत जरूरत है। दूसरों के लिए जीने की सोच यहां विकसित होती है।

उन्होंने कहा कि परमपिता ने ब्रह्मकुमारी संस्थान के रूप में जो पौधा लगाए था, उसकी आज करोड़ों टहनियों के रूप में ब्रह्मकुमार, ब्रह्मकुमारी के रूप में समाज को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज से कुछ लेने की सोच नहीं बल्कि समाज को बहुत कुछ देने की सोच के साथ ब्रह्मकुमारी संस्थान के कार्यों को सदा उच्च स्तर पर भी सम्मान मिलता है। आशा दीदी ने कहा कि हमें अपने जीवन में इतने अच्छे कार्य करने चाहिए कि उन अच्छे कार्यों की सुगन्ध चारों दिशाओं में फैले। जीवन में अच्छाइयों को ही फैलाना चाहिए। प्रयास रहे कि बुराईयों से हम दूर ही रहें। अपनी पीढियों को, अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार दें।

लैब अटेंडेंट मुख्यमंत्री आवास पर कल एक दिन का रखेंगे उपवास

अपनी मांगों को लेकर एकत्रित लैब अटेंडेंट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

लंबित पड़ी मांगों का समाधान न होने पर बुधवार कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास कबीर कुटीर पर एक दिन का उपवास करने रखने का निर्णय लिया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र प्योंत व प्रदेश महासचिव सुनील राणा ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि कंप्यूटर लैब अटेंडेंट गत 14-15 वर्षों से राजकीय विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिनका वेतन वर्तमान में 12 हजार रुपये है, जो कई माह बाद दिया जाता है। इन कर्मियों को आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष पांच जून को स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वार्ता कर भारतीय मजदूर संघ की अगुवाई में लंबित मांगों के समाधान पर विचार किया गया था, जिसमें कंप्यूटर लैब अटेंडेंट को 17 हजार वेतन, अवकाश का वेतन व एक हजार रुपए मेडिकल सुविधा देने पर सहमति बनी थी। अब आठ माह बीत जाने के बाद भी फाइल को वित्त विभाग से मंजूरी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ व कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ प्रदेश सरकार के मंत्री, अधिकारियों से बार-बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

नायब तहसीलदार विवाद एसडीएम दरबार में पहुंचा

सोहना। नायब तहसीलदार को अपशब्द कहे जाने और रिश्वत लेने का मामला एसडीएम दरबार में पहुंचा। एसडीएम जल्द ही इस मामले नायब तहसीदार और आरोपी को बुलाकर पूछताछ करेंगे। नायब तहसीलदार लछीराम के कार्यालय में 29 फरवरी को जमीन पंजीकृत कराने के दौरान शहर निवासी राकेश जैन व कशिश जैन से हुआ वाद-विवाद का मामला एसडीएम दरबार में पहुंच गया है। उक्त उपजे मामले में एसडीएम सोनू भट भी पुलिस के साथ-साथ अपने स्तर पर जांच करेगे। मामले को लेकर एसडीएम सोनू भट जल्द ही नायब तहसीलदार लछीराम व अपशब्द कहे जाने के आरोपी राकेश जैन और उसके पुत्र कशिश जैन को जल्द ही पूछताछ के लिए बुलाएंगे। हालाकी अभी इसके लिए एसडीएम ने दिन या तारीख तय नहीं की है। एसडीम सोनू भट ने बताया कि वह उन कागजातों की भी गहराई से जांच करेंगे। जिन पर हस्ताक्षर को लेकर यह विवाद उपजा। इसके साथ आरोपी राकेश जैन और कशिश जैन को गुस्सा आने का कारण क्या रहा। नायब तहसीदार के साथ ऐसी कौन सी बात हुई। जिससे अधिकारी और आरोपियों के बीच बहस का कारण बना। एसडीएम ने बताया कि नायब तहसीदार लछीराम द्वारा रजिस्ट्री पंजीकृत न करने के कारणों को भी जांचा व परखा जाएगा।

आईजी स्कूल के बेबी शो में नन्हे मुन्नों ने मचाया धमाल

कैथल। इंदिरा गांधी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में बेबी शो का आयोजन किया गया जिसमें 200 बच्चों में भाग लिया। उनमें से 10 बच्चों ने तत्काल ही विद्यालय में दाखिला भी लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान जेबी खुरानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में तथा उप प्रधान सुभाष शर्मा, अमिता खुरानिया, अनीता खुरानिया, पूनम खुरानिया, शिवानी खुरानिया ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करके समारोह की शोभा में चार चांद लगाए। प्रधानाचार्या वीना अग्रवाल व उप प्रधानाचार्या रंजू गुप्ता ने समारोह में आए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंतर्गत 2.5 वर्ष आयु वर्ग से 5.5 वर्ष तक के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके सभी अभिभावकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से किया गया। तत्पश्चात प्रथम वर्ग के 2.5 वर्ष से 3.5 वर्ष के बच्चों ने कविताओं का गायन करके सभी श्रोताओं को हंसा हंसा कर लोटपोट कर दिया। 3.5 से 4.5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने फैंसी ड्रेस के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। 4.5.से 5.5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की नृत्य कला ने सबको हैरान कर दिया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के विद्यार्थियों ने भंगड़ा व मदारी के खेल आदि करतब दिखाकर भी दर्शकों का मनोरंजन किया। समारोह के अंत में प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। प्राध्यापिका मीनू गुप्ता, कीर्ति आहूजा, आशु सहगल व कुमारी शीतल ने मंच संचालन का कार्यभार सुचारू रूप से संभाला। प्राध्यापिका कुसुम गुप्ता, निशा गोयल, ललिता हरित, गीता शर्मा व प्रीति गुप्ता ने जजमेंट का कार्य भार संभाला।

सीएम वर्चुअल माध्यम से करेंगे 19 परियोजनाओं का उद्घाटन

कैथल। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सात मार्च को जिले में 15 करोड़ 34 लाख 56 हजार रुपये की 15 परियोजनाओं को उद्घाटन एवं करीब 86 करोड़ 50 लाख की 4 परियोजनाओं को शिलान्यास करेंगे। डीसी बताया कि जिले के 15 गांवों ढांड, कौल, फरल, अजीमगढ़, बुढ़नपुरा गुजरान, भानपुरा, पाडला, क्योड़क, चौशाला, बदनारा, बुच्ची, खेड़ी गुलाम अली में अमृत प्लस सरोवर योजना के तहत बने सरोवरों का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा फतेहपुर पूंडरी में 10 करोड़ 83 लाख रुपये से बनने वाली तहसील बिल्डिंग, लदाना चक्कू गांव में 32 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से बनने वाले राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजौंद में 29 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से बनने वाले राजकीय महाविद्यायल तथा कलायत विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 6 सड़कों की करीब 14 करोड़ 14 लाख रुपये से मुरम्मत के कार्य का शिलान्यास करेंगे।

वंचित रहे लाभार्थी आठ मार्च तक प्राप्त करें राशन

कैथल। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि जो लाभार्थी मास फरवरी, 2024 का राशन प्राप्त करने से वंचित रह गए हैं, वे अपना राशन 8 मार्च 2024 तक डिपो धारकों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी भी लाभार्थी को राशन वितरण के संबंध में कोई शिकायत है तो संबंधित क्षेत्र के सहायक खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अधिकारी, निरीक्षक, उप-निरीक्षक खाद्य एवं पूर्ति अथवा खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक कैथल या मुख्यालय पर उपस्थित राज्य उपभोक्ता सहायता केंद्र के टोल फ्री नंबर 1800-180-2087 या 1967 बीएसएनएल पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

सेवा ट्रस्ट यूके ने 2 वर्ष में 65 रक्तदान शिविरों में किया सहयोग

कुरुक्षेत्र। महा शिवरात्रि पर्व के पावन उपलक्ष में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) और प्रयास समाज सेवा संस्थान के तत्त्वावधान में गांव सुभरी में रक्तदान शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद चेयरमैन राजेश लाडी रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व विधायक राजबीर बराडा ने की। शिविर में इलाके के युवाओं ने उत्साह पूर्वक 41यूनिट रक्तदान किया। मुख्य सहयोगी एडवोकेट संदीप सैनी ने कहा कि मानवता की सेवा के लिए रक्तदान से बढ़कर दूसरा कोई पुनीत कार्य नहीं है, इसलिए हम सभी को यह पुनीत कार्य करना चाहिए। उन्होंने खुद भी रक्तदान कर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस शिविर के आयोजन में विशेष सहयोग के लिए सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल, स्टेट कोआर्डिनेटर पवन पराशर और खंड कोऑर्डिनेटर गुरदेव बराडा का आभार जताते हुए कहा कि सेवा ट्रस्ट का समाज सेवा में सराहनीय सहयोग है। पराशर ने बताया कि सेवा ट्रस्ट मात्र दो सालो में 65 रक्तदान शिविरो में विशेष सहयोग कर चुका है। उन्होंने कहा कि रक्तदान बहुत ही नेक कार्य है, रक्तदान से आप किसी जरूरतमंद की जान बचाते हैं। उन्होने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया और को-स्पांसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से जूस पेक उपहार स्वरूप भेंट किए।

येस बैंक दिल्ली की शाखा से साइबर ठगों को दिए जाते थे फर्जी अकाउंट, तीन अरेस्ट

गुरुग्राम। साइबर पुलिस ने यस बैंक की दिल्ली शाखा के एक शाखा प्रबंधक समेत तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है, जो फर्जी तरीके से खाते खोलते थे। फिर पैसे लेकर साइबर जालसाजों को बेच देते थे। पुलिस ने आरोपियों को अदालत से चार दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद मुकीम, अनिकेश और रोहसन कुमार के रूप में हुई है। ये तीनों बिहार के मूल निवासी हैं और फिलहाल दिल्ली में रहते थे। आरोपी मोहम्मद मुकीम यस बैंक की लाजपत नगर, दिल्ली शाखा का शाखा प्रबंधक था जबकि अंकेश और रोशन कुमार यस बैंक में सेल्स ऑफिसर के रूप में कार्यरत थे।

प्रियांशु दीवान एसीपी साइबर ने कहा कि पिछले साल एक गुरुग्राम निवासी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 10 अप्रैल को उनके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने बताया कि वे फेडेक्स से कॉल कर रहे थे और उनका एक पार्सल सीमा शुल्क विभाग द्वारा जब्त कर लिया गया है। इसमें अवैध वस्तुएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वे मामले की रिपोर्ट करने के लिए उसकी कॉल को मुंबई पुलिस को स्थानांतरित कर देंगे और मामले से उसका नाम हटाने के नाम पर उन्होंने उससे 921500 रुपये ठग लिए। साइबर अपराध पुलिस स्टेशन, पूर्व में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, ईस्ट के स।ह इंस्पेक्टर जसवीर के नेतृत्व में एक टीम ने आखिरकार उपरोक्त धोखाधड़ी में शामिल इन तीन आरोपियों को शनिवार की रात दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया।

एसीपी साइबर प्रियांशु दीवान के मुताबिक : आरोपी यस बैंक में विभिन्न पदों पर कार्यरत थे। ये फर्जी तरीके से फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक में खाते खुलवाते थे।

खाने के बाद माउथ फ्रेशनर के सेवन से पांच लोग हुए बीमार

गुरुग्राम। यहां सेक्टर-90 स्थित एक रेस्तरां में खाना खाने के बाद माउथ फ्रेशनर के सेवन से पांच लोग बीमार हो गए। माउथ फ्रेशनर से उनके मुंह में जलन होने के साथ खून भी और उल्टियां भी लग गई। पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि उनकी रेस्तरां में किसी ने मदद तक नहीं की। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ितों की शिकायत पर रेस्तरां मालिक व स्टाफ के साथ खेड़कीदौला थाना में केस दर्ज किया गया है। सोमवार को पुलिस इस घटनाक्रम में जांच करती रही।

जानकारी के अनुसार ग्रेटर नोएडा निवासी अंकित कुमार ने पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत में कहा गया है कि शनिवार रात वह अपनी पत्नी नेहा सभरवाल, अपने दोस्त माणिक गोंडका और उनकी पत्नी प्रितिका रुस्तगी, दीपक अरोड़ा और उनकी पत्नी हिमानी के साथ डिनर के लिए गए थे। उन्होंने कहा कि फॉरेस्टा कैफे और रेस्तरां, सेक्टर-90 में सफायर- 90 में स्थित है। रात के खाने के बाद अमृतपाल कौर नाम के रेस्तरां के एक वेटर ने हमें माउथ फ्रेशनर दिया। वह अपनी एक साल की बेटी को गोद में लिए हुए थी। इसलिए उसने माउथ फ्रेशनर नहीं खाया। उसके साथ गए अन्य सदस्यों ने व उसकी पत्नी ने माउथ फ्रेंशनर खाया तो उनकी तबीयत खराब होने लगी। उसने रेस्तरां में पूछा कि आपने हमें क्या खिलाया है। वेटर ने वह खुला पॉलिथीन पैकेट हमारे सामने रख दिया और मैंने वह खुला पैकेट अपने कब्जे में ले लिया। हम पांचों की तबियत बहुत खराब लग रही थी। बेहद खराब हालत में होने के बावजूद रेस्टोरेंट स्टाफ ने हमारी मदद नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। सभी को अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर को माउथ फ्रेशनर का पैकेट दिखाया गया, जिसे डॉक्टर ने सूखी बर्फ बताया। डॉक्टर के मुताबिक, यह एक घातक एसिड है, जिससे व्यक्ति की मौत भी हो सकती है।

आप पार्टी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

क्षेत्र में बढ़ते अपराध को लेकर आप पार्टी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र में अमन चैन बनाएं रखने तथा अपराध पर अंकुश लगाने की मांग की है। सोमवार को आप आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने ब्लाक अध्यक्ष अभि राघव की अध्यक्षता में बाजार में रैली निकाली। जिसे शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चैक से शुरु किया।

रैली में 15 से 20 पार्टी के कार्यकर्ता और पदअधिकारी शामिल थे। जिन्होने एसडीएम कार्यालय में पहुंच ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अभि राघव ने एसडीएम से क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने की मांग की। उन्होने कहा कि शहर चोरियां बढ़ने लगी है। लड़ाई झगड़ा करने वाले युवक सरेआम लोगों पर जान लेवा हमले कर रहे है। प्रशासन अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने से कतरा रहा है। महिलाओं से चैन स्नेचिंग और मोबाइल लूटमार की वारदातें भी बढ़ रही है। यदि अपराध इसी तरह से बढ़ता रहेगा। आम लोग व महिलाएं अपने घरों में कैद होने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

> **पुलिस** को साथ लेकर अपराध को खत्म करने के इरादे से अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में पुलिस के साथ जल्द ही बैठक करके कानून व्यवस्था को बनाने पर जोर दिया जाएगा। शहर में लगे नाकों पर पुलिस को तैनात किया जाएगा। अपराधियों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा।
>
> **(सोनू भट-एसडीएम सोहना)**

पं. सुभाषचंद्र घोष ने नवस्वर रागिनी वीणा पर छेड़ी स्वर लहरियां

प्रकृति के हर तत्व में मौजूद है संगीत : हितेश कुमार मीणा

राजकीय कन्या महाविद्यालय में सजी संगीत की महफिल

राजकीय कन्या महाविद्यालय में सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से आयोजित सुरों की महफिल में वीणा वादन प्रस्तुत करते हुए पं. सुभाष चंद्र घोष

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

संगीत प्रकृति के कण-कण में विद्यमान है। संगीत कला से हमें जीवन में अनुशासन, परस्पर सहयोग और सही निर्णय लेने की प्रेरणा मिलती है। संगीत बिना बोले अपने विचारों को अभिव्यक्त करने की क्षमता रखता है। यह बात सोमवार को सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के सभागार में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से आयोजित सुरों की महफिल कार्यक्रम में एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कही। इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ पं. सुभाषचंद्र घोष ने नवस्वर रागिनी वीणा पर शास्त्रीय संगीत की स्वर लहरियां छेडक़र श्रोताओं को मदमस्त कर दिया। मुख्य अतिथि ने देवी सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर इस महफिल का आगाज किया। उनके साथ कॉलेज प्राचार्य डॉ. जितेंद्र मलिक व जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार मौजूद रहे। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने इस मौके पर कहा कि विद्यार्थी को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर पूरे जी-जान से उसे हासिल करने का प्रयत्न करना चाहिए। किसी प्रकार की कोई कठिनाई सामने आती है तो बगैर भय और चिंता के उसका सामना करना चाहिए। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने पं. सुभाष चंद्र घोष व उनके साथी कलाकार सुरेश शर्मा, यूनूस हुसैन खान को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र मलिक ने अतिथिगण का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय संगीत जीवन के आत्मिक रस को महत्व देता है, जबकि पश्चिमी संगीत में केवल सौंदर्य बोध है। उन्होंने कहा कि संगीत की शास्त्रीय विधा मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। कार्यक्रम में पं. सुभाषचंद्र घोष ने श्रीराम वंदना, राग यमन एवं राग बसंत की धुन सुनाकर श्रोताओं को आत्म विभोर कर दिया। संगीत विभाग की प्रमुख डॉ. ललिता सहगल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लोकेश शर्मा, कुमार शुभाशीष पाठक, डॉ. अनु इंदौरा, डॉ. रश्मि, डॉ. निशा हुड्डा, धर्मेंद्र, विकास शर्मा, डॉ. राधा शर्मा, अंजलि यादव, संगीता, इत्यादि उपस्थित रहे।

बूरा सिरोही खाप सामाजिक बुराइयों के खिलाफ चलाएगा जागरूकता अभियान

कुरुक्षेत्र। सर्व बूरा सिरोही खाप भारतवर्ष के अध्यक्ष व किरमच के सरपंच रणबीर सिंह बूरा ने कहा है कि सर्व बूरा सिरोही खाप का 11वां वार्षिक स्थापना दिवस जिला भिवानी के गांव प्रेमनगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के दौरान समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान समस्त बूरा खाप की तरफ से किसान आंदोलन का पुरजोर समर्थन किया गया। प्रधान रणबीर बूरा ने बताया कि समारोह के दौरान समाज के लोगों में विभिन्न विषयों को लेकर गहनता से चर्चा हुई और युवाओं को नशे के प्रति जागृति, महिला शिक्षा व नारी उत्थान, आज के युग में संयुक्त परिवारों का महत्व, दहेज प्रथा व पाखंड और अंधविश्वास के खिलाफ प्रचार, सामाजिक सौहार्द व भाईचारा बनाए रखने पर विशेष रूप से जोड़ दिया गया। रणबीर बूरा ने कहा कि सम्मेलन में समझ में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जिसमें दहेज रहित शादी करने वाले परिवारों, खेल में उत्कृष्ट योगदान देने वाले खिलाड़ियों, पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान देने वाले व समाज में विशेष योगदान देने वाले लोगों को विशेष रूप से सिरोही रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

हारमन ने अपने ग्राहकों के लिए वास्तविक ऑडियो गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए, भारत में बेचे जा रहे नकली जेबीएल कार ऑडियो प्रोडक्ट्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, हारमन ऑटोमोटिव, उपभोक्ता और एंटरप्राइज़ बाजारों के लिए कनेक्टेड टेक्नोलॉजीस पर ध्यान केंद्रित करते हुए, उन अवैध मैन्युफैक्चरर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, रिटेलर्स और डीलर्स के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर रही है, जो भारत में नकली जेबीएल प्रोडक्ट्स की बिक्री और निर्माण में शामिल हैं।

कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ हारमन की जांच टीम द्वारा हाल ही में छापेमारी की गई है। इस दौरान, नई दिल्ली स्थित कश्मीरी गेट के विभिन्न स्थानों पर कार एक्सेसरीज़ की दुकानों से नकली जेबीएल कार ऑडियो प्रोडक्ट्स के स्टॉक पाए गए, जिसके परिणामस्वरूप सभी रिटेल स्टोर्स से नकली जेबीएल कार स्पीकर्स जब्त कर लिए गए। हारमन ने इन अपराधियों के खिलाफ उचित आपराधिक कार्रवाई की है। इतना ही नहीं, यह पूरे भारत में नकली प्रोडक्ट्स के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए सबंधित कानूनी कार्रवाई को जारी रखने के लिए दृढ़ है।

विक्रम खेर, वाइस प्रेसिडेंट, लाइफस्टाइल, हारमन इंडिया, ने कहा, हारमन के सिद्धांतों को प्रखर रखते हुए, हम अपने ग्राहकों के लिए उच्चतम गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स की पेशकश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यदि गैर-कानूनी बिक्री की वजह से हमारी प्रतिबद्धता को थोड़ा बहुत भी खतरा होता है, तो ऐसी चिंताओं के समाधान के रूप में, हारमन हर हाल में तत्काल कार्रवाई करने का दृढ़ संकल्प रखता है। जो भी व्यक्ति इन नकली प्रोडक्ट्स की बिक्री में शामिल हैं, उन सभी के खिलाफ हम कठोर कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। हमारे ग्राहकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे सतर्क रहें और अधिकृत रिटेलर्स से ही प्रोडक्ट्स की खरीदी करें। हम पूरे भारत में नकली प्रोडक्ट्स के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए इस जाँच को दृढ़ता से जारी रखेंगे।

उपभोक्ताओं के लिए सलाह निम्न बिंदुओं का अनुसरण करके आप नकली जेबीएल प्रोडक्ट की पहचान करने के आसान तरीकों से अवगत हो सकते हैं विविध प्रीमियम प्रोडक्ट्स की तरह ही, हारमन के नकली प्रोडक्ट्स की भी बाजार में बिक्री देखने को मिल रही है।

सोनीपत, हिसार-कुरूक्षेत्र लोस सीटों पर बीसी ए ने जताई दावेदारी : सुरेंद्र वर्मा

सोनीपत। पिछड़ा वर्ग समाज ने सभी राजनैतिक दलों से लोकसभा व विधानसभा में आबादी व आरक्षण के हिसाब से सीटें देने की मांग की है। पिछड़ा वर्ग कल्याण ट्रस्ट नारनौंद उपमंडल के प्रधान एवं लोक सम्पर्क विभाग के रिटायर्ड डीआईपीआरओ सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ ने कहा कि ओबीसी वर्ग के लिए देशभर में 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, जिसमें बीसी का 11 प्रतिशत आरक्षण शामिल है, परन्तु अभी तक उन्हें हक नहीं मिल पाया है। उन्होंने जनसंख्या एवं आरक्षण के हिसाब से बीसी ए वर्ग को लाभ देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यद्यपि हरियाणा में बीसी ए की आबादी लगभग 32 प्रतिशत है, इसलिए आबादी के अनुपात में हरियाणा में तीन लोकसभा सीटें नामत: हिसार, सोनीपत व कुरूक्षेत्र बीसी ए को दी जानी चाहिए और प्रत्येक लोकसभा सीट से तीन-तीन विधानसभा के हिसाब से सीटें दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के विधानसभा चुनाव में लगभग 30 सीटें बीसी ए को दी जानी चाहिए।

पुलिस आज से शहर में सड़क व आम रास्तों पर होने वाले वाहनों के काटेगी चालान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना के बाजार में लगा जाम।

शहर में हो रहा अतिक्रमण और आम रास्ते तथा सड़क पर खड़े होने वाले वालों के चलान काटें जाएंगे। जिसके लिए पुलिस ने कमर कसते हुए इस अभियान को मंगलवार से शुरु करने जा रही है।

शहर में लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए पुलिस मंगलवार से विशेष अभियान चलाएगी। पुलिस बाजारों में सड़क व आम रास्ते पर खड़े होने वाले वाहनों की ऑनलाइन चालान काटेगी। इसके अलावा बाजार में किसी भी दुकान या कारोबार के बाहर खड़े होने वाले छोटे व बड़े वाहनों का चालान काटा जाएगा।

अतिक्रमण का कटेगा चालान : शहर चैकी प्रभारी एसआई राजबीर सिंह ने बताया कि मंगलवार से उन दुकानदारों के चालान भी काटे जाएंगे। जिन्होने दुकान के बाहर सामान रखा हुआ है। जिस भी दुकानदार का साइन बोर्ड, बैनर या पर्दा दुकान से बाहर लगा मिलेगा। उसका भी ऑनलाइन चालान काटा जाएगा। दुकान के सामने वाहन खड़ा करके सामान खरीदने वाले वाहन चालक के साथ-साथ दुकानदार पर भी जाम लगाने में बढ़ावा देने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

शहर जाम लगने की शिकायतें बहुत आ रही है। जिसको लेकर पुलिस अब अतिक्रमण करने वालों से सख्ती से निपटने का काम करेगी। पुलिस और पब्लिक के बीच रविवार को हुई बैठक में भी जाम की समस्या को स्थानीय लोगों ने रखा था।

(सुरेन्द्र कुमार-शहर थाना प्रभारी)

मेन सीवर का टूटा ढक्कन बन रहा लोगों की जान के लिए खतरा

कई बाइक सवार दुर्घटना का हो चुके हैं शिकार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



शहर में भवन कुंड चौक से दयानंद स्कूल की तरफ जाने मुख्य मार्ग पर मेन सीवर लाइन मार्ग के बीचोंबीच गटर का टूटा ढक्कन किसी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। शहर के मेन मार्ग पर होने से यहां से हर रोज हजारों वाहन गुजरते हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों की शिकायत के बाद भी नगर परिषद ने इस टूटे ढक्कन को नहीं बदलवाया है, जिससे शहरवासियों में भारी नाराजगी है।

शहर के पातली मार्ग पर दयानंद स्कूल से सौ मीटर दूरी पर मेन सीवर लाइन का ढक्कन कई दिन से टूटा हुआ है। इसकी वजह से यहां से गुजरने वाले बुजुर्ग, महिला, स्कूली बच्चों व दुपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई दिन से मेन लाइन के सीवर का ढक्कन टूटा हुआ है। शहर के सीवर के पानी की निकासी के लिए यह लाइन बहुत ही गहरी है। इसमें तेज बहाव से सीवर का पानी गुजरता है। उन्होंने बताया कि ढक्कन कई दिन से टूटा हुआ है। सुबह और शाम हजारों लोग यहां से गुजरते हैं। सड़क के बीचोंबीच टूटे ढक्कन की वजह से कभी भी यहां से गुजरने वाले बुजुर्ग, महिला, छोटे स्कूली बच्चे यहां पर गिर सकते हैं। नीचे गिरने पर गहरी सीवर लाइन होने से उन्हें निकालना बहुत ही मुश्किल होगा। लोगों का कहना है कि यहां से नगर परिषद का कार्यालय 200 मीटर है।

इसकी शिकायत कई बार नगर परिषद के उच्च अधिकारियों से की गई है। परंतु आज इस टूटे ढक्कन को नहीं बदलवाया गया है। इसकी वजह से आज भी लोगों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। टूटे सीवर के ढक्कन की वजह से कई बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। लोगों ने तुरंत ही मेन सीवर लाइन के टूटे ढक्कन को बदलवाने की मांग की है।

सीवर की मेन लाइन के टूटे ढक्कन की वजह से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसकी कई बार शिकायत नगर परिषद के उच्च अधिकारियों को की गई है। परंतु आज तक इस टूटे ढक्कन को नहीं बदलवाया गया है।

-देवेंद्र कुमार, स्थानीय निवासी

भवन कुंड से दयानंद स्कूल की तरफ जाने वाले पातली मार्ग पर मेन सीवर लाइन के टूटे ढक्कन को जल्द ही बदलवा दिया जाएगा। जिससे लोगों को कोई परेशानी न हो।

-डॉ. यशपाल, चेयरमैन, नगर परिषद

शादी से लौटते समय दुर्घटना में मामा की मौत, भांजा घायल

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

दो विभिन्न स्थानों पर हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि भांजा घायल हो गया है। शवों को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटनाओं को अंजाम देने वाले वाहन ड्राइवरों का पता लगाया जा रहा है।

पलवल सदर थाना प्रभारी मलखान सिंह के अनुसार, शमशाबाद कॉलोनी पलवल निवासी अनिल ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने मामा माता वाला मोहल्ला पलवल निवासी डिगंबर के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने रजोलका गांव गया था। शादी से निपटने के बाद वह अपने मामा के साथ रात को बाइक से घर लौट रहे थे। रजोलका गांव के नाले के पास एक अन्य बाइक ने उनको सीधी टक्कर मार दी।

जिसे बाइक का संतुलन बिगड़ गया। दुर्घटना में वह तो कच्चे में जाकर गिरा, लेकिन उसका मामा डिगंबर सड़क पर सिर के बल गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। वह अपने मामा को लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचा। डॉक्टरों ने हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

वहीं, होडल की करतार कॉलोनी निवासी अनिल की भी एक हादसे में मौत हो गई। अनिल रात के समय अपनी बाइक से होडल जा रहा था। नेशनल हाईवे पर शुगर मिल के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने अनिल को आनन-फानन में नागरिक अस्पताल भिजवा दिया।

हत्याकांड के बाद गुस्साए लोगों ने घेरा होडल थाना

बोले-पुलिस ने तीसरे आरोपी को दबाव में छोड़ा, हथियार तक बरामद नहीं

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

होडल की रोहता पट्टी हत्याकांड को लेकर मृतक के परिजनों व लोगों ने होडल थाने का घेराव कर रोष जताया। लोगों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। थाने का घेराव कर रहे लोगों ने पुलिस पर हत्यारोपियों के साथ मिलीभगत कर उनको बचाने का आरोप लगाया। दो की गिरफ्तारी के बाद भी हथियार बरामद नहीं हो सका है, इस पर लोगों में रोष है। डीएसपी कुलदीप सिंह ने थाने में लोगों से बात की और उनको शांत करा भेजा।

बता दें कि 29 फरवरी को रोहता पट्टी निवासी प्रकाश की रिटायरमेंट पार्टी में प्रकाश की बहन के लड़के ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिल कर प्रकाश के बेटे रंजीत की घर में गोली मार कर हत्या कर दी थी। मृतक के भाई जगबीर की शिकायत पर पुलिस ने थाना होडल में उसकी बुआ के लड़के प्रदीप व उसके दो अन्य साथी विशाल व मनोज के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया था।

पुलिस ने इस मामले में प्रदीप व मनोज को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीसरा आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। दो आरोपियों की गिरफ्तारी होने के बाद भी पुलिस रंजीत की हत्या के मामले का कोई खुलासा नहीं कर सकी है। मृतक के परिजनों में पुलिस प्रशासन के प्रति रोष है।

रोहता पट्टी के सैकड़ों लोग होडल थाने पहुंचे और थाने का घेराव करते हुए पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन उनसे पूछताछ करने के बजाय आरोपियों को बचाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस अभी तक पकड़े गए आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल हथियार को भी बरामद नही कर सकी है। मृतक रंजीत के पिता प्रकाश व भाई जगबीर का आरोप है कि पुलिस ने हत्या के तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन उसे दबाव के चलते छोड़ दिया गया। थाने का घेराव कर रहे लोगो में बढ़ते आक्रोश को देख थाना प्रभारी उमर मोहम्मद ने अन्य पुलिस बल व डीएसपी कुलदीप सिंह को मौके पर बुला लिया।

होडल थाने पहुंचे डीएसपी कुलदीप सिंह ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाते हुए आश्वासन दिया कि हत्या में लिप्त तीसरे आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर हथियार बरामद कर हत्या के मामले का खुलासा भी कर दिया जाएगा। डीएसपी के आश्वासन के बाद पट्टी के लोग अपने घरों को लौट गए।

फिजिकल एक्टिविटी की कमी से बढ़ रहे मोटापे के मरीज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बदलती लाइफस्टाइल के कारण फरीदाबाद समेत दिल्ली एनसीआर में लोगों में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। आलम यह है कि मोटापे को कम करने के लिए की जाने वाली बैरियाट्रिक सर्जरी कराने वालों की संख्या दो गुना बढ़ गई है। ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में रोजाना ऐसे लोग आ रहे हैं, जिनका वजन अधिक हो गया है और काफी प्रयास के बाद भी कम नहीं हो रहा। विश्व ओबेसिटी दिवस पर यह कहना है एकॉर्ड अस्पताल वरिष्ठ सर्जन डॉ. प्रबल रॉय का। उन्होंने कहा कि फिजिकल एक्टिविटी कम होने से लोग मोटापे का शिकार हो रहे है। इनमें युवाओं की संख्या अधिक है।

डॉ. प्रबल रॉय ने बताया कि जब व्यक्ति का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 32.5 से अधिक हो जाता है तो वह मोटापे की श्रेणी में आ जाता है और उसे सर्जरी करवाने की सलाह दी जाती है। इस सर्जरी को अधिकतर वह लोग करा रहे हैं, जो काफी प्रयास के बाद भी अपना वजन कम नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में 30 फीसदी मरीज मोटापे की समस्या से पीड़ित हैं। वहीं, करीब 50 फीसदी मरीजों को मधुमेह के साथ मोटापे की परेशानी है। वजन बढ़ने से लोगों को कई अन्य बीमारियां भी हो रही हैं। मोटापे के मामले में वृद्धि मुख्य रूप से इसलिए हुई है, क्योंकि लोगों की जीवनशैली और खानपान का तरीके बदला है। शरीर में मेटाबालिज्म और इंसुलिन में गड़बड़ी पैदा हो रही है।

साइबर क्राइम, नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश तथा पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जसलीन कौर के मार्गदर्शन में सेंट्रल थाना प्रभारी रणबीर सिंह तथा उनकी टीम ने हेलीपैड ग्राउंड सेक्टर-12 फरीदाबाद में क्रिकेट खेल रहे बच्चों एवं नौजवानों को ट्रेफिक रूल्स के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस आयुक्त ने पुलिस टीम के जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए आमजन में इसी प्रकार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा ग्राउंड में उपस्थित सभी को सामाजिक सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई एवं उनसे सामाजिक सुरक्षा के संबंध में सुझाव प्राप्त किए गए और इस बारे में विस्तार से बतलाया गया और नशे से कैसे बचाव करना है, उसके बारे में भी विस्तार से समझाया गया।

अगर किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी साइबर फ्रॉड हो जाता है, तब उस समय क्या करना है, उसके बारे में समझाया गया और साइबर फ्रॉड होने पर 1930 पर संपर्क करें और कैसे बचाव करना है, इस बारे में भी विस्तार से जानकारियां दी गई। महिलाओं की सुरक्षा के बारे में विस्तार से समझाया गया और किसी प्रकार का नशे का सेवन नहीं करने के बारे में समझाया गया। किसी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना होने पर या कोई भी अपराध होने पर सभी को डायल 112 पर सूचना देने बारे अवगत किया गया। नौजवानों ने पुलिस का धन्यवाद किया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पलवल। स्थानीय गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय पलवल में मतदाता जागरूकता क्लब द्वारा ऑनलाइन मतदाता जागरूकता शपथ समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. रणवीर सिंह, सतीष देशवाल, प्रवीण कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरदीप आदि प्राध्यापक मौजूद रहे। कॉलेज मतदाता जागरूकता क्लब प्रभारी बलकार सिंह ने समारोह का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने सभी साथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

डीपीएस पलवल में नेशनल रोलर स्केटिंग का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

दिल्ली पब्लिक स्कूल पलवल में नेशनल ओपन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के प्रो-वाइस चेयरमैन एसपी लाल व रानी लाल उपस्थित रहे। इसके अंतर्गत हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए 200 से अधिक खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन एसपी लाल द्वारा मशाल जलाकर किया गया। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल पलवल के प्रधानाचार्य हरीश सचदेवा तथा उप प्रधानाचार्या नीलम सांधा भी उपस्थित थे। विद्यालय के फिजिकल एजुकेशन के अध्यापक व कोच महेश डागर के निरीक्षण में कार्यक्रम बड़े की सुचारू रूप से शुरू किया गया। प्रतियोगिताओं में एडजेस्टेबल स्केटर, क्वार्ड्स स्केटर, इलाइन स्केटर, आर्टिस्टिक स्केटर आदि विभिन्न प्रकार की स्केट्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया और स्केटिंग प्रतियोगिता में आए सभी प्रतियोगियों को मेडल पहनाकर तथा सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रो वाइस चेयरमैन एसपी लाल ने सभी विजेताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, जो उनके संपूर्ण विकास में सहायक होती हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य हरीश सचदेवा ने सभी खिलाड़ियों के होनहार प्रज्ञान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि अब खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन ही नहीं, बल्कि छात्र अपना करियर बना सकता है।

कार मांग कर हिसार में बेचने वाला प्रेमिका सहित पुणे से गिरफ्तार

फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 निवासी कारोबारी की कार बेचकर भागने वाले युवक को थाना खेड़ी पुल पुलिस ने पुणे से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को प्रेमिका के साथ भागने के लिए पैसों की जरूरत थी। पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने अपना मोबाइल भी बेच दिया थ। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

सेक्टर-86 एडोर हैप्पी होम सोसाइटी निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया वह गाड़ियों की खरीद फरोख्त का काम करते हैं। पिछले एक साल से उनके यहां जिला हिसार निवासी अरुण कुमार काम कर रहा था। वह घर आने जाने के लिए उनकी कार मांगकर ले जाता था। 14 जनवरी को अरुण उनके यहां से ब्रेजा कार मांग कर ले गया। कई दिन बीत जाने पर भी आरोपी वापस नहीं आया। आरोपी का मोबाइल भी बंद आ रहा था। परेशान होकर कुलदीप ने उसके खिलाफ थाने में शिकायत दे दी।

मामले की जांच के लिए थाना प्रभारी ने हवलदार अरिवंद, सुरेंद्र व महिला पुलिसकर्मी कल्पना की टीम बना दी। अरुण ने जिसे अपना मोबाइल बेचा था।

पुराना प्रॉपर्टी टैक्स भरकर फायदा उठाएं

पलवल। नगर परिषद पलवल की हद में रहने वाले हरियाणा सरकार की प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज की छूट का फायदा उठा सकते हैं। सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स व उसके ब्याज को भरने की समय सीमा 31 मार्च तक कर दी है। जो भी प्रापर्टी मालिक इस दौरान अपनी प्रापर्टी के टैक्स को भर देगा, उसको इस योजना का लाभ मिलेगा।

नगर परिषद के चेयरमैन डॉ. यशपाल का कहना है कि हरियाणा सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज व प्रॉपर्टी टैक्स को भरने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज पर शत प्रतिशत की छूट दी गई है।

पृथला क्षेत्र के समुचित विकास के लिए हूं वचनबद्ध : रावत

विधायक ने किया सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने क्षेत्र की दो प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य का ग्रामीणों से नारियल फुड़वाकर शुभारंभ करवाया। इन सड़कों में 105.88 लाख से नरहावली से गढ़खेड़ा तक बनने वाली 2150 मीटर की सड़क तथा 20.27 लाख की लागत से दयालपुर से फफूंदा तक 380 मीटर की सड़कें शामिल हैं। यह दोनों सड़कें वर्षों से बदहाल और कच्ची थीं, जिन्हें बनाने की मांग लोगों द्वारा की जा रही थी।

विधायक रावत के प्रयासों से यह सड़कें पहली बार बनवाई जा रही है। इस दौरान ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर विधायक नयनपाल रावत का स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों के नवीनीकरण का कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं, क्योंकि जब सड़कें बेहतर होंगी तो लोगों को आवागमन में सहूलियतें मिलेंगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। श्री रावत ने कहा कि मनोहर सरकार में पृथला क्षेत्र का समुचित विकास किया जा रहा है, प्रत्येक गांव में समान रूप से विकास किया जा रहा है और लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनता से जो विकास का वायदा किया था, उस वायदे को उन्होंने धीरे-धीरे पूरा किया है और क्षेत्र के विकास की आवाज को पुरजोर तरीके से हरियाणा विधानसभा में उठाया है।

श्री रावत ने कहा कि पृथला क्षेत्र उनका परिवार है और एक लायक बेटे की तरह वह इस क्षेत्र की सेवा में समर्पित हैं। इस अवसर पर ब्लॉक समिति अध्यक्ष चंद्रपाल, गुल्लू मास्टर, ओमबीर चेयरमैन, निखिल बीसला, दानी सरपंच, धर्मेंद्र हुड्डा, विनोद चौधरी, सतबीर मास्टर, ओमपाल, प्रकाश, विवेक सैनी, दीपक, शीशराम, जीतू भारद्वाज, रमेश, सुखबीर आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

कान्यकुब्ज समाज फरीदाबाद की नई कार्यकारिणी गठित

फरीदाबाद। भगवान श्री परशुराम जी के आशीर्वाद से फरीदाबाद के मैगपाई होटल में सनातन धर्म से प्रेरित ब्राह्मण समाज के उत्कृष्ट कान्यकुब्ज समाज फरीदाबाद, जोकि पिछले 34 वर्षों से सतत और लगातार सामाजिक सेवा में तत्पर है, के द्विवर्षीय कार्यकारिणी का चुनाव 2024-2025 के लिए पूरे कानूनी प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ। जिसमे डॉ. देवराज चौबे चुनाव अधिकारी के रूप में एवं समाज के संस्थापक सदस्य अंशुमन बाजपेयी और गणमान्य डायरेक्टर डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी, एडवोकेट प्रह्लाद शर्मा, धर्म भारद्वाज, शरद पांडेय, सतीश कौशिक, अवधेश मिश्र, पूर्व महामंत्री विनोद मिश्र एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत नयी कार्यकारिणी के सभी सदस्यों जिसमे अध्यक्ष गणेश शंकर मिश्र, महामंत्री डॉ. प्रभाकर मिश्र, कोषाध्यक्ष रविंद्र मिश्र एवं समस्त 51 लोगों की कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ग्रहण लिया। सबसे अच्छी बात ये रही कि पिछले 34 वर्षों से इस संगठन ने अपने कार्यकारणी सदस्यों को निर्विरोध सर्वसम्मति से चुनते आ रहे हैं, जोकि अपने आपमें एक मिशाल है और दूसरे सामाजिक संस्थानों के लिए प्रेरणा स्वरूप भी बन के आगे आ रही है। समाज का उद्देश्य है कि सामाजिक सामंजस्य को बनाते हुए एवं कर्मठ कार्यकर्ता की तरह अपनी पहचान बनाना है।

लायर्स चैंबर्स व एक्साइज ऑफिस के बीच बनेगी सड़क

फरीदाबाद। लायर्स चैंबर्स सेक्टर-12 व एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिस के बीच वाली रोड का स्थानीय विधायक नरेंद्र गुप्ता ने नरियल फोड़कर उद्घाटन किया। इस सड़क की बनने की खुशी बनाई जायेगी। इस सड़क को बनाने में 70 लाख रुपये का खर्चा आयेगा। यह सड़क काफी लंबे समय से टूटी हुई थी, जिसकी वजह से वकीलों व मुवक्किलों को बहुत परेशानी होती थी। सड़क टूटी होने की वजह से कई लोग क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। वकीलों से मिलने रोजना हजारों की तदाद में मुवक्किल चैंबरों में जाते हैं। वकीलों व मुवक्किलों को इस सड़क से गुजरना बहुत मुशकिल होता जा रहा था। जिला बार ऐसोसिशन के प्रधान जोगिंद्र सिंह नरवत व सचिव पवन पाराशर इस सड़क की बावत डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज से मिलकर सड़क बनाने की मांग कर चुके हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता व भाजपा नेता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने मिलकर भी कई बार स्थानीय विधायक नरेंद्र गुप्ता से इस सड़क को कोर्ट परिसर की चारों तरफ बनाने की मांग कर रहे थे। रोजाना कोर्ट परिसर में 5-10 हजार लोग आते हैं। इस सड़क को बनने से लोगों को राहत मिलेगी। प्रधान ने कहा कि इस सड़क को जल्दी से जल्दी बनाया जाये, जिससे मुवक्किलों व वकीलों को ज्यादा परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस मौके पर प्रकाश वीर नागर, कन्हैया लाल शर्मा, राज कुमार तंवर, मनीष छोकर, विजय यादव, विपिन यादव, नरेश कौशिक, पवन कौशिक, शिव कुमार, मनोज कुमार आदि वकील मौजूद थे।

स्वच्छता ही सेवा पर आयोजित हुए नुक्कड़ नाटक

फरीदाबाद। शहर की संस्था संभार्य फाउंडेशन द्वारा शहर को स्वच्छ बनाने के लिए 40 से ज्यादा जगह पर इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटिड के सहयोग से जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष अभिषेक देशवाल ने बताया कि आज शहर चौतरफा विकास कर रहा है, पर फरीदाबाद की गिनती देश के सबसे प्रदूषित व गंदे शहरों में की जाती है। ऐसे में जरूरी है कि शहर के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता में भागीदार बन शहर को स्वच्छ बनाना होगा, तभी शहर स्मार्ट सिटी बनेगा। इसी उद्देश्य से संस्था ने इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटिड के सहयोग से नुक्कड़ नाटक जागरूकता अभियान आयोजित किया। जिसमें प्लास्टिक के बहिष्कार, गीला, सूखा कचरा प्रबंधन, पैड लगाओ जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया गया। नाटकों का मंचन सेक्टर 2 ,3, 6,7ए, 7बी, 7सी, 8 ,9 ,10 ,11 , 15, 16, 17, 19, 28, 31, एनआईटी 1, 2, 3, 5, बल्लभगढ़ बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, डबुआ व टाउन पार्क व अन्य जगहों पर किया गया। अभिषेक देशवाल ने बताया नाटकों में संजय, अभिषेक राजपूत, अजय यादव, रोहित, प्रभाकर, धर्मेंद्र, जेडी रावत, जितेंद्र, साहिल, पुनीत, आरव बाल्यान, अर्णव, नीरज, हिमांशु ने हिस्सा लिया।

127935 बच्चों को पोलियो दवा पिलाई : सिविल सर्जन

पलवल। जिला पलवल में सिविल सर्जन डॉक्टर नरेश कुमार गर्ग के दिशा निर्देशन एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. योगेश मलिक के मार्गदर्शन में पल्स पोलियो अभियान चलाया गया। यह अभियान पांच मार्च तक चलाया जाएगा। पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर योगेश मलिक ने बताया कि नेशनल पल्स पोलियो अभियान तीन मार्च को किया गया। जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के एक लाख 27 हजार 935 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। जिला नागरिक अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर नरेश कुमार गर्ग ने बताया कि जिले में पांच मार्च तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। पहले दिन बूथ पर ही पोलियो की दवा पिलाई गई। पहले दिन बूथ एक्टिविटीज की गईं तथा मोबाइल टीमों द्वारा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, झुग्गी झोपड़ी, स्लम एरिया तथा ईंट भट्टों आदि पर 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। उन्होंने बताया कि जिले में 884 बूथ बनाए गए। जिसमें जिले के लगभग एक लाख 85 हजार 416 बच्चों को इस राउंड में दवाई पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ. योगेश मलिक ने बताया कि चार मार्च और पांच मार्च को डोर टू डोर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में 47 मोबाइल टीमों का गठन किया गया। जिन्होंने जिला के सभी स्लम एरिया, कंस्ट्रक्शन साइट और ईंट भट्टों पर जाकर बच्चों को दवा पिलाई।

राहुल झा अपने सैकड़ों समर्थकों सहित भाजपा में शामिल

फरीदाबाद। जजपा के जिला सचिव राहुल झा अपने सैकड़ों समर्थकों सहित प्रणव शुक्ला के मार्गदर्शन भाजपा में शामिल हुए। फरीदाबाद के पाली गांव स्थित प्रणव शुक्ला ने अपने कार्यालय में भाजपा का पटका पहना कर उनके समर्थकों का भाजपा में स्वागत किया। प्रणव शुक्ला ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले सभी साथियों को पार्टी में पूरा मान-सम्मान मिलेगा और मिलकर मोदी के 400 पार के लक्ष को प्राप्त करेंगे। भाजपा में शामिल होने के बाद राहुल झा ने कहा कि उन्होंने मोदी के देश व प्रदेश के हित में किए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर अपने समर्थकों सहित भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है और आगामी विधानसभा में प्रणव शुक्ला का अपने और अपनी पूरी टीम का समर्थन देने की घोषणा की।

लोकसभा चुनाव
भाजपा की पहली सूची

लोकसभा चुनाव की तैयारी में भारतीय जनता पार्टी-भाजपा ने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इसमें कुछ वर्तमान सांसदों को हटाया गया है, जबकि राज्यसभा के कुछ सांसदों को चुनाव मैदान में उतारा गया है। भाजपा की सुगठित चुनाव मशीनरी ने लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर राजनीतिक क्षेत्रों में उथलपुथल पैदा कर दी है। इस कदम से पार्टी ने न केवल चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से पहले ही अपनी चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है, बल्कि उसने अपने उम्मीदवारों के चयन से आम जनता तथा अन्य राजनीतिक दलों को एक रणनीतिक संदेश भी दिया है। कुछ सांसदों को बनाए रखने, कुछ को हटाने तथा कुछ को राज्यों या राज्यसभा से लोकसभा चुनाव मैदान में उतारने का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। अनेक सांसदों को बनाए रख कर पार्टी नेतृत्व ने स्थायित्व व निरंतरता पर जोर दिया है। वर्तमान सांसदों या विधायकों को मैदान में उतारने के पीछे भाजपा का उद्देश्य उनकी पहचान का लाभ निर्वाचकों से उनके परिचय तथा मतदाता आधार विस्तार के लिए उठाना है। इसी प्रकार कुछ वर्तमान सांसदों को हटाने के पीछे पार्टी द्वारा सांसदों की जवाबदेही पर जोर देना है। इस निर्णय के अनेक कारण हो सकते हैं जिनमें प्रदर्शन का मूल्यांकन, निष्ठा तथा खास निर्वाचन क्षेत्रों में पुनर्जीवन की आवश्यकता शामिल हैं। इस संदर्भ में पश्चिमी दिल्ली के सांसद प्रवेश साहिब सिंह तथा दक्षिण दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी उल्लेखनीय है जिनका नाम संभवत: एक खास समुदाय के खिलाफ भड़काऊ या अपमानजनक टिप्पणियों के कारण हटाया गया है। भोपाल से सांसद 'फायरब्रांड' नेता प्रज्ञा सिंह ठाकुर भी इसी श्रेणी में आती हैं। कथित रूप से सही प्रदर्शन न करने वालों में पार्टी के पूर्वी दिल्ली सांसद गौतम गंभीर और हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा शामिल हैं जिनको चुनाव मैदान से हटा दिया गया है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार इन उम्मीदवारों ने सार्वजनिक रूप से सूची से गायब होने के पहले ही अपने इरादे जता दिए थे। भाजपा की उम्मीदवार सूची का एक और उल्लेखनीय आयाम राज्यों या राज्यसभा से कुछ लोगों को जनादेश का सामना करने के लिए लाना है। इस कदम का उद्देश्य पार्टी द्वारा अपने सभी संसाधनों तथा प्रतिभा का समुचित उपयोग कर चुनावी संभावनाओं को अधिकतम करना है। राज्यसभा या राज्यों जैसे अन्य क्षेत्रों से प्रमुख लोगों को चुनाव मैदान में उतारने के पीछे भाजपा का उद्देश्य उनके कद, अनुभव और नेटवर्क का लाभ उठाना है। इसके साथ ही यह रणनीतिक कदम पार्टी को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने का अवसर देता है जिससे वह विपक्षी गढ़ों में अपना विस्तार कर सकती है। पिछले वर्षों में उम्मीदवारों का महत्व धीरे-धीरे घटा है और मतदान मुख्यत: पार्टी आधार पर होता है। प्रधानमंत्री ने स्वयं कहा है कि भाजपा के लिए दिया गया हर वोट उनके लिए वोट है। लेकिन उम्मीदवारों की उपस्थिति और उनका करिश्मा भी महत्वपूर्ण है। विविध पृष्ठभूमि के परिपक्व नेताओं को सामने ला कर भाजपा अपनी व्यापक अपील तथा एकजुट मोर्चे का आभास देना चाहती है। कुल मिला कर लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची में निरंतरता, जवाबदेही तथा संसाधनों के रणनीतिक प्रयोग पर जोर दिया गया है। इन रणनीतिक कदमों के माध्यम से भाजपा अपने मतदाता आधार को और विस्तार देना चाहती है। इसके साथ ही वह जमीनी स्तर पर लोगों की शिकायतों को ठीक से संबोधित कर चुनाव में अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहती है।

रायसीना संवाद में यूनान की उपस्थिति

तुर्की के लगातार भारत-विरोधी दृष्टिकोण के कारण भारत रणनीतिक रूप से यूनान से संबंध मजबूत कर रहा है ताकि से तुर्की से दुश्मनी का मुकाबला किया जा सके।

उमंग कोहली
(लेखक, अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ हैं)

हर साल नई दिल्ली में आयोजित होने वाला 'रायसीना सम्मेलन' और उसमें होने वाले संवाद भू-राजनीति में भारत की उपस्थिति दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। तुर्की के लगातार भारत-विरोधी दृष्टिकोण के कारण भारत रणनीतिक रूप से यूनान से संबंध मजबूत कर रहा है ताकि से तुर्की से दुश्मनी का मुकाबला किया जा सके। इस दृष्टिकोण से देखने पर आश्चर्य नहीं कि इस बार रायसीना संवाद में यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मिट्सोटाकिस को मुख्य अतिथि बनाया गया। इसे भारतीय हितों को देखते हुए यूनान की महत्वपूर्ण भूमिका उजागर होती है।

इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि तुर्की अधिकांश अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत-विरोधी दृष्टिकोण अपना रहा है। इसका कारण तुर्की में बढ़ता इस्लामवाद है। अपने इसी भारत-विरोधी दृष्टिकोण के चलते खासकर जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद से तुर्की लगातार विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर मुद्दा उठाता रहा है जिसमें संयुक्त राष्ट्र महासभा भी शामिल है। भारत ने चरणबद्ध तरीके से तुर्की के इस दृष्टिकोण पर सुनियोजित प्रतिक्रिया की है। भारत की राजनयिक प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा साइप्रस के राष्ट्रपति तथा आर्मीनिया व यूनान के प्रधानमंत्रियों के साथ की गई अनेक बैठकें शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि तुर्की के साथ आर्मीनिया, साइप्रस और यूनान के विभिन्न मुद्दों पर विवाद हैं। आगीन समुद्र में यूनान और तुर्की क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी हैं क्योंकि दोनों के बीच समुद्री सीमा को लेकर विवाद हैं। दोनों के बीच आगियान समुद्र में द्वीपों को लेकर 1996 में लगभग युद्ध जैसी स्थिति पैदा हो गई थी। इसलिए दिल्ली में आयोजित रणनीतिक संवाद में यूनान के प्रधानमंत्री को सम्मान देना भारत की माहिर रणनीतिक चाल है जिसका प्रभाव अंकारा पर जरूर पड़ेगा।

इस वर्ष रायसीना संवाद में यूनान के प्रधानमंत्री को मुख्य अतिथि बनाने से अनेक सवाल उठते हैं। क्या यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस को रायसीना पहाड़ी पर होने वाले वैश्विक वार्षिक संवाद में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करना तुर्की के प्रति रणनीतिक प्रतिक्रिया है? इसके साथ ही यह सवाल भी उठता है कि क्या भारत अब अपने राष्ट्रीय हितों को वैश्विक राजनय के साथ मिलाने में माहिर हो गया है? क्या मिडटेरेनियन सागर में यूनान अब भारत के लिए यूरोप का प्रवेश द्वार बन गया है? आने वाले वर्षों में क्या यूनान हमें वे समुद्री मार्ग प्रदान कर सकता है जिनकी हमें जरूरत है? क्या दुनिया की दो सबसे पुरानी सभ्यताओं के एकसाथ आने का अर्थ यह है कि वे आने वाले वर्षों में दुनिया का भविष्य निर्धारित करने में अपनी भूमिका अदा करेंगे?

उल्लेखनीय है कि भारत और यूनान दुनिया की दो सर्वाधिक प्राचीन सभ्यतायें हैं। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक रूप से बहुत निकट संबंध रहे हैं जिन्होंने दुनिया की सभ्यता और संस्कृति को बहुत कुछ देने के साथ दोनों देशों पर बहुआयामी प्रभाव डाला है। वर्तमान समय में यूनान और भारत की मिडटेरेनियन सागर में साझा सुरक्षा सरोकार हैं। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सहयोग की अनेकानेक संभावनायें भी हैं। भारत साइबर सुरक्षा के मामले में जहां यूनान की सहायता कर सकता है, वहीं यूनान व्यापारिक जहाजों के मामले में भारत के लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है। भारत ने पिछले साल जी20 की अपनी अध्यक्षता के दौरान भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। यूनान इसमें भारत का महत्वपूर्ण साझीदार हो सकता है। भारत और यूनान के बीच सहयोग के अन्य क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा, ढांचागत संरचनाओं का विकास, बंदरगाहों व जहाजरानी का विकास तथा लाजिस्टिक्स सुविधायें शामिल हैं। विश्व मानचित्र पर यूनान की स्थिति देखने से स्पष्ट होता है कि इसका मिडटेरेनियन सागर में प्रभुत्वकारी स्थान है। इस प्रकार यह यूरोप का प्रवेशद्वार भी है। यूनान नाटो सैन्य संगठन का सदस्य तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाला देश है। वर्तमान समय में भारत पश्चिमी देशों के साथ अपने व्यापार को और बढ़ाना चाहता है जिसमें यूनान उसके लिए बहुत सहायक सिद्ध हो सकता है।

भारत अपनी वैश्विक राजनीति व राजनय का विस्तार कर उसे संस्कृति व सभ्यता के साथ जोड़ने के अलावा रक्षा क्षेत्र में भी उसका विस्तार करना चाहता है। भारत इस दृष्टिकोण से समान विचारधारा वाले देशों के साथ बेहतर रक्षा संबंध स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। इसलिए यूनान के साथ रक्षा संबंधों की असीम संभावनायें हैं। पिछले कुछ वर्षों में यूनान ने भारत के साथ रक्षा सहयोग को ज्यादा महत्व दिया है और दोनों देशों की सेनाओं के बीच अनेक सैनिक अभ्यास हुए हैं। यूनान ने हमेशा कश्मीर मुद्दे पर भारतीय दृष्टिकोण का समर्थन किया है। समुद्री सुरक्षा तथा समुद्र संबंधी संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव के कानून लागू करने के मामले में भारत और यूनान के साझा सरोकार हैं। इस संबंध में यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि तुर्की और चीन लगभग रोज पूर्वी मिडटेरेनियन तथा हिंद-प्रशान्त में संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा परिभाषित इन नियमों का उल्लंघन करते हैं।

वर्तमान स्थितियों को देखते हुए उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में भारत और यूनान वर्तमान रक्षा संबंधों का और विकास कर सकते हैं। भारत ने हमेशा यूनान को रक्षा उपकरण व खासकर एंटी-ड्रोन व्यवस्थायें निर्यात करने को प्राथमिकता दी है। इसका कारण यह है कि तुर्की ने व्यापक ड्रोन व्यवस्था का विकास किया है जिसका प्रयोग विभिन्न द्वीपों पर वर्चस्व स्थापित करने के लिए प्रयोग हो सकता है, जबकि ये द्वीप यूनान का हिस्सा हैं। यूनान प्राचीन काल से ही परंपरागत रूप से नावों और जहाजों का निर्माण करता आ रहा है और वह इसमें दक्ष है। भारत यूनान की जहाज निर्माण तकनीक का लाभ उठा कर भारत में जहाज निर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता विकसित करने के साथ अपनी नौसेना व वाणिज्यिक जहाजरानी को मजबूत कर सकता है। इस दिशा में दोनों देशों की सरकारें लगातार प्रयास कर रही हैं। इस दृष्टिकोण से मझगांव डाकयार्ड तथा स्कारामंगा शिपयार्ड के बीच सहयोग से भारतीय जहाज निर्माण को महत्वपूर्ण लाभ हो सकता है। यूनान का स्कारामंगा शिपयार्ड जहाजों की मरम्मत और रखरखाव में माहिर है और भारत उसकी इस क्षमता का लाभ उठा सकता है। यूनान अपनी प्राचीन सभ्यता, संस्कृति व विरासती स्थलों के कारण असाधारण पर्यटन संभावनाओं वाला देश है जिसे पश्चिमी सभ्यता का जन्मस्थान कहा जाता है। यूनान में अनेक आकर्षक पुरातात्विक स्थल, समुद्रतटीय सुंदर गांव तथा हमेशा खिली धूप वाले समुद्र तट हैं। यूनान के पर्यटन स्थल भारतीय पर्यटकों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल हैं। इसे देखते हुए मुंबई और यूनान के बीच 'क्रूज़ हालीडेज़' की असीम संभावनायें हैं।

भारत और यूनान को अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक संबंधों तक विकसित करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय मामलों में समान हितों को देखते हुए उनको आर्थिक, रक्षा, समुद्री, जहाजरानी व सांस्कृतिक क्षेत्रों में बहुआयामी विकास करना चाहिए। भारत और यूनान लोकतंत्र, स्वतंत्रता, अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा, नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था तथा अंतरराष्ट्रीय कानूनों के प्रति सम्मान की साझा विरासत है जिसमें यूएनक्लोस तथा मानवाधिकार शामिल हैं। दोनों देशों के बीच साझा ऐतिहासिक संबंध और दीर्घकालीन मित्रतापूर्ण संबंध रणनीतिक संबंधों में विकसित हो सकते हैं। यूनान अपना समुद्री प्रभुत्व बनाए रखने के लिए हिंद-प्रशान्त समुद्री पहल में शामिल होने का इच्छुक है। दोनों देश जलवायु परिवर्तन तथा जैव-विविधता क्षरण से समान रूप से प्रभावित हैं और इन क्षेत्रों में भी सहयोग कर सकते हैं।

भविष्य में भारत और यूनान वैश्विक भू-राजनीति को ऐसा स्वरूप दे सकते हैं जो दोनों देशों के हित में हो। दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध परस्पर लाभदायक हैं। यूनान उन नकारात्मक भावनाओं का प्रतिकार करने में भी सहायक हो सकता है जो तुर्की विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ बनाना चाहता है। यूनान अपने समुद्री बेड़े तथा लाभदायक व्यापार मार्गों के माध्यम से भारत और यूरोपीय संघ में व्यापार बढ़ाने में सहायक हो सकता है। इनसे भारत की यूरोपीय बाजारों में पहुंच और बेहतर होगी।

संगठन में विषाक्त वातावरण एक मुसीबत

हमें विषाक्तता के आकर्षण का विरोध करना चाहिए, ऐसा न हो कि हम इसके प्रसार में भागीदार बन जाएं

साक्षी सेठी
(लेखिका, शिक्षा प्रदाता हैं)

किसी भी संगठन की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसका कार्य वातावरण कितना अच्छा और स्वस्थ है। कार्यस्थल एक बहुत ही संवेदनशील स्थान है, चाहे वह स्कूल, कॉलेज या व्यावसायिक संगठन हो। कर्मचारियों और श्रमिकों को अपने प्रिंसिपलों और मालिकों द्वारा अपना काम ठीक से करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है अन्यथा वे हतोत्साहित हो जाएंगे।

हालाँकि, जब किसी संगठन में विषाक्त कार्य वातावरण व्याप्त हो जाता है, तो इसके कर्मचारियों और संगठन दोनों के लिए बड़े पैमाने पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अमेरिका में लगभग 40 प्रतिशत लोगों ने अत्यधिक तनावग्रस्त कार्य वातावरण के कारण नौकरियां छोड़ दी हैं।

कार्यस्थल पर हिंसा पूरे इतिहास में मौजूद रही है। विषाक्त व्यवहारों को अनियंत्रित रूप से पनपने दिया गया है। संगठन के भीतर कुछ प्रभावशाली व्यक्ति बदमाशी, हेरफेर और पक्षपात में संलग्न हैं, जो कंपनी की संरचना में व्याप्त है।

साथ ही, उनका व्यवहार एक ऐसा वातावरण बनाता है जो दीवारें बनाता है और रचनात्मकता और निष्ठा को कुचल देता है। कार्यस्थल में विषाक्तता एक व्यापक और गंभीर मुद्दा है जो किसी संगठन के सभी स्तरों पर कर्मचारियों को प्रभावित करता है। साथ ही, यह नेताओं के बीच निष्क्रिय व्यवहारों का एक संयोजन भी है जो उन्हें अस्वस्थ संगठनात्मक प्रथाओं का आचरण करने का कारण बनता है। संगठनात्मक विषाक्तता अशक्त करने वाली प्रथाओं, व्यक्तिगत अधिकार की मानसिकता वाले व्यक्तियों और परिवर्तन के प्रतिरोध से प्रेरित है। यह एक घातक समस्या है जिसे पहचानना मुश्किल हो सकता है, फिर भी

कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव विनाशकारी हो सकता है। जब काम का माहौल विषाक्त होता है, तो यह नीचे गिर जाता है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि विषैला नेतृत्व विषैले वातावरण की ओर ले जाता है। कार्य वातावरण में विषाक्तता का एक कारण वास्तविक विविधता और समावेशन की कमी और उसके बाद प्रभावी संचार की कमी है। आजकल, नए अधिकारियों ने ऊपर से नीचे का दृष्टिकोण अपनाया है, जिससे विचारों और प्रतिक्रिया के ईमानदार आदान-प्रदान के लिए बहुत कम जगह बची है। इसके परिणामस्वरूप कर्मचारियों की आवाजें अनसुनी हो गई हैं, जिससे कार्यबल में अलगाव और निराशा की भावना बढ़ रही है। यहां तक कि स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षक और शिक्षिकाएं भी इसके शिकार हैं। कर्मचारियों ने भावनात्मक प्रतिक्रियाओं का अनुभव करना शुरू कर दिया है जिसमें क्रोध, चिड़चिड़ापन, निराशा, परेशानी, मनोवैज्ञानिक तनाव, नौकरी की असुरक्षा, भय और शर्म शामिल है। दूसरे शब्दों में, व्यवहार का ऐसा माहौल बनाया जाता है जो कर्मचारियों के लिए काम से संबंधित अन्य सभी तनावों की तुलना में अधिक विनाशकारी होता है।

विषाक्त कार्य वातावरण गलाकाट प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है, जहां सहकर्मी टीम वर्क को महत्व देने के बजाय एक-दूसरे को कमजोर करते हैं और तोड़फोड़ करते हैं। इसके अलावा, अधिक काम करने और अत्यधिक बोझ के कारण गंभीर जलन हो सकती है और नाराजगी भी हो सकती है। संगठनों और अन्य कार्यस्थलों को एक लिखित मानक को पूरा करने से अधिक रचनात्मकता के लिए जगह देनी चाहिए। खुले संचार को बढ़ावा देकर, सहानुभूति को बढ़ावा देकर और एक सहायक संस्कृति को प्रोत्साहित करके, संगठन एक ऐसा वातावरण बना सकते हैं जहां कर्मचारी आगे बढ़ सकें जिससे उत्पादकता, रचनात्मकता और समग्र सफलता में वृद्धि हो सके। इसके साथ ही, यदि शिक्षक विविध नहीं हो सकते हैं - अपनी वैयक्तिकता, विशिष्टता और रचनात्मकता का उपयोग करके - पाठों को व्यवस्थित रूप से विविधता देने के लिए, तो भेदभाव की पूरी अवधारणा छूट जाती है। शिक्षक शिक्षक बनते हैं क्योंकि वे रचनात्मक लोग होते हैं जिनमें अपना ज्ञान दूसरों के साथ साझा करने की इच्छा होती है।

याद रखें, विषाक्त कार्य वातावरण संगठन की प्रतिष्ठा को धूमिल कर देगा। नकारात्मक कर्मचारी अनुभव मौखिक और सोशल मीडिया के माध्यम से फैलते हैं, संभावित उम्मीदवारों को संगठन में शामिल होने से हतोत्साहित करते हैं। यह व्यक्ति की शांति और विवेक है जो उन संगठनों से निपटने से अधिक मूल्यवान है जो बुरे व्यवहार को रोकने के लिए उन्हें पर्याप्त महत्व नहीं देते हैं। हर व्यक्ति को कार्यस्थल पर अपने मानसिक स्वास्थ्य की हर कीमत पर रक्षा करने की आवश्यकता है। एक जहरीली संस्कृति को पनपने के लिए विभिन्न कारक जिम्मेदार हैं, जिनके परिणाम विनाशकारी होते हैं और संगठन को विफलता की खाई में डुबो सकते हैं।

आप की बात

पैदल चलने का महत्व

सदियों पूर्व परिवहन का एकमात्र साधन हमारे पांव ही थे और पैदल चल कर ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक का सफर किया जाता था। आधुनिक परिवहन साधनों के विकास के साथ इंसान के पांवों को आराम मिलने लगता। एक सीमा तक तो यह आराम सही था मगर आज हालात यह है कि लोग कुछ कदम पैदल चलना भी पसंद नहीं करते और नंगे पांव तो कतई नहीं। हरी नरम घास पर नंगे पांव चलना आंखों सहित पूरे शरीर के स्वास्थ्य की गारंटी हैं। अब विदेशों में बिना फुटवियर के पैदल चलने का फैशन बढ़ रहा है। आज भी सभी जैन साधु संत नंगे पांव ही सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा करते हैं और अपने जीवन में लगभग पूरे भारत का परिभ्रमण कर लेते हैं। पांव ही जीवन भर हमारे पूरे शरीर का भार उठाते हैं और जो जितना अधिक इनका उपयोग करता है वह उतना ही स्वस्थ रहता है! स्नान से पूर्व पांव को रगड़ना पूरे शरीर को एक्यूप्रेशराइज कर देता है। यदि आपके पैर चमक रहे हैं तो आपका चेहरा भी चमकेगा। हर व्यक्ति को यथासंभव अधिकाधिक पैदल चलना चाहिए और नहीं तो कम से कम प्रात: 2 किलोमीटर तो पैदल टहलने ही चाहिएं। इससे स्वस्थ व प्रसन्न रहने के साथ आप सक्रिय भी रहेंगे। पैदल चलने से हमारा अपने आसपास के सामाजिक यथार्थ से परिचय भी मजबूत होता है।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

सिलिकान युग

सिलिकॉन युग ने हमारे परिवेश पर काफी हद तक कब्जा कर लिया है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र, चिप डिजाइनिंग और प्रसंस्करण के विकास में बढ़ती मांगों के साथ युद्धों के कारण सिलिकान चिप की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है। अमेरिका, चीन, जापान आदि चिप निर्माण की घरेलू क्षमतायें विकसित करने में भारी निवेश कर रहे हैं। भारत ने भी पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में भारी निवेश किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निकट भविष्य में भारत को विश्व स्तरीय चिप विनिर्माण केंद्र में बदलने का प्रयास कर रहे हैं। वर्तमान समय में इस उद्योग पर दक्षिण कोरिया, ताइवान और चीन का कब्जा है जो वैश्विक विनिर्माण क्षमता में 70 प्रतिशत के भागीदार हैं। अमेरिका और जापान अब बदलती परिस्थितियों के चलते चीन पर इस मामले में अपनी निर्भरता कम करने के लिए प्रयासरत हैं। 1.26 लाख करोड़ रुपये की लागत से तीन सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने को कैबिनेट की मंजूरी के साथ भारतीय सेमीकंडक्टर उद्योग बड़े बदलाव के लिए तैयार है। भारत सरकार ने 76,000 करोड़ रुपये की चिप प्रोत्साहन योजना शुरू की है। सरकार के प्रयासों तथा ताइवान, अमेरिका व इन देशों के निजी क्षेत्र से सहयोग से भारत इस क्षेत्र में तेजी से प्रगति करेगा।

- विजय सिंह अधिकारी, नैनीताल

मृत्यु दंड का विरोध

एमनेस्टी इंटरनेशनल व अनेक मानवाधिकार कार्यकर्ता लंबे समय से मौत की सजा खत्म करने की मांग करते आ रहे हैं। यह आंदोलन 17वीं सदी में जॉर्ज फॉक्स ने शुरू किया था। 1764 में प्रकाशित सिजेयर बेकारिया के शोध प्रबंध में सवाल उठाया गया था कि कानून मृत्युदंड देकर स्वयं सार्वजनिक रूप से हत्या करता है? माना जाता है कि सजा के दो उद्देश्य हैं। भविष्य में दोबारा ऐसा अपराध होने से रोकना तथा दूसरा अपराधी को सुधारना जो फांसी के बाद संभव नहीं है। भारत समेत अनेक देशों में कार्यपालिका प्रमुख या राष्ट्राध्यक्ष को मृत्यु दंड की सजा कम करने या उसे माफ करने का अधिकार होता है। लेकिन अपीलों का निर्णय होने में लगने वाले बहुत अधिक समय के कारण मृत्यु दंड की सजा पाए अपराधियों को रोज भयानक मानसिक कष्ट का सामना करना पड़ता है। मृत्यु दंड का विरोध इस कारण भी होना चाहिए कि दुनिया में कहीं भी इसके भय से अपराध कम होने के प्रमाण नहीं मिलते हैं। दुनिया के लगभग सौ देशों ने मृत्यु दंड समाप्त कर दिया है और वहां जघन्य अपराधों में वृद्धि नहीं हुई है। कई बार अन्याय व अत्याचार का विरोध करने वालों को ही मृत्यु दंड की सजा मिलती है। इसलिए बाकी देशों को भी इसे समाप्त करना चाहिए।

- विभूति बुपक्या, खाचरोद

भ्रष्ट सांसदों पर लगाम

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में अब आगे से संसद में प्रश्न पूछने के लिए कोई सांसद अगर किसी से रिश्वत लेता या संसद में रिश्वत लेकर वोट देता है तो वह अपराध की श्रेणी में आएगा। ऐसे सांसद पर अब कानून के अंतर्गत साल भर में कार्रवाई कर उसे सजा भी दी जा सकेगी। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय सराहनीय है। उम्मीद है कि इससे भ्रष्ट सांसदों पर लगाम लगाने में काफी मदद मिलेगी। विडंबना है कि हमारे देश के कुछ जनप्रतिनिधि हमेशा अपने आप को आम आदमी से बड़ा एवं अलग मानकर चलते रहे हैं। उनको लगता था कि संसदीय विशेषाधिकार के कारण उनके भ्रष्ट कारनामे उजागर नहीं होंगे और वे वोट के बदले नोट या नोट के बदले सवाल पूछ कर अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति करते रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने के इस निर्णय से अब उनको भी हर काम पारदर्शी तरीके से करना होगा। पिछले कुछ समय से ऐसे मामले सामने आ रहे थे कि किसी सांसद ने पैसे लेकर संसद में सवाल पूछा या वोट दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब संसदीय संस्थानों को भी पूरी सक्रियता बरतते हुए पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए।

- एमएम राजावत, शाजापुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

यूपी में आ रहे प्रदेश की आबादी से दोगुने टूरिस्टः मुख्यमंत्री

सीएम योगी ने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बात पर खुशी जाहिर की है कि यूपी में आज प्रदेश की आबादी से दोगुनी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। सीएम योगी सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से जुड़ी सभी योजनाओं के लिए प्रदेश की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश के सभी 75 जनपदों में और सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में किसी न किसी पर्यटन स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए प्रो पुअर योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना एवं जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर आधारित योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण एक साथ हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी को नया यूपी देखने को मिल रहा है। पर्यटन के दृष्टिकोंण से हम केवल स्थल विशेष का विकास नहीं करा रहे, बल्कि इसके माध्यम से वहां के समग्र विकास, ईको सिस्टम और इम्पलायमेंट को गति देने का कार्य भी कर रहे हैं। सरकार की नियत साफ हो और गति में तीव्रता हो तो उसके परिणाम भी देखने को मिलते हैं। प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति ने जहां यूपी के परसेप्शन को बदला है। वहीं सरकार द्वारा लिये गये फैसले का लाभ यूपी को प्राप्त हो रहा है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में अयोध्या धाम, नैमिष में नैमिष तीर्थ आज पुनर्जीवित हो गया है। विंध्यवासिनी कॉरीडोर नये रूप में है। बृजभूमि फिर से दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। प्रयागराज का कुंभ, चित्रकूट, शुकतीर्थ, बौद्ध, सूफी, भक्ति और शक्ति के केंद्र के साथ ही हेरिटेज और ईको टूरिज्म को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने का परिणाम है कि जिस यूपी में पहले कोई आना नहीं चाहता था, आज प्रदेश की आबादी से दोगुने टूरिस्ट यहां आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने काशी, अयोध्या, मथुरा, प्रयाग, गोरखपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि आज सभी जगह होटल बुक हैं, टैक्सियां बुक हैं, मार्केट कई गुना बढ़ चुके हैं, रेस्टुरेंट में तिल रखने की जगह नहीं मिल रही है है। आज पूरी दुनिया यूपी को देखना चाहती है। यूपी अब उपद्रव नहीं उत्सव की भूमि बन चुका है। जिस यूपी के बारे में कहा जाता था कि यहां अराजकता है, इसे डबल इंजन सरकार ने आस्था और आजीविका में बदल दिया है। यूपी को देश के विकास का ब्रेकर कहा जाता था वह आज ब्रेक थ्रू राज्य बन चुका है। यूपी आज बीमारू नहीं बल्कि रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। सबसे ज्यादा निवेश यहां आ रहा है। इसमें भी सर्विस सेक्टर की बड़ी भूमिका है। अच्छे होटल, अच्छे रेस्टोरेंट आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस बात की प्रशंसा की कि आज जितनी भी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो रहा है, ये सब स्थानीय सांसद और विधायकों के प्रस्तावों का ही नतीजा है। सीएम ने कहा कि हम लोग किसी धार्मिक स्थल को संरक्षित करते हैं, तो ऐसा करके हम आने वाली पीढ़ि के लिए एक प्रेरणा स्थल का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग अयोध्या भय के मारे नहीं आते थे, आज वहां से संतुष्ट होकर लौट रहे हैं। आज काशी विश्वनाथ धाम में एक साथ 50 हजार श्रद्धालु भी आ जाएं तो कोई परेशानी नहीं होती। विंध्यवासिनी धाम में लाखों लोग भी एक साथ आ जाएं तो कोई दिक्कत नहीं है। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि हमें सीसीटीवी कैमरे को एआई टूल के साथ जोड़ना चाहिए, जिससे हमें ठीक ठीक पता लग सके कि किसी भी पर्यटन स्थल पर कितने टूरिस्ट आ रहे हैं। सीएम योगी ने स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ साथ बुंदेलखंड के किलों को पर्यटन के दृष्टि से विकसित करने की बात कही। उन्होंने पर्यटन विभाग को इस संबंध में जल्द से जल्द पॉलिसी लाकर आगे बढ़ने के लिए कहा। सीएम योगी ने डिजिटल टूरिस्ट मैप तैयार करने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही यह भी कहा कि प्रदेश के हर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर टूरिस्ट डेस्क की स्थापना की जाए। जहां से वहां आने वाले पर्यटकों को ये मालूम हो सके कि यहां महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल कौन कौन से हैं, रुकने और खाने-पीने के लिए क्या व्यवस्था है। एक बार हमने ऐसा सिस्टम डेवलप कर लिया तो यूपी इतनी लंबी लकीर खींचेगा कि इसके आस पास भी कोई नहीं दिखेगा।

सीएम योगी ने एक्स पर बदला अपना बायो, नाम के आगे जोड़ा-'मोदी का परिवार'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में अपने एक्स (पहले ट्विटर) के बायो को बदलते हुए उसमें अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिख दिया है। पीएम मोदी ने तेलंगाना में एक जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन को निशाने पर लेते हुए पूरे देश को अपना परिवार बताया है। इसके बाद पीएम के समर्थन में देशभर के शीर्षस्तर के बीजेपी नेताओं ने अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिख दिया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपने एक्स हैंडल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के नेता लालू प्रसाद यादव के बयान पर पलटवार करते हुए पूरे देश को अपना परिवार बताया है। इसके बाद भाजपा नेताओं ने भी पीएम के समर्थन में अपने एक्स हैंडल के बायो में 'मोदी का परिवार' जोड़ लिया है। इससे पहले 2019 में प्रधानमंत्री के 'चौकीदार' वाले नारे के बाद देशभर के बीजेपी नेताओं यहां तक कि आम जनता ने भी अपने नाम के आगे 'मैं भी चौकीदार' जोड़ लिया था।

सीएम के निर्देश पर जिलाधिकारियों ने फसलों का सर्वे कर राहत आयुक्त को भेजी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अधिकारियों को फील्ड में जाकर ओलावृष्टि व बारिश से अन्नदाता किसानों की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे करने का निर्देश दिया था। सीएम के निर्देश मिलते ही सोमवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी हरकत में नजर आए। वे सुबह से ही अन्नदाताओं से संपर्क साधकर खेतों में पहुंचे और फसलों के नुकसान का जायजा लिया, फिर सर्वे रिपोर्ट राहत विभाग को सौंपी। प्रदेश के सभी जनपदों में अनवरत सर्वे कार्य चल रहा है। इसके साथ ही आकाशीय बिजली से हुई जनहानि व पशुहानि का भी सर्वे कराकर मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि सीएम के निर्देश पर ओलावृष्टि व भारी वर्षा के कारण सभी फसलों के नुकसान का सर्वे आज शाम तक लगभग पूरा कर लिया जाएगा। वहीं छूटे हुए किसानों के लिए विशेष क्षेत्रीय शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके डेटा से जुड़ी जानकारी राहत पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि झांसी, इटावा, ललितपुर, सहारनपुर समेत सभी जिलों में नुकसान का आकलन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जनपदों के अधिकारी सोमवार सुबह ही फील्ड में पहुंचे और नुकसान की हकीकत देख लगातार रिपोर्ट भेज रहे हैं। सीएम ने आदेश दिया था कि संबंधित विभाग को डिटेल उपलब्ध कराया जाए, जिससे 24 घंटे में अन्नदाताओं के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि को भेजा जा सके। सीएम योगी ने अधिकारियों को क्षतिपूर्ति देने में लापरवाही न करने की हिदायत दी थी। इसके बाद सोमवार को सहारनपुर के जिलाधिकारी, इटावा, जालौन, मुजफ्फरनगर, झांसी समेत अनेक जिलों के अफसरों ने किसानों से संपर्क साधा और खेतों में जाकर नुकसान का जायजा लिया।

जालौन के जिलाधिकारी ने ओलावृष्टि से प्रभावित उरई तहसील के गम कुकरगांव, बोहदापुरा, सातमील व उरई ग्रामीण का निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी (वित्त-राजस्व) ने तहसील कोंच व उरई के ग्राम पिंडारी व सोमई में जाकर नुकसान का अवलोकन किया। एडीएम (न्यायिक) ने माधौगढ़ ग्राम मिझौना व बंगरा का निरीक्षण किया। एडीएम (नमामि गंगे) ने ओलावृष्टि से प्रभावित तहसील कालपी के ग्राम आटा व चमारी संधी में जाकर नुकसान हुई फसलों को देखा और वहां की रिपोर्ट राहत कार्यालय भेजी।

मध्य प्रदेश के सीएम डॉ.मोहन यादव ने अपने कैबिनेट सदस्यों के साथ किए रामलला के दर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/अयोध्या

मध्य प्रदेश के सीएम डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में उनका मंत्रिमंडल सोमवार को श्रीरामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचा। 63 सदस्यीय डेलिगेशन सुबह महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विशेष विमान से पहुंचा।

योगी सरकार में कृषि मंत्री व अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही व संगठन की तरफ से संसाद लल्लू सिंह ने मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश व उनके कैबिनेट मंत्रियों, अधिकारियों को माला पहनाया एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। वहीं सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने उनके स्वागत में लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मध्यप्रदेश से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि 'हमारा सबका सौभाग्य है, हमने आज श्रीरामलला के दर्शन किए, मध्य प्रदेश और अयोध्या का सम्बंध 2000 साल पुराना है, जब मध्य प्रदेश से सम्राट विक्रमादित्य ने अयोध्या आकर भगवान श्रीरामजन्मभूमि का पुनरुद्धार करवाया था। आज 500 वर्षों बाद फिर से एक अवसर आया है, जब भगवान श्रीरामलला का 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई, यह तारीख इतिहास में दर्ज हो गई है। अब अयोध्या अलौकिक नगर के रूप में स्थापित हो गयी है। हमने यहां आकर भगवान श्रीरामलला से आशीर्वाद लिया, जिससे हम गरीबों की सेवा कर सकें। उन्होंने कहा कि हम यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उत्तर प्रदेश सरकार से अनुरोध करेंगे कि यहां मध्य प्रदेश वासियों के लिए एक स्टेट भवन बने। इससे मध्य प्रदेश के दर्शनार्थियों को सुविधा प्राप्त होगी। सप्तपुरियों में वर्णित अयोध्या मोक्षदायिनी नगरी है, यहां आकर हम सभी को अलौकिक अनुभूति हो रही है।

यूपी के 80, बिहार के 40 मिलकर भाजपा का करेंगे सफायाः अखिलेश

- बसपा, कांग्रेस व भाजपा के कई नेता साथियों सहित सपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए सोमवार को बसपा, कांग्रेस और भाजपा को छोड़कर कई नेता अपने साथियों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। इनके अतिरिक्त अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के भी कई प्रमुख पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सपा मुख्यालय पर अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले सभी नेताओं से उम्मीद जताई कि वे लोकसभा चुनाव में पूरी ताकत से साथ देंगे। संघर्ष में उनका साथ समाजवादी पार्टी को मजबूती देगा। उन्होंने कहा यूपी के 80 बिहार के 40 मिलकर भाजपा का सफाया करेंगे। भाजपा जनता के सवालों के घेरे में है। भाजपा को जनता के सवालों का जवाब देना होगा।

भाजपा छोड़कर शिव कुमार बेरिया पूर्व कैबिनेट मंत्री ने समाजवादी पार्टी में वापसी की। रूदौली जिला बाराबंकी के पूर्व विधायक रूश्दी मियां ने बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अतहर खान भुट्टो नेता रसूलाबाद, राम मिलन भारतीय बसपा मंडल कोआर्डिनेटर, सिद्धार्थ नगर बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। कांग्रेस छोड़कर डॉ. वीपी शर्मा और बसपा छोड़कर अभिनंदन शर्मा समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा मेरठ के महामंत्री सुधीर कांत शर्मा अपने तमाम साथियों के साथ समाजवादी पार्टी के सदस्य बन गए। अंकित शर्मा पूर्व प्रत्याशी बड़ोत विधानसभा ने भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। राजा राजीव कुमार सिंह पूर्व मंत्री उप्र के पुत्र राजा रितेश कुमार सिंह भी आज समाजवादी पार्टी के सदस्य बन गए। शिव कुमार बेरिया के साथ राजेश तिवारी, के.के. यादव, सौरभ यादव आलोक बाजपेयी, प्रदीप दुबे, मुमताज अहमद, मुकीव्वर खां नाजिम वारसी, मेवा लाल शंखवार, सुहेल खां, सभासद वसीम वारसी, रमाशंकर गुप्ता, रवीन्द्र पालीवाल, मोनू गुप्ता, दलीप पाल, संतोष यादव, दीपू यादव, प्रकाश यादव, नसीम, मुमताज, बृजभान शंखवार, रवि दोहरे ने सदस्यता ग्रहण की। रुश्दी मियां के साथ श्रीपाल रावत जिला पंचायत सदस्य, शाहमसूद, घनश्याम कोरी जिला पंचायत सदस्य, विनय तिवारी, गिरीश मिश्र, मुनव्वर ली पूर्व प्रमुख, मांधाता सिंह, अब्बास अली, जैदी, विंध्याचल सिंह, राम बहादुर यादव और अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के घनश्याम शर्मा, डॉ. बालेन्द्र कुमार, अंकित मदन शर्मा, सुधीर शर्मा, सत्यप्रकाश मिश्र, सरोज शर्मा भी समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अवधेश प्रसाद, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, विधायक शाहिद मंजूर, पवन पाण्डेय पूर्व विधायक अयोध्या तथा लालजी यादव, जिलाध्यक्ष सिद्धार्थनगर की उपस्थिति उल्लेखनीय रही है।

संतकबीर नगर के तत्कालीन चकबंदी अधिकारी सेवा से पदच्युत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

चकबन्दी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार के आरोपी संतकबीर नगर के तत्कालीन चकबंदी अधिकारी और वर्तमान में इसी पद पर मेरठ में तैनात प्रभाकर सेवा से पदच्युति कर दिया। संतकबीर नगर में तैनाती के दौरान ग्राम-बिसौला में उप जिलाधिकारी का आदेश निरस्त कर ग्रामसभा/ राज्य सरकार के मूल्यवान भूमि को क्षति कारित कर निजी काश्तकारों को सदोष लाभ व ग्राम फिरोजपुर में आदेश पारित कर ग्रामसभा / राज्य सरकार की नाला एवं वन विभाग की भूमि पर निजी व्यक्तियों को स्वत्व प्रदान करने का प्रभाकर पर आरोप है। उक्त के अतिरिक्त ग्राम-बिसौला, परगना हस्तिनापुर, तहसील-मवाना, जिला-मेरठ एवं ग्राम फिरोजपुर, परगना किठौर, तहसील- मवाना, जिला-मेरठ में चकबन्दी प्रक्रियान्तर्गत कृत अनियमितताओं की जांच समिति गठित कर करायी गयी। जांच समिति की संस्तुति के अनुसार ग्राम बिसौला व फिरोजपुर में चकबन्दी प्रक्रियान्तर्गत कृत अनियमितताओं के लिए दोषी अधिकारियों / कर्मचारियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराने एवं ग्रामसभा की ऐसी भूमि, जिस पर चकबन्दी अधिकारी द्वारा निजी व्यक्तियों को स्वत्व प्रदान किया गया है, जबकि उन्हें प्रारम्भिक स्तर से कोई स्वत्वाधिकार प्राप्त नहीं था, को चिन्हित करते हुद्ध उनके विरूद्ध यथोचित कार्यवाही करने व उक्त भूमि को ग्रामसभा / राज्य सरकार में निहित कराने के निर्देश जिलाधिकारी / जिला उप संचालक चकबन्दी, मेरठ को दिए गए हैं। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक चकबन्दी विभाग में कुल 22 चकबन्दी प्राधिकारियों को निलम्बित कर 4 चकबन्दी अधिकारी को पदच्युति व 1 चकबन्दी अधिकारी को उसके मूल पद पर प्रत्यावर्तित करते हुए 40 अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराई जा चुकी है।

यूपी में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने पर मिलेगी बंपर छूट

- सेमीकंडक्टर नीति- 2024 देश को बनाएगी दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकतः योगेन्द्र उपाध्याय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार ने हाल ही में यूपी सेमीकंडक्टर नीति 2024 को मंजूरी देकर उत्तर प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने की अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। इस नीति को लागू कर सीएम योगी ने प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग की रीढ़ कहे जाने वाले सेमीकंडक्टर्स के बड़े पैमाने पर निर्माण की राह काफी आसान कर दी है। इस नीति के तहत यूपी में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने के इच्छुक निवेशकों को कैपिटल सब्सिडी के साथ ही इंटरेस्ट सब्सिडी, लैंड सब्सिडी, स्टांप फीस और रजिस्ट्रेशन फीस के साथ ही इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में भी भारी राहत दी गई है। यही नहीं, योगी सरकार यहां सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाली कंपनियों को कौशल और प्रशिक्षण के लिए भी सहायता देगी, जबकि अनुसंधान एवं विकास केंद्र के साथ ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) स्थापित करने पर भी उन्हें राहत प्रदान की जाएगी। माना जा रहा है कि यूपी की सेमीकंडक्टर नीति भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया की आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के तहत जारी सेमीकंडक्टर नीति प्रदेश और देश को इस इंडस्ट्री में अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसमें निवेशकों को कई तरह से वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं। नीति में इसका पूरा उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार कैपिटल सब्सिडी के तहत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित सब्सिडी का 50 प्रतिशत प्रदान किया जाएगा।

भारी ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को तुरन्त मुआवजा दे सरकारः अजय राय

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने काकोरी ब्लाक का दौरा कर पीड़ित किसानों से की मुलाकाता, साझा की उनकी परेशानियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि विगत दो दिनों पूर्व हुई भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के कारण पीड़ित किसानों को तुरन्त मुआवजा देकर सरकार राहत पहुंचाए।

राय ने उक्त बातें सोमवार को लखनऊ के काकोरी ब्लाक के दौरे के दौरान कहीं। राय वर्षा एवं ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का जमीनी जायजा लेने काकोरी ब्लाक के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे थे। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, मीडिया चेयरमैन, पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र यादव, पूर्व विधायक इन्दल रावत, प्रवक्ता सचिन रावत, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, रूद्र दमन सिंह, अब्बास रिज़वी योगेश तालान, नितान् सिंह नितिन आदि मौजूद रहे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित किसानों से मुलाकात कर उनकी परेशानियां साझा की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा भी दिया कि उनका मुद्दा सरकार से प्राथमिकता के आधार पर उठाया जायेगा।

राय ने कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूरे क्षेत्र की फसल नष्ट हो चुकी है और अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों का पुरसाहाल लेने अभी तक कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। इस अप्रत्याशित आपदा के कारण अब किसानों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

फरवरी माह में प्रदेश को हसिल हुआ 17742.67 करोड़ रुपए का राजस्व

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के फरवरी माह में कुल 17742.67 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 के फरवरी माह में 14928.79 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 के फरवरी माह में वित्तीय वर्ष 2022-23 के फरवरी माह के सापेक्ष 2813,88 करोड़ रुपए राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है।

खन्ना ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह फरवरी, 2024 में कुल 6412.66 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष फरवरी, 2023 के माह में प्राप्ति 5190.87 करोड़ थी। इस प्रकार जीएसटी मद के अंतर्गत फरवरी माह में गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 1221.79 करोड़ अधिक प्राप्त हुआ है। वैट के अन्तर्गत माह फरवरी, 2024 में 2323.15 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष माह फरवरी, 2023 में प्राप्ति 2241.47 करोड़ थी।

खन्ना ने बताया कि आबकारी मद के अन्तर्गत माह फरवरी, 2024 में कुल 5138.84 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष माह फरवरी, 2023 में प्राप्ति 4457.33 करोड़ थी। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह फरवरी, 2024 की राजस्व प्राप्ति 2518.33 करोड़ है जबकि गत् वर्ष माह फरवरी, 2023 में प्राप्ति 1942.15 करोड़ थी। परिवहन के अन्तर्गत माह फरवरी, 2024 की राजस्व प्राप्ति 958.61 करोड़ है जबकि गत् वर्ष माह फरवरी, 2023 में प्राप्ति 787.82 करोड़ थी। भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह फरवरी, 2024 में प्राप्ति 391.08 करोड़ है जबकि गत् वर्ष माह फरवरी, 2023 में प्राप्ति 309.15 करोड़ थी।

वित्त मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के माह फरवरी, 2024 तक मुख्य कर राजस्व के अंतर्गत 173381.51 करोड़ की प्राप्ति हुई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह फरवरी तक जीएसटी के अंतर्गत 68450.17 करोड़ तथा वैट के अंतर्गत 26822.93 करोड़ की प्राप्ति हुई है। इसी प्रकार आबकारी मद के अंतर्गत 41224.44 करोड़, स्टाम्प तथा निबंधन के अंतर्गत 24439.78 करोड़, परिवहन के अंतर्गत 9427.01 करोड़, भू राजस्व के अंतर्गत 360.83 करोड़ तथा ऊर्जा के अंतर्गत 2556.35 करोड़ की प्राप्ति हुई है।

सहारनपुर मंडल के तीनों जिलों में उद्यमी लगा रहे 5435 करोड़ की परियोजनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश में 10 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतारे जा चुके हैं। गत माह आयोजित हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के बाद प्रदेश के सभी 18 मंडलों में बड़े पैमाने पर निवेश को धरातल पर उतारा गया है। हजारों करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं से मंडलों में न केवल उद्योग का वातावरण बनेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नौजवानों को नौकरी की तलाश में प्रदेश से बाहर न जाना पड़े, ऐसे में राज्य के विभिन्न मंडलों में हो रहे हजारों करोड़ रुपए के निवेश से नई उम्मीद जगी है।

बात करें सहारनपुर मंडल की तो इसमें शामिल तीन जिलों, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर में 50 करोड़ से अधिक की 14 बड़ी परियोजनाओं पर सबकी निगाहें टिकी हैं। 5435 करोड़ की ये परियोजनाएं अपने साथ 10 हजार से अधिक रोजगार भी लेकर आ रही हैं। इन परियोजनाओं में इथनॉल प्लांट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, विद्युत ट्रांसमिशन, प्राइवेट इंडस्ट्रियल प्लांट, वुडेन हैंडिक्राफ्ट, होटल इंडस्ट्री, डिस्टलरी और सरिया निर्माण जैसे उद्योग शामिल हैं।

जीबीसी 4.0 के जरिए सहारनपुर मंडल अंतर्गत तीनों जिलों में मुजफ्फरनगर जनपद में सर्वाधिक निवेश धरातल पर उतारने में सफलता मिली है। 50 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाली पांच परियोजनाओं से 2,811 करोड़ का निवेश धरातल पर उतर रहा है। इससे 1,420 रोजगार सृजित होंगे। मुजफ्फरनगर में जो बड़े उद्योग समूह निवेश कर रहे हैं उनमें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में जीसी इंडिया सॉल्यूशन प्रा.लि. की ओर से 1480 करोड़ का निवेश किया जा रहा है, इससे लगभग 500 रोजगार सृजित होंगे। इसी प्रकार दीपावली पूजा बॉक्स निर्माण के लिए रेशु एडवर्टाइजिंग प्रा.लि. की ओर से 600 करोड़ का निवेश हो रहा है, जिससे 150 रोजगार सृजित होंगे। वहीं वुड बेस्ड प्रॉडक्ट मैन्यूफैक्चरिंग में सप्तम डिकोर प्रा.लि. की ओर से 301 करोड़ का निवेश हुआ है, जिससे 300 रोजगार सृजित होंगे। वहीं टीएमटी सरिया निर्माण के लिए स्वरूप स्टील इंडस्ट्री प्रा.लि. की ओर से 270 करोड़ का निवेश किया गया है। इससे 325 रोजगार के अवसर बनेंगे। इसके अलावा डिस्टलरी निर्माण के लिए अल्कोबुल्स लि. ने 160 करोड़ का निवेश किया है, जिससे 145 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सहारनपुर मंडल के तीनों जनपदों में से मुख्यालय जनपद यानी सहारनपुर में सर्वाधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। यहां 1314 करोड़ की परियोजनाओं से 7249 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। 50 करोड़ से अधिक की चार परियोजनाएं यहां मूर्त रूप ले रही हैं। इनमें लकड़ी के हैंडिक्राफ्ट के एक्सपोर्ट के लिए सहारनपुर हैंडिक्राफ्ट डेवलपमेंट सेंटर की ओर से 604 करोड़ का निवेश हुआ है, जिससे 2000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसी प्रकार पुलत्स्य इंडस्ट्रियल पार्क लिमिटेड की ओर से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क के लिए 500 करोड़ का निवेश किया गया हे। इससे 5000 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसी के साथ कॉमर्शियल प्लॉट डेवलपमेंट के क्षेत्र में कॉस्मोस इन्फ्रा इंजीनियरिंग इंडिया प्रा.लि की ओर से 130 करोड़ का निवेश किया गया है, जिससे 150 रोजगार सृजित होंगे। वहीं सीबीजी प्लांट के लिए सिनर्जी टेलटेक प्रा.लि. की ओर से 80 करोड़ का निवेश हुआ है, जिससे तकरीबन 100 की संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सहारनपुर मंडल के तीसरे जिले शामली में भी निवेशकों ने रुचि दिखाते हुए 1,310 करोड़ का निवेश किया है। 50 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाली पांच कंपनियों के जरिए शामली में दो हजार नौकरियों के अवसर सृजित होंगे।

केंद्रीय राज्यमंत्री निरंजन ज्योति ने 33 कृषि फीडरों का किया उद्घाटन

फतेहपुर। भारत सरकार की रिविम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत विद्युत व्यवस्था में सुदृढ़ किए जाने के लिए निर्मित कराए गए 33 कृषि फीडरों का केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने शिलापट्ट का लोकार्पण किया। साध्वी ने कहा कि इन कृषि फीडरों के बन जाने से किसानों को काफी सुविधाएं मिलेंगी। शहर के आबूनगर स्थित पीडब्ल्यूडी के डाक बंगले में केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने आरडीएसस योजना के तहत बनाए गए कृषि फीडरों का लोकार्पण करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार बेहद चिन्तित है। सिंचाई के दौरान लो-वोल्टेज सहित फाल्ट की समस्याओं से किसान जूझते थे। जिसके चलते उनके नलकूप संचालित नहीं हो पाते थे।

इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जिले में 151 कृषि फीडरों की स्थापना की जानी थी जिसमें 33 कृषि फीडर बनकर तैयार हो गए हैं। जिनका लोकार्पण कर किसानों को समर्पित कर दिया गया है। शेष पर कार्य जारी है। जल्द ही इनका निर्माण कार्य भी पूरा हो जाएगा। उन्होने कहा कि उन्होने अपने कार्यकाल में जिले में अभूतपूर्व विकास कार्य कराएं हैं। जनता का प्यार व स्नेह बना रहा तो तीसरी बार भी जिले से जीतकर वह चहुमुखी विकास कराने का काम करेंगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, खागा विधायक कृष्णा पासवान, अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता उर्फ बब्लू, बिंदकी विधायक जय कुमार जैकी मौजूद रहे।

दलिया समोसे खाकर सात को फूड प्वाइजनिंग

हमीरपुर। थाना ललपुरा के कलौलीजार गांव में घर में बनाए गए दलिया और समोसे खाकर पांच बच्चों सहित सात लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। अचानक से सभी को उल्टी.दस्त शुरू हो गए। रविवार देर रात सभी को उपचार के लिए छानी सीएचसी ले जाया गयाए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दो बच्चों को कानपुर रेफर किया गया है। सोमवार सुबह एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों का हालचाल लिया। इसके बाद एसडीएम और मुख्य अभिहित अधिकारी रामअवतार सिंह ने कलौलीजार गांव पहुंचकर एक परचून की दुकान से मैदा, मसाले और तेल का नमूना लेकर जांच को भेजा है। कलौलीजार गांव निवासी नवल की पत्नी गोमती ने बताया कि उसकी बड़ी बहन विनीता ने रविवार शाम को घर में समोसे बनाए थे। दलिया भी बना था। समोसे के लिए गांव की दुकान से मसाला खरीदा था। दो दिन पूर्व लाए गए रिफाइंड तेल में समोसे तले गए थे। शाम को सभी लोगों ने दलिया के साथ.साथ समोसा भी खाए थे। देर रात करीब 11 बजे के आसपास अचानक से सभी को उल्टी.दस्त शुरू हो गए। देखते ही ही देखते घर के सात सदस्यों की हालत बिगड़ गई। देर रात सभी को एंबुलेंस में लादकर छानी सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। फूड प्वाइजनिंग का शिकार होने वालों में 35 वर्षीय विनीता पत्नी बृजकिशोर, इसका नौ वर्षीय पुत्र प्रिंस, पांच वर्षीय पुत्र निखिल, महेश की 10 वर्षीय पुत्री राधिका, नौ वर्षीय पुत्र अमन, 50 वर्षीय सरमन पत्नी रामआसरे और नवल की पांच वर्षीय पुत्री बेबी है। इन सभी का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। बेबी और निखिल को गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया है।

ट्रैक्टर की टक्कर से गर्भवती महिला की मौत, कोहराम मचा

कायमगंज फर्रुखाबाद। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से गर्भवती महिला की दर्दनाक मौत हो गई ।सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया । गुस्साए परिजनों ने मौके पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव रुखइया निवासी शिखा कायमगंज से अल्ट्रासाउंड कराकर अपने रिश्तेदार के साथ बाइक से घर वापस जा रही थी। जब वह कायमगंज अचरा मार्ग पर पहुंची तो लुधैया के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही की मौत हो गई ।मौत पर कोहराम मच गया।

परिजनों ने बताया कि शिखा सात माह की गर्भवती थी ।और कायमगंज से अल्ट्रासाउंड करा कर अपने जेठ पुष्पेंद्र के साथ घर लौट रही थी ।शिखा की 4 वर्ष पूर्व धर्मेंद्र के साथ शादी हुई थी । बताया गया कि शिखा का पति धर्मेंद्र दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी कर रहा है । शिखा का मायका शमशाबाद थाना क्षेत्र का गांव नैगमा है। गुस्साए लोगों ने मौके पर जाम लगा दिया ।

हालांकि पुलिस उन्हें समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया ।ट्रैक्टर में दो ट्रालियां जुड़ी हुई थी और कायमगंज की तरफ आलू लात कर आ रहा थाप्रत्यक्ष डार्टियों के अनुसार ट्रैक्टर काफी तेज रफ्तार गति से था इसी दौरान उसने रुखैया निवासी पुष्पेंद्र की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे पीछे बैठीपुष्पेंद्र के भाई कीपत्नी शिखा की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि सीख के ऊपर से ट्राली का पहिया निकल गया ।चालक घटना के बाद मौका पाकर वहां से फरार हो गया।

मौके पर उप जिलाधिकारी यदुवंश कुमार व क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र सिंह पहुंच कर जांच पड़ताल की तथा परिजनों को समझा कर शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए फतेहगढ़ भिजवा कर ट्रैक्टर ट्राली को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है प्रभारी निरीक्षक ने बताया की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दहेज हत्या में पति को सात वर्ष का कारावास

संवाददाता। हमीरपुर

दहेज हत्या के मामले में सोमवार को विशेष न्यायाधीश एफ्टीसी.प्रथम सुदेश कुमार ने पति को दोषी मानते हुए सात वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ढिहा डेरा गांव में दहेज के लिए शादी के पांच साल में विवाहिता की जहर खिलाकर हत्या कर दी गई थी। सोमवार को विशेष न्यायाधीश एफ्टीसी.प्रथम सुदेश कुमार ने मृतका के पति को दोषी मानते हुए सात वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

जसपुरा थानाक्षेत्र के कुटी डेरा मजरा निवासी भूरा ने मौदहा कोतवाली में 23 दिसंबर 2016 को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री आशा की शादी जून 2011 को मौदहा कोतवाली के डीहा डेरा निवासी मनोज कुमार पुत्र श्यामबिहारी निषाद के साथ की थी। शादी के वाद से सास रामदुलारीए पति मनोज कुमारए चचेरा जेठ तेज प्रताप व जेठानी जनक दुलारी दहेज में बाइकए एक लाख कैश य सोने को जंजीर लाने का दबाव बनाकर उत्पीड़न करने लगे।

जिस पर रिश्तेदारों के बीच पंचायत भी हुई थी। मगर ससुरालीजनों का उत्पीड़न जारी रहा। 18 दिसंबर 2016 को उसकी पुत्री को जहर देकर मार दिया गया। पुलिस ने जांच के बाद पति मनोज कुमार के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सहायक शासकीय अधिवक्ता महेशचंद्र द्विवेदी ने बताया कि विशेष न्यायाधीश एफ्टीसी.प्रथम सुदेश कुमार ने मुकदमे की सुनवाई करते हुए मृतका आशा के पत्ति मनोज कुमार को दोषी मानते हुए सात वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार अर्थदंड लगाया है।

जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से कर टीम भावना के साथ कराएं निर्वाचन

संवाददाता। फतेहपुर

लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में आयुक्त प्रयागराज मंडल विजय विश्वास पंत, अपर पुलिस महानिदेशक भानू भास्कर के संयुक्त तत्वाधान में निर्वाचन में लगाए गए प्रभारी अधिकारियों व नोडल अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद में बनाए गए 2143 बूथों में मतदान कराने के लिए तैनात किए गए प्रभारियों से दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

संयुक्त रूप से कहा कि अपनी-अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन ईमानदारी के साथ टीम भावना से करते हुए निर्वाचन संपन्न कराएं। मंडलायुक्त ने कहा कि निर्वाचन को पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार संवेदनशीलता के साथ कराएं। साथ ही प्रशिक्षण कराने के बाद उनके दायित्वों का परीक्षण अवश्य लें जिससे मतदान व मतगणना प्रक्रिया में कोई समस्या न हो। कहा कि थाना व तहसील क्षेत्रवार की गई निरोधात्मक कार्यवाही की सूची बना लें।

सोशल मीडिया में पैनी नजर बनाए रखें। वारंटियो पर नियमानुसार तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही कराई जाये। एसपी को निर्देशित किया कि जनपद में कही भी अवैध शराब न बनने पाए इसके लिए संभावित क्षेत्रों में लगातार छापेमारी की जाये। जिलाधिकारी सी. इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने कहा कि दिए गए निर्देशों का अक्षरश: पालन कराया जायेगा। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक प्रेम गौतम, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मौजूद रहे।

ऑनलाइन उपस्थिति का बेसिक शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

संडीला (हरदोई)। बेसिक शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने तथा डिजिटलाइज़ेशन किए जाने के विरोध में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रदेश सरकार के कथित शिक्षक विरोधी रवैये से नाराज़ शिक्षक अपने विद्यालयों से खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय पर एकत्र हुए तथा सरकार द्वारा दिए गए टैब्लेट को सक्रिय करने हेतु सिम कार्ड उपलब्ध कराए जानेए शिक्षकों को 31 दिन का उपाजित अवकाश दिए जानेए अर्ध आकस्मिक अवकाश, पुरानी पेंशन समेत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर तहसील प्रभारी पवन कुमार शुक्ला, ब्लाक अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार बाजपेयी, संघर्ष समिति के अध्यक्ष मो. हारून के अलावा शैलेन्द्र कुमार मौर्य, सत्येन्द्र वीर सिंह, नूरुल हसन, मो. नईम, दुर्गेश जायसवाल, रशमी मिश्रा, अर्पी वर्मा, हरिराम गुप्ता समेत शिक्षक नेतागण मौजूद रहे।

क्विक न्यूज

डीएम की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की बैठक

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग विकास की बैठक आयोजित की गई। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित गाँवो की कार्ययोजना अनुमोदन के लिए रखी गई। डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी मेजर प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण कर सुनिश्चित किया जाये कि प्रोजेक्ट उचित है या नही। डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी बैठको का कार्यवृत्त जारी किया जाये। कार्यों में देरी होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में सभी कार्यवाही कर दुबारा बैठक आयोजित कराई इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कार डिवाइडर से टकराई, एक की मौत व तीन घायल

हमीरपुर। परीक्षा देकर घूमने निकले सीबीएसई बोर्ड के परीक्षार्थियों की कार हमीरपुर.कुरारा मार्ग पर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में इंटरमीडिएट के छात्र की मौत हो गई। सोमवार को सीबीएसई बोर्ड का फिजिक्स का प्रश्न पत्र था। कुछेछा स्थित महर्षि विद्या मंदिर के इंटरमीडिएट के 17 वर्षीय छात्र कार्तिकेय पुत्र आशीष दीक्षित, हर्ष चौहान पुत्र रविंद्र सिंह, कौशलेस पुत्र लोकभूषण राजपूत निवासी तीनों निवासी रमेड़ीए आमिल पुत्र अनीस निवासी पौथियाए रचित पुत्र नीरज पालीवाल निवासी देवादास परीक्षा देने के बाद कौशलेस के पिता की कार लेकर घूमने के लिए कुरारा की ओर चले गए। वापस लौटते समय पतारा और कुरारा श्रमदान के बीच कार कालपी स्टेट हाईवे में ओवरलोड वाहनों की वजह से बनी गहरी दरारों से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर कई बार पलटते हुए झाड़ियों में फंस गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायल छात्रों को कार से निकाला गया। एंबुलेंस की मदद से सभी को जिला अस्पताल लाया गयाए जहां कार्तिकेय को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। तीन घायलों को कानपुर रेफर किया गया है। इनमें रचित और हर्ष की हालत गंभीर बनी हुई है।

घर में रह रही अकेली विधवा का शव मिला

संडीला (हरदोई)। घर में अकेली रह रही एक महिला का शव घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला जबकि घर का दरवाज़ा अंदर से बंद था। घटना कोतवाली कछौना के अंतर्गत ग्राम धुरपुरा मजरा निर्मलपुर की है। ग्राम निवासी नरेश जिनका बीमारी के चलते देहांत हो गया थाए उनकी पत्नी नगीना देवी घर में अकेली रह रही थीं। जानकारी के अनुसार नरेश का एक भाई रामदास लखनऊ मेडिकल कॉलेज में सेक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करता है। वह रविवार की शाम गांव पहुंचा। उसने घरपर जाकर बंद दरवाजे को खुलवाने का काफी प्रयास किया लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद आसपास के तमाम लोगा आ गए और दरवाजे का कुंडा तोड़ा गया। घर के अंदर पहुंचने पर सबके होश उड़ गए क्योंकि नगीनद देवी का शव चारपाई पर पड़ा था। शव के मुंह से खून निकल रहा था। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राशन विक्रेता पर कालाबाजारी का मुकदमा दर्ज

गुरसहायगंज (कन्नौज)। उचित दर राशन विक्रेता द्वारा कार्ड धारकों को राशन न देकर कालाबाजारी करने के मामले को संज्ञान में लेकर जॉचोपरान्त पूर्ति निरीक्षक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पूर्ति निरीक्षक सदर कन्नौज अंकित अग्रवाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि ग्राम जलालाबाद स्थित उचित दर विक्रेता राजेंद्र कुमार पुत्र रामकृष्ण की दुकान पर उनके द्वारा अभिलेखों एवं गोदाम का बारीकी से निरीक्षण किया गया जिसमें 34.3 कुंतल गेहूं एवं 45.51 कुंतल चावल के कालाबाजारी करने का मामला प्रकाश में आया है। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

मार्गों पर विशेष साफ-सफाई शुरू, अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

फतेहपुर। आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर पालिका परिषद ने कमर कस ली है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसके लिए मार्गों पर विशेष साफसफाई अभियान की शुरूआत हो गई। सोमवार को अध्यक्ष राजकुमार मौर्य व सभासद व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मार्गों पर निकले और सफाई कर्मियों को हिदायत दिया कि कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नही होनी चाहिए। आगामी आठ मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व जिले में मनाया जाएगा। इस पर्व पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होती है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचते हैं। मंदिरों को जाने वाले मार्गों को साफसुथरा किए जाने की शुरूआत नगर पालिका परिषद ने शुरू कर दी है।

मीटर रीडरो ने कंपनी के खिलाफ दी धोखाधड़ी की तहरीर

बिंदकी (फतेहपुर)। वेतन न देने के साथ ही इपीएफ व इएसआईसी घोटाले का आरोप लगाते हुए सैकड़ो मीटर रीडरों ने उ.प्र. पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ मीटर रीडर इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचकर मीटर रीडरों की भर्ती करने वाली कंपनी के खिलाफतहरीर दिया और एफआईआर दर्ज करने की मांग किया। कोतवाली परिसर में इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक माधुरे के नेतृत्व में सैकड़ो मीटर रीडर पहुंचे मीटर रीडरों ने पुलिस को एक तहरीर दिया जिसमें संविदा मीटर रीडरों की भर्ती करने वाली कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाया। कहा गया कि चार माह का वेतन नहीं दिया गया। वेतन से कटौती किए गए 27 माह का इपीएफतथा इएसआईसी का धन संबंधित विभाग को नहीं भेजा गया। वेतन मांगने पर कंपनी द्वारा निकाले जाने व मुकदमा दर्ज करने की धमकी दे जा रही है। कहा गया कि मीटर रीडर आर्थिक तंगी से बेहद परेशान है।

भाजपा चुनाव संचालन समिति की बैठक में लोकसभा चुनाव पर मंथन

निघासन खीरी। स्थानीय नगर पंचायत सभागार में भाजपा चुनाव संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई और पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने के लिए राज्य व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के लाभार्थियों से जन संपर्क व प्रचार प्रसार करने के लिए कहा गया। बैठक को निघासन विधानसभा प्रभारी/पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता व विधानसभा संयोजक/पूर्व जिला उपाध्यक्ष दया शंकर मौर्य सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र चतुर्वेदी, विजेंद्र सिंह, दामोदर मौर्य, जय प्रकाश विश्वकर्मा, कनकपाल राना, विकास मिश्र, महेश गुप्ता, हरीश पांडेय, छोटेलाल यादव, परितोष मंडल, सुनील मौर्य, राम लखन राजपूत, रामकेश लोधी, रवि गुप्ता अमित शुक्ला व सोशल मीडिया प्रभारी इंजी. मुकेश मिश्र सहित सभी संचालन समिति के पधाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नागेन्द्र सिंह सेंगर ने किया।

जनता तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती है: सुब्रत पाठक

- सांसद व वरिष्ठ नेताओं ने नमो युवा चौपाल में गिनाई उपलब्धियां

गुरसहायगंज (कन्नौज)। भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता द्वारा नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद सहित वरिष्ठ नेताओं द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों का बखान कर युवाओं को भाजपा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। सांसद सुब्रत पाठक नें कहा कि कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की रीढ हैं।

सोमवार को नगर के जीटी रोड स्थित मिश्रा पैलेस में आयोजित नमो युवा चौपाल कार्यक्रम के दौरान सांसद सुब्रत पाठक नें मौजूद युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा की जन कल्याणकारी नीतियों व उपलब्धियों के चलते देश की जनता लगातार तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। विपक्षी पार्टियों का मौका परस्त गठबंधन पूरी तरह विफ्ल होना तय है। विशिष्ठ अतिथि प्रदेश मंत्री भाजयुमों अरबिन्द त्रिपाठी नें कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। भाजपा ओबीसी मोर्चा महामंत्री विनय वर्मा नें कहा कि भाजपा सरकार कौशल विकास योजना के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित करके एवं रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहीं है। जिससे युवा अपने सपने साकार कर सके और सफ्लता की सीडियों पर आगे बढ सकें। इस दौरान भाजयुमों जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, विहिप जिला कार्याध्यक्ष नीरज मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, मंगलम पांडेय, सुमित सक्सेना, भूरा कठेरिया, सभासद भैयालाल दुवे, पूर्व नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा, संजीव गुप्ता उर्फटीटू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मंचासीन नेतागण व संबोधित करते सांसद सुब्रत पाठक।

बस व ऑटो रिक्शा में जोरदार टक्कर, तीन की मौत

- अन्य घायलों की हालत चिंताजनक

संवाददाता। मोहम्मदी

मोहम्मदी से ई रिक्शा पर सवार होकर गांव वापस जा रही सवारियों के ऊपर एक रोडवेज की ऊक अनियंत्रित बस चढ़ जाने से 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई तथा लोग लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आनद फनन में सीएचसी प्राथमिक उपचार के बाद जिला शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। जिला बलिया के ग्राम की रूबी देवी एरवीना और आलिया की मृत्यु रूबी देवी अपनी पुत्री के घर ग्राम दिलावरपुर में आई हुई थी। तबीयत खराब होने के कारण वह मोहम्मदी में सुबह दवा लेने आई थी। दवा लेकर ई रिक्शा पर सवार होकर घर वापस जा रही थी।

ई रिक्शा पर और भी सवारियां बैठीं थी। वह भी गांव जा रही थी। जैसे ही ई रिक्शा दिलावरपुर मोड़ के

पास पहुंचाए तभी गोला रोड की ओर से आ रही अनियंत्रित रोडवेज की अनुबंधित बस ई रिक्शा पर चढ़ गई। जिससे बुचिया देवी की मौके पर ही मौत हो गई तथा ई रिक्शा चालक मुजीब 27 वर्षए रुखसाना 37 वर्षए तीन वर्षीय अर्सलान व महरुन्निसा 32 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा इतना भयंकर था कि ई रिक्शा की परखच्चे उड़ गए। वहां देखने वालों की भीड़ लग गई। मौके पर सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मृतका सहित सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया। गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के उपरांत सभी घायलों को शाहजहांपुर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वही बस चालक बस छोड़कर मौके से भाग निकलाए तथा पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को कब्जे में ले लिया है। इंस्पेक्टर चंद्रशेखर सिंह का कहना है कि सभी घायलों को इलाज के लिए शाहजहांपुर भेजा गया है। जहां सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बहरेपन को लेकर फैली भ्रांतियों पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

लखीमपुर खीरी। विश्व श्रवण दिवस पर (चेंजिंग माइंड सेट्स) बहरेपन को लेकर फैली भ्रांतियों पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात आरबीएसके और आरकेएसके टीम के डॉक्टर्स पैरामेडिकल स्टाफ व काउंसलर को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता और बतौर विशिष्ट अतिथि प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ आर्य देशदीपक सहित सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ आईके रामचंदानीए वरिष्ठ सर्जन डॉ आरके कोली, (एसीएमओ) कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ (असिस्टेंट प्रोफेसर) मेडिकल कॉलेज डॉ मनोज शर्मा रहे। जिन्होंने बहरेपन को लेकर फैली भ्रांतियां और कान से संबंधित तमाम रोगों और उनके निवारण पर पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मनोज शर्मा ने

बहरेपन को लेकर फैली भ्रांतियों के विषय पर उपस्थित डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ और काउंसलर्स को बताया। उन्होंने कहा कि बहरापन कई वजह से हो सकता है। छोटी.छोटी गलतियां बहरेपन का कारण बन सकतीं हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में यह समस्या जल्द पनप जाती है। बहरेपन के कई कारण हो सकते हैं। इनमें से निम्न प्रमुख हैं, जिनमें उम्र बढ़ने के साथ बहरेपन की समस्या उत्पन्न होना प्राकृतिक घटना है। व्यावसायिक जोखिम (जो लोग शोर वाले क्षेत्रों में काम कर रहे हैं) गंदगी के कान में गिरने या डालने से गंभीर कान संक्रमण टीम्पेनिक रोग, टीम्पेनिक झिल्ली में छेद, कान में हड्डियों का गल जाना और कैंसर जैसे बीमारी, गलत दवाइयों के सेवन सेए मोबाइल का ज्यादा प्रयोग करने से भी बहरेपन की समस्या हो सकती है।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि कई बार कान में पानी चले जाने सेए इंफेक्शन हो जाने से या फिर गलत तरीके से कान की सफाई करने से भी बहरेपन की समस्या हो सकती है। कारण के त्वरित निस्तारण से बहरेपन की समस्या नहीं होतीए लेकिन वर्तमान समय में लोग तमाम घरेलू तरीके अपनाकर इस समस्या को बढ़ा लेते हैं। इसीलिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिससे आप लोगों के माध्यम से जानकारी को गांव.गांव तक पहुंचाया जा सके, क्योंकि आरबीएसके और आरकेएसके की टीम गांव.गांव तक जाकर काम करती है। एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि इस मामले में बरती जाने वाली सावधानियों की अगर बात करें तो शोरगुल वाले स्थानों से दूर रहेंए डॉक्टर से सलाह लेकर बहरेपन के कारण का पता लगायेंए ऑडिओलॉजिस्ट से सम्पूर्ण जांच करायेए सुनने में सहायक यंत्रों का उपयोग करें।

प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ आर्य देशदीपक ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में नाकए कान व गला रोग विशेषज्ञ दो असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती हो चुकी है। नाकए कान व गले से संबंधित समस्या के निराकरण के लिए आप लोगए लोगों को उपचार के लिए सही जगह पर भेजें। जिससे छोटी समस्या बड़ा रूप ना ले सके। मेडिकल कॉलेज में सेवाओं को और बढ़ाया जा रहा है। आने वाले समय में नाकए कान व गला से संबंधित सभी सुविधाएं मेडिकल कॉलेज में मिलने लगेंगी। इस दौरान सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ आईके रामचंदानी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में बहरेपन की समस्या को लेकर आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार की व्यवस्था की गई है। दवाई भी निशुल्क दी जाती हैं और हायर सेंटर में तब्दील होने से सेवाएं और अधिक बढ़ी हैं।

आरकेएस के कार्यक्रम से मिली 11 बच्चों को बहरेपन से निजात

लखीमपुर खीरी। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि कंजेनाइटल डेफ्नेस से ग्रस्त 11 बच्चों को आरकेएसके टीम द्वारा वर्ष 2023.24 में चिन्हित किया गया और उनका इलाज योजना के अंतर्गत निशुल्क कराया गया। एक ऑपरेशन पर करीब 7 से 8 लाख रुपए का खर्च आता है। इस हिसाब से करीब 80 लाख रुपए का खर्च सरकार द्वारा वहन किया गया है। जिले में अभी 8 ऐसे बच्चे और चिन्हित हैं जो इस समस्या से ग्रसित हैं उनके उपचार की प्रक्रिया चल रही है। टीम के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अमित खरे द्वारा निगरानी रखी जा रही है और इन सभी को सरकारी योजना का पूरा लाभ मिले इसकी निगरानी भी की जा रही है।

भारत रक्षा मामले में आयात पर निर्भर नहीं रह सकता : राजनाथ

भाषा। नई दिल्ली

घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत जैसा विशाल देश सैन्य साजो-सामान के आयात पर निर्भर नहीं रह सकता क्योंकि ऐसी निर्भरता उसकी रणनीतिक स्वायत्तता के लिए घातक हो सकती है। सिंह ने डेफकनेक्ट 2024 सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि रक्षा आयात पर निर्भरता के कारण भारत को अतीत में मुश्किल समय में परेशानी का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि घरेलू रक्षा उत्पादन का वार्षिक आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है जो 2014 के आसपास लगभग 44,000 करोड़ रुपए था। सिंह ने कहा, हम रणनीतिक स्वायत्तता तभी बरकरार रख पाएंगे जब हथियार और साजो-सामान हमारे देश में, हमारे अपने लोगों द्वारा बनाए जाएं। हमने इस दिशा में काम किया और हमें सकारात्मक परिणाम भी दिखे। उन्होंने कहा, वर्ष 2014 के आसपास, हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन लगभग 44,000 करोड़ रुपए था, आज हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है और यह लगातार बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत किसी भी महत्वपूर्ण क्षेत्र में आयात पर निर्भर नहीं रह सकता। उन्होंने कहा, भारत जैसा विशाल देश किसी भी महत्वपूर्ण क्षेत्र में आयात पर निर्भर नहीं रह सकता। अगर हम सैन्य साजो-सामान और हथियारों के आयात पर निर्भर रहेंगे तो यह निर्भरता हमारी रणनीतिक स्वायत्तता के लिए घातक हो सकती है।

रक्षा मंत्री ट्विन विमानवाहक ऑपरेशन देखने के लिए समुद्र में उतरेंगे

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय नौसेना के शीर्ष कमांडर अरब सागर में नौसेना के दो विमानवाहक पोतों में से एक पर आयोजित होने वाले एक अहम सम्मेलन में भारत की समुद्री सुरक्षा चुनौतियों की मंगलवार को व्यापक समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही वह सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में दोनों विमानवाहक पोतों को देखने के लिए समुद्र में उतरेंगे, जो भारतीय नौसेना की ट्विन कैरियर ऑपरेशन संचालित करने की क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। नौसेना कमांडरों के द्विवार्षिक सम्मेलन के पहले दिन सिंह ट्विन कैरियर ऑपरेशंस में विमानवाहक पोतों- आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य की युद्धक क्षमता का भी अवलोकन करेंगे। नौसैन्य कमांडर हिंद महासागर में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के साथ लाल सागर और आसपास के इलाकों में विभिन्न मालवाहक पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमले से पैदा हुई स्थिति समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान के साथ नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पाण्डे और वायु सेना प्रमुख वी आर चौधरी भी भाग लेंगे। वे क्षेत्रीय सुरक्षा के बदलते माहौल के बीच तीनों सेवाओं के बीच तालमेल बढ़ाने के तरीकों समेत व्यापक मुद्दों पर नौसैन्य कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, वे देश की रक्षा और भारत के राष्ट्रीय हित में तीनों सेवाओं का तालमेल और तत्परता बढ़ाने के रास्तों को तलाशेंगे। यह सम्मेलन नौसेना के कमांडरों के लिए समुद्री सुरक्षा से संबंधित रणनीतिक गतिविधियों के साथ ही वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारियों से बातचीत करने के उद्देश्य से एक मंच उपलब्ध कराता है। मधवाल ने बताया कि इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री ट्विन कैरियर ऑपरेशंस चलाने की भारतीय नौसेना की क्षमता का प्रदर्शन करने वाले दोनों विमानवाहन पोतों को देखने के लिए समुद्र में उतरेंगे। नौसैन्य कमांडरों के सम्मेलन का पिछला सत्र पिछले साल मार्च में स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर हुआ था। नौसैन्य प्रवक्ता ने कहा, पिछले छह महीनों में इजराइल-हमास संघर्ष के कारण हिंद महासागर क्षेत्र में भू-राजनीतिक परिदृश्य में बड़े बदलाव हुए हैं।

ईडी का आरोपः कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस ने सरकारी धन की हेराफेरी की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने अपने निजी लाभ के लिए केंद्र सरकार के 71.50 लाख रुपए का शोधन किया। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में स्थित 15 कृषि भूखंड और डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की कुछ बैंक जमा राशि को अस्थाई रूप से कुर्क कर लिया है। इसमें कहा गया है कि कुर्क किए गए भूखंडों का मूल्य 29.51 लाख रुपए है और ट्रस्ट के चार बैंक खातों से कुर्क राशि 16.41 लाख रुपए है। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले महीने लखनऊ स्थित अपने क्षेत्रीय कार्यालय मे लुईस खुर्शीद का बयान दर्ज किया था। ईडी ने दावा किया कि एक जांच में यह पाया गया है कि ट्रस्ट को प्राप्त 71.50 लाख रुपए के अनुदान का इस्तेमाल भारत सरकार द्वारा स्वीकृत शिविरों के आयोजन के लिए नही किया गया था, बल्कि इसका इस्तेमाल ट्रस्ट के प्रतिनिधि प्रत्यूष शुक्ला, सचिव मोहम्मद अतहर और परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद द्वारा ट्रस्ट के हित और अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया था। एजेंसी ने कहा है कि इस प्रकार अनुदान के तौर पर प्राप्त धनराशि को अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए इस्तेमाल किया गया और यह अपराध से अर्जित आय की श्रेणी मे आया। धनशोधन का यह मामला उत्तर प्रदेश पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की 17 प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है। पुलिस ने अतहर और लुईस खुर्शीद के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। पिछले महीने उत्तर प्रदेश के बरेली जिले की एक सांसद विधायक अदालत ने दोनो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया था कि 2009-10 के दौरान बरेली जिले के भोजीपुरा क्षेत्र में विकलांग व्यक्तियो के लिए डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा कृत्रिम अंग और उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। निधि के इस्तेमाल में गड़बड़ी के कुछ आरोप लगने के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच कराई। अभियोजक ने अदालत को बताया कि यह पाया गया कि कार्यक्रम मे नकली मोहरों और हस्ताक्षरों का उपयोग करके सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया था। शुक्ला की कुछ साल पहले मृत्यु हो गई थी और ईडी के सूत्रो ने कहा था कि उसने शुक्ला की पत्नी और कुछ अन्य लोगो के बयान दर्ज किए है। शुक्ला के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही समाप्त कर दी गई है।

अदालत में हाजिर हुईं जयाप्रदा, जमानत मिली

रामपुर। चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के करीब पांच साल पुराने एक मामले में रामपुर की विशेष अदालत द्वारा हाल ही में फरार घोषित की गई अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जया प्रदा आखिरकार सोमवार को न्यायालय में पेश हुईं। अदालत ने उन्हे हिरासत मे लेने का आदेश दिया मगर बीमारी की दलील को स्वीकार करते हुए 2020 हजार रुपए के दो मुचलकों पर जमानत दे दी। रामपुर की विशेष एमपीएमएलए अदालत ने गत 27 फरवरी को जयाप्रदा को चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के दो मामलो में लगातार गैरहाजिर रहने के चलते फरार घोषित करते हुए पुलिस को उन्हें गिरफ्तार कर छह मार्च को अदालत में हाजिर करने के आदेश दिए थे। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि जया तय तारीख से पहले ही आज बेहद गुपचुप तरीके से अपने अधिवक्ताओं के साथ विशेष एमपीएमएलए अदालत के न्यायाधीश शोभित बंसल के न्यायालय में हाजिर हुईं। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए पूर्व सांसद को न्यायिक हिरासत में लेने के आदेश दिए, नतीजतन उन्हें कुछ देर कठघरे में खड़े रहना पड़ा। तिवारी ने बताया कि पूर्व सांसद जयप्रदा की अस्वस्थ रहने की दलील को अदालत ने मानते हुए उन्हे 2020 हजार रुपए के दो मुचलकों पर सशर्त जमानत दे दी। इस दौरान जयाप्रदा ने अदालत को आश्वस्त किया कि वह अब सुनवाई की हर तारीख पर अदालत मे हाजिर होंगी और हाजिरी माफी के लिए कोई दरखास्त नही लगाई जाएगी। रामपुर से पूर्व सांसद जयप्रदा के विरुद्ध वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े दो मुकदमे कैमरी और स्वार थानों में दर्ज किए गए थे। इन मामलों में विशेष एमपीएमएलए अदालत ने कई बार समन जारी किया मगर पूर्व सांसद हाजिर नही हुईं। उसके बाद अलगअलग तारीखों पर उनके खिलाफ सात बार गैर जमानती वारंट जारी किए गए लेकिन पुलिस उन्हें हाजिर नही कर सकी। अभियोजन अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अदालत में दाखिल अपने जवाब में कहा कि जयाप्रदा खुद को बचा रही है और उनके सभी ज्ञात मोबाइल नम्बर भी बंद है। इस पर न्यायाधीश शोभित बंसल ने कड़ा रुख अपनाते हुए जयप्रदा को फरार घोषित कर दिया था। साथ ही रामपुर के पुलिस अधीक्षक को आदेशित किया था कि वह किसी पुलिस क्षेत्राधिकारी की अगुवाई मे एक टीम गठित करें और जयप्रदा को गिरफ्तार कर सुनवाई की अगली तारीख यानी छह मार्च को अदालत में हाजिर करें।

किसान आंदोलन से जुड़े मुद्दे गंभीर, केवल प्रचार पाने के लिए याचिका दायर न करें : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने किसानो के प्रदर्शन से संबंधित मुद्दे को गंभीर करार देते हुए सोमवार को एक याचिकाकर्ता से कहा कि वह केवल प्रचार पाने के लिए अखबारो की रिपोर्ट के आधार पर याचिका दायर करने से बचे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने सिख चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रबंध निदेशक एवं याचिकाकर्ता एग्नोस्टोस थियोस को अपनी उस याचिका को वापस लेने की अनुमति दे दी, जिसमे केंद्र और कुछ राज्यों द्वारा शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे किसानो के अधिकारों के हनन का आरोप लगाया गया था। सुनवाई की शुरुआत मे ही थियोस के वकील ने याचिका वापस लेने का अनुरोध किया, जिन्होंने कहा कि वह याचिका में संशोधन करना चाहते है। न्यायमूर्ति कांत ने वकील से कहा, ए बहुत गंभीर मुद्दे है। केवल प्रचार के लिए अखबारो की रिपोर्ट के आधार पर ऐसी याचिकाएं दायर नही करें। केवल उन व्यक्तियो को ए याचिकाएं दायर करनी चाहिए जो गंभीर और प्रतिबद्ध है। यदि आपने अखबारों की रिपोर्ट देखी है, तो आपको पता होना चाहिए कि उच्च न्यायालय मामले से अवगत है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को पता होना चाहिए कि उच्च न्यायालय पहले ही इस मुद्दे पर कुछ निर्देश पारित कर चुका है। पीठ ने वकील से कहा, अगली बार सावधान रहे। अपना खुद का शोध करें, ए जटिल मुद्दे है।

उच्चतम न्यायालय ने धर्मांतरण मामले में शुआट्स के कुलपति को अंतरिम जमानत दी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित अवैध धर्मांतरण के एक मामले मे उत्तर प्रदेश के सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) के कुलपति राजेंद्र बिहारी लाल को सोमवार को अंतरिम जमानत दे दी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय को चुनौती देने वाली लाल की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय लाल की जमानत याचिका पर सुनवाई नही कर रहा है जो पिछले साल 31 दिसंबर से हिरासत मे है। पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाए और इस बीच हम याचिकाकर्ता को अंतरिम जमानत देते है। पीठ ने कहा कि जमानती मुचलके की राशि 25,000 रुपए से ज्यादा नही होगी। लाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद याचिकाकर्ता को गिरफ्तार किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस ने पहले अदालत को बताया था कि लाल और अन्य आरोपी करीब 20 देशो से मिलने वाली विदेशी निधि का इस्तेमाल कर बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कार्यक्रम के मुख्य साजिशकर्ता है। पुलिस ने कहा था कि मामले मे अन्य आरोपियो मे शामिल विनोद बिहारी लाल वास्तव मे पिछले दो दशको मे राज्य मे धोखाधड़ी और हत्या समेत विभिन्न प्रकृति के 38 मामलो मे शामिल एक कुख्यात अपराधी है। लाल तथा अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम के प्रावधानो के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

राजौरी में सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल जाने से एक जवान की मौत

राजौरी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले मे सोमवार को नियंत्रण सीमा रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना के एक जवान की दुर्घटनावश उसकी सर्विस राइफल से गोली चल जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लांस नायक बलवीर सिंह घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली (एआईओएस) के पास तैनात थे। नौशेरा सेक्टर में उनकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल जाने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि सेना के जवान की मौके पर ही मौत हो गई और उसके शव को चिकित्सकीय-कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं शुरू कर दी गई है और मामले की जांच जारी है।

बुलंदशहर में नहर में वैन गिरने से भाई और दो बहनों की मौत, तीन अन्य लापता

बुलंदशहर (उप्र)। बुलंदशहर जिले के जहांगीरपुर थाना इलाके मे एक वैन के नहर मे गिर जाने से दो बहनो और एक भाई की मौत हो गई तथा तीन लोग अभी लापता है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घटना रविवार रात की है जब आठ लोगो से भरी वैन जहांगीरपुर क्षेत्र के कपना नहर मे गिर गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि रविवार देर रात बरसात काफी तेज़ हो रही थी और तभी यह सूचना मिली कि थाना जहांगीरपुर क्षेत्र मे कपना नहर मे एक वैन गिर गई है। एसएसपी ने बताया कि नहर के ठीक बगल मे एक मंदिर का प्रांगण है, जिसमे बाढ़ पीएसी (प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी) के कर्मी रुके हुए थे। आवाज सुनते ही उन्होंने तत्काल पांच लोगो को वहां से निकाला जिसमे से दो पूरी तरह सुरक्षित है और तीन लोगो की मौत हो गई। मृतकों की पहचान ककोड़ थाना इलाके के शेरपुर गांव निवासी कांता (22), मनीष (21) और अंजलि (18) के रूप मे हुई है। शेष तीन लोग अभी नही मिले है। पुलिस के अनुसार मृतकों मे दो बहने और एक भाई है। एसएसपी ने बताया कि लापता तीन लोगो की तलाश के लिए राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को बुलाया गया है। स्थानीय गोताखोरों को भी बुलाया गया है और स्थानीय जनता के सहयोग से भी खोज कराई जा रही है।

कर्नाटक में तीन छात्राओं पर तेजाब फेंका, एक की हालत नाजुक

भाषा। मंगलुरु

दक्षिण कन्नड़ जिले के कड़ाबा कस्बे में स्थित एक सरकारी कॉलेज में एक युवक ने तीन छात्राओं पर तेजाब फेंक दिया, जिससे तीनों झुलस गईं और इनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवक की पहचान केरल के मलप्पुरम जिले के नीलांबुर के रहने वाले 23 वर्षीय आबिन शिबी के रूप में हुई है। दक्षिण कन्नड जिले के पुलिस अधीक्षक रिष्यंथ ने पीटीआई-भाषा को बताया, केरल के मलप्पुरम जिले के नीलांबुर तालुक के रहने वाले 23 वर्षीय युवक आबिन की मलप्पुरम जिले की रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा से पहले से पहचान थी, छात्रा बाद में कड़ाबा में सरकारी प्री यूनिवर्सिटी कॉलेज में पढ़ने आ गई। पूछताछ के दौरान आबिन ने पुलिस को बताया कि पीड़ितों में से एक छात्रा ने उसके प्रेम प्रस्ताव को ठुकरा दिया था, जिससे आहत होकर उसने यह बड़ा कदम उठाया। हमलावर ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि उसने केवल लड़की को निशाना बनाया था, लेकिन तेजाब उसके पास बैठी अन्य दो लड़कियों पर भी गिर गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, दो अन्य लड़कियां मामूली रूप से झुलस गई हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, इस घटना के बाद लड़कियों को एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। छात्राएं कॉलेज के गलियारे में बैठकर प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स (पीयूसी) परीक्षा की तैयारी कर रही थीं, उसी दौरान एक युवक ने उन पर तेजाब फेंक दिया।

पुलिस ने कहा कि युवक ने अपनी पहचान छिपाने के लिए नकाब और टोपी पहन रखी थी। वह तेजाब से भरी एक बोतल लेकर छात्राओं के करीब पहुंचा और उनके चेहरे को निशाना बनाकर तेजाब फेंक दिया। अधिकारियों ने कहा कि हमलावर ने स्कूल की वर्दी पहनी हुई थी, इसलिए उसे स्कूल के अंदर प्रवेश मिला गया जिसके बाद उसने इस अपराध को अंजाम दिया। उन्होंने यह भी कहा कि हम इस बारे में भी जांच कर रहे हैं कि उसे स्कूल की वर्दी किसने दी। हमले के बाद उसने भागने की कोशिश की लेकिन इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी स्थानीय लोगों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। अधिकारी ने कहा, पीड़ितों को कड़ाबा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन वहां के डॉक्टरों ने परिजनों को सलाह दी कि वह उन्हें बेहतर इलाज के लिए मंगलुरु ले जाएं क्योंकि उनके चेहरे काफी ज्यादा झुलस गए हैं।

पलामू में छत्तीसगढ़ की मंचीय कलाकार के साथ सामूहिक बलात्कार

मेदिनीनगर। झारखंड के पलामू जिले में छत्तीसगढ़ की 21 वर्षीय एक मंचीय कलाकार के साथ उसके सह-कलाकारो ने कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया। यह घटना दुमका जिले में एक विदेशी पर्यटक के साथ कथित तौर पर हुए सामूहिक बलात्कार के कुछ दिन बाद हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पलामू के रहने वाले तीन सह-कलाकारों ने मंचीय कलाकार को नशीला पदार्थ देकर कार मे कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार किया। विश्रामपुर उपमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) राकेश सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पीड़िता को पलामू के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी मेडिकल जांच की जाएगी। यह घटना शनिवार देर रात राज्य की राजधानी रांची से लगभग 200 किलोमीटर दूर विश्रामपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क पर हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला को वहीं बेहोशी की हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। एसडीपीओ ने बताया कि महिला कलाकार छत्तीसगढ़ से पलामू जिले के विश्रामपुर मे एक कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए आई थी। उन्होने कहा, किसी कारणवश वह कार्यक्रम आयोजित नही हो सका। इसलिए, वह अपने पुरुष सह-कलाकारों के साथ हुसैनाबाद में एक अन्य समारोह के लिए चली गईं। सिंह ने कहा, हुसैनाबाद के रास्ते में आरोपियों ने कथित तौर पर महिला को कुछ नशीला पदार्थ खिलाया। जिसके बाद कार मे पीड़िता के साथ दुष्कर्मियों ने बलात्कार किया।

वाराणसी में 12.8 करोड़ लीटर अपशिष्ट जल गंगा नदी में प्रतिदिन प्रवाहित हो रहा: एनजीटी

भाषा। नई दिल्ली

एनजीटी ने पाया है कि वाराणसी में लगभग 12.8 करोड़ लीटर अशोधित अपशिष्ट जल गंगा नदी में प्रतिदिन प्रवाहित हो रहा है। हरित पैनल वाराणसी में गंगा में घरेलू और औद्योगिक अपशिष्ट जल छोड़े जाने, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं, के संबंध में एक मामले की सुनवाई कर रहा था। एनजीटी ने वाराणसी नगर निगम की एक रिपोर्ट पर गौर किया, जिसके अनुसार लगभग 28 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) अनुपचारित मल-जल गंगा में प्रवाहित हो रहा है। पीठ ने कहा, रिपोर्ट में यह भी खुलासा किया गया है कि वाराणसी नगर निगम और इसके विस्तारित क्षेत्र के भीतर 522 एमएलडी अपशिष्ट उत्पन्न होता है जबकि सात सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) मौजूद हैं।

ज्ञानवापीः शिवलिंग की पूजा के अधिकार की मांग वाली याचिका निस्तारित

भाषा। प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी की एक अदालत को निर्देश दिया है कि वह मई, 2022 में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर पाए गए कथित शिवलिंग की निर्बाध पूजा का अधिकार मांगने वाले आवेदन पर आठ सप्ताह के भीतर निर्णय करे। कथित शिवलिंग की पूजा में हस्तक्षेप रोकने के लिए अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के खिलाफ एक स्थाई रोक की मांग वाले वाद के लंबित रहने के दौरान उच्च न्यायालय में आवेदन (अस्थाई रोक के लिए आवेदन संख्या 6सी) दाखिल किया गया है। न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगं ने विवेक सोनी एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ताओं ने वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के समक्ष 2022 से लंबित अंतरिम आवेदन का तेजी से निस्तारण करने का अनुरोध करते हुए यह याचिका दायर की है। वर्ष 2022 में दायर वाद में वादकारियों ने शिवलिंग को भोग प्रसाद, शयन आरती, मंगला आरती, दुग्ध अभिषेक, कीर्तन आदि में किसी तरह का हस्तक्षेप रोकने के लिए प्रतिवादियों (मस्जिद प्रबंधन और अन्य) के खिलाफ एक स्थाई रोक लगाने की मांग की थी। अदालत ने 27 फरवरी को इस याचिका को निस्तारित करते हुए अपने आदेश में कहा, वाराणसी की अदालत को आठ सप्ताह के भीतर अंतरिक रोक के आवेदन पर विचार कर उस पर निर्णय करने के निर्देश के साथ यह याचिका निस्तारित की जाती है।

ईडी पर हमले की जांच सीबीआई को देने संबंधी याचिका पर हाईकोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के परिसरों पर छापेमारी करने गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमले की जांच राज्य पुलिस से केंदीय अन्वेषण ब्यूरो को हस्तांतरित करने संबंधी ईडी की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी, राज्य सरकार और सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने राज्य पुलिस पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया और कहा कि यद्यपि शेख के खिलाफ 40 से अधिक मुकदमे वर्षों से लंबित हैं, लेकिन पुलिस ने संदेशखालि में टीएमसी नेता के यहां छापेमारी के दौरान लगभग 1,000 लोगों की उग्र भीड़ द्वारा ईडी अधिकारियों पर किए गए हमले के बाद उसे (शेख को) गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि शेख की गिरफ्तारी के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच बशीरहाट पुलिस से लेकर अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी थी। राजू ने दावा किया कि ऐसा शेख को सीबीआई हिरासत से बचाने के लिए किया गया था।

ईडी ने फेमा मामले में पेशी के लिए टीएमसी नेता को नया समन जारी किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस की नेता और पूर्व लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को फेमा उल्लंघन मामले मे नया समन जारी कर 11 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा (49) ने पिछले महीने एजेंसी को एक पत्र भेजकर पेश होने मे असमर्थता जताई थी और पूछताछ का सामना करने के लिए कुछ सप्ताह का समय मांगा था। सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा को अब 11 मार्च को दिल्ली मे ईडी कार्यालय मे पेश होने के लिए कहा गया है। संघीय जांच एजेंसी मोइत्रा से पूछताछ कर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानो के तहत उनका बयान दर्ज करना चाहती है। सूत्रों ने कहा कि इस मामले में एक नॉन रेसीडेंट एक्सटर्नल (एनआरई) खाते से लेन-देन एजेंसी की निगरानी में है, इसके अलावा, इस खाते में विदेश से भी कुछ धनराशि मिली है और रकम का हस्तांतरण हुआ है। सूत्रों ने कहा कि इस मामले मे विदेश से भेजी गई कुछ अन्य रकम और धन के हस्तांतरण के अलावा एनआरई खाते से जुड़े लेन-देन एजेंसी की जांच के दायरे मे है।

पेज 1 का शेष

रिश्वत लेने...

शीर्ष अदालत ने कहा, यह उद्देश्य तब नष्ट हो जाता है जब किसी सदस्य को रिश्वत देकर एक निश्चित तरीके से वोट देने या बोलने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसने कहा कि रिश्वत स्वीकार करना ही अपराध के तहत आता है, चाहे आरोपी ने उस दिशा में कदम उठाए हों या नहीं। पीठ ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वोट सहमत दिशा में डाला गया है या नहीं। रिश्वतखोरी का अपराध उस समय पूरा हो जाता है जब जनप्रतिनिधि रिश्वत लेता है। इसने कहा कि विधायिका के उस सदस्य को अभियोजन से छूट प्रदान करने वाला फैसला सार्वजनिक हित, सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और संसदीय लोकतंत्र पर व्यापक प्रभाव डालता है, जो कथित तौर पर वोट या भाषण देने के लिए रिश्वतखोरी में शामिल हैं।

भारत...

के साथ बल्कि बांग्लादेश के साथ और मेरा मानना है कि मालदीव के साथ भी है। उन्होंने कहा कि मैं यह कहने नहीं चूकना चाहता कि भूटान हमारा लगातार मजबूत साझेदार रहा है। इसलिए मैं ईमानदारी से कहूं तो एक पड़ोसी के तौर पर हमारी समस्या हो सकती है। कूटनीतिक तौर पर आप हमेशा आशा रखें कि, हां सब ठीक है और इसे जारी रखें कौन जाना है कि भविष्य में सबकुछ ठीक होगा।

केजरीवाल...

बैंक खाते का विवरण भी देना होगा। आतिशी ने कहा कि हर जीवन को बचाना ही राम राज्य है और अब तक, सरकार की योजना फरिश्ते दिल्ली के तहत 22,000 लोगों की जान बचाई गई है। सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी की अनधिकृत कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाओं के लिए बजट में 902 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

केरल....

राज्य के एक वरिष्ठ भाजपा नेता न कहा, 'यह उस समुदाय से संबंधित है जिससे ये तीनों संबंधित हैं। वे सभी ईझावा समुदाय से हैं।' बीडीजेएस हिंदुत्व पार्टी के लिए गले की हड्डी है क्योंकि बीडीजेएस के साथ गठबंधन से भाजपा को पहले के चुनावों में मिले वोट से अधिक वोट जुटाने में मदद नहीं मिली है। इस चुनाव में बीडीजेएस को सम्मानजनक संख्या में वोट मिलने की संभावना भी कम दिखती है। पार्टी के वरिषठ नेता कहा, 'यह बेहतर होगा यदि भाजपा बीडीजेएस को छोड़ दे। यह जितनी जल्दी किया जाए, उतना बेहतर होगा।'

वरिष्ठ...

पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे थे। वह कई अनुचित साधनों का उपयोग करके दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे। वह उत्तरी कोलकाता सीट से टिकट के लिए पार्टी को धमकाने की कोशिश कर रहे थे। अब, वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। टीएमसी सूत्रों के मुताबिक, यह आरोप कि पार्टी ने रॉय को छोड़ दिया, झूठा है क्योंकि जनवरी में ईडी की छापेमारी के दो दिन बाद ही पार्टी ने उनसे संपर्क किया था।

हाईकोर्ट में अवमानना कार्यवाही के खिलाफ बीबीसी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय सोमवार को बीबीसी द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया, जिसमें निषेध आदेश के बावजूद वृत्तचित्र वाइल्ड कर्नाटक दिखाने के लिए उसके ओटीटी मंच के खिलाफ कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा शुरू की गई अवमानना कार्यवाही को चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बीबीसी की याचिका पर नोटिस जारी किया और मामले को ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंच नेटफ्लिक्स द्वारा दायर इसी तरह की याचिका के साथ संबद्ध कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने 25 जनवरी, 2024 को नेटफ्लिक्स को राहत देते हुए एक वृत्तचित्र वाइल्ड कर्नाटक दिखाने के लिए इस ओटीटी प्लेटफॉर्म के खिलाफ कर्नाटक उच्च न्यायालय की ओर से शुरू की गई अवमानना कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने एक मामले में बीबीसी, डिस्कवरी और नेटफ्लिक्स सहित विभिन्न प्रसारकों के खिलाफ दीवानी अवमानना के लिए आरोप तय किए थे, जहां फिल्म निर्माताओं और प्रसारकों पर वृत्तचित्र की रिलीज और प्रसारण के संबंध में अदालत के 2021 के अंतरिम आदेश की अवज्ञा का आरोप लगाया गया था।

धामी सरकार ने दंगाइयों से संपत्ति की क्षति की भरपाई के लिए अध्यादेश को मंजूरी दी

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने दंगाइयों पर नकेल कसने के उद्देश्य से सोमवार को एक अध्यादेश को मंजूरी दी, जिसके तहत सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर अपराधियों से ही उसकी भरपाई कराई जाएगी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने संवाददाताओं को बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में उत्तराखंड सार्वजनिक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली अध्यादेश-2024 लाने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि दंगाइयों से निजी और सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की पूरी वसूली के अलावा, उन पर आठ लाख रुपए तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा और दंगे को काबू करने के लिए सरकारी अमले और अन्य कार्यों पर आने वाले खर्चे की भरपाई भी कराई जाएगी। अध्यादेश को मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा गया है। राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद यह अध्यादेश देश के सबसे सख्त दंगा विरोधी कानूनों में से एक बन जाएगा। सरकार ने हल्द्वानी में पथराव, आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं के करीब एक महीने बाद यह फैसला लिया है, जिनमें छह लोगों की मौत हुई थी और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में एक अवैध मदरसे को तोड़े जाने को लेकर भड़की हिंसा के दौरान कई वाहनों और एक थाने को आग लगा दी गई थी। कैबिनेट की बैठक में निर्णय लेने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राज्य में शांति भंग करने वालों को अब इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि दंगों और अशांति फैलाने के मामलों में सख्ती से रोक लगाने के उद्देश्य से आज कैबिनेट बैठक के दौरान एक विशेष न्यायाधिकरण के गठन को मंजूरी दी गई है।

मेरी टिप्पणी को मीडिया ने तोड़ मरोड़कर पेश किया : प्रज्ञा

भाषा। भोपाल

भाजपा नेता और भोपाल लोकसभा सीट से सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने सोमवार को आरोप लगाया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट कटने के बाद की गई उनकी टिप्पणी को मीडिया ने तोड़ मरोड़कर पेश किया। उन्होंने इस मुद्दे पर पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब देने से इनकार कर दिया। ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा, हम जो भी बोलते हैं, आप लोग उसे तोड़-मरोड़कर दिखाते हैं। मुझे ऐसी बातें पसंद नहीं हैं, न पहले और न आज। आज के बाद मैं मीडिया से बात नहीं करूंगी क्योंकि आप लोग अपना टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट (टीआरपी) बढ़ाने के लिए मुझे पिछले पांच सालों (सांसद बनने के बाद) से बदनाम कर रहे हैं। हिंदुत्व की समर्थक कार्यकर्ता उन मीडियाकर्मियों से बात कर रही थीं जो मीडिया के एक वर्ग में आई उन खबरों पर प्रतिक्रिया लेने के लिए उनके आवास पर गए थे कि उन्हें भोपाल से भाजपा का टिकट नहीं दिया गया क्योंकि हो सकता है कि उनकी ओर से अतीत में की गई कुछ विवादास्पद टिप्पणियों की वजह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नाराज हों। ठाकुर ने संवाददाताओं को स्पष्टीकरण देने से इनकार कर दिया और मीडिया से भाजपा द्वारा दो मार्च को मध्य प्रदेश की भोपाल सीट से दोबारा टिकट नहीं किए जाने के बाद फेसबुक पर पोस्ट किए गए उनके वीडियो का संदर्भ लेने को कहा। लोकसभा सदस्य ने कहा, मैंने मूल वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किया है। वह मूल वीडियो है। मुझे बदनाम करके आप कुछ हासिल नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि आज से वह पत्रकारों से बात नहीं करेंगी और जो कुछ भी बताना चाहती हैं, उसके लिए अपने खुद के मीडिया का इस्तेमाल करेंगी। वीडियो में टिकट नहीं मिलने की बात पर ठाकुर यह कहते हुए सुनाई दे रही हैं कि पार्टी सर्वोच्च है।

सरकार ने तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए अभियान शुरू किया

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार को कहा कि सरकार ने तिलहन उत्पादन बढ़ाने और खाद्यतेल आयात को कम करने के लिए अभियान शुरू किया है। मंत्री ने असम के गोगामुख स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में प्रशासनिक-सह-शैक्षणिक भवन, मानस गेस्ट हाउस, सुबनसिरी गर्ल्स हॉस्टल और ब्रह्मपुत्र बॉयज हॉस्टल का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी भी मौजूद थे। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), में एक प्रदर्शनी स्टाल का दौरा किया। एक सरकारी बयान के अनुसार, मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास पर विशेष जोर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों में कृषि के विकास की खामियों को दूर कर उन्हें मुख्यधारा में लाने का काम किया है। मुंडा ने कहा कि सरकार वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है, जिसमें कृषि की भूमिका काफी अहम है। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल आयात के बोझ को कम करने और तिलहन में आत्मनिर्भर बनने के लिए 11,000 करोड़ रुपए का मिशन चलाया जा रहा है। मुंडा ने कहा, हमें इस सोच के साथ काम करना होगा कि आने वाले दिनों में हम आयात नहीं बल्कि निर्यात करेंगे। घरेलू मांग को पूरा करने के लिए भारत सालाना लगभग 1.6 करोड़ टन खाद्य तेलों का आयात करता है। मूल्य के संदर्भ में, भारत ने वर्ष 2022-23 (नवंबर-अक्टूबर) के दौरान लगभग 1.38 लाख करोड़ रुपए के खाद्य तेलों का आयात किया। केंद्रीय कृषि मंत्री ने जलवायु-अनुकूल फसल किस्मों के विकास पर भी जोर दिया। उन्होंने कृषि शिक्षा को आजीविका और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की बात कही। मुंडा ने कहा कि जैव विविधता अध्ययन पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक साल में यह संस्थान शोध के लिए सबसे पसंदीदा विकल्प होगा। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकियों को जलवायु-तटस्थ होना चाहिए। चौधरी ने वैज्ञानिकों से पूर्वोत्तर क्षेत्र में मौजूद प्राकृतिक विविधता का उपयोग करने का आग्रह किया।

उन्होंने दालों और तिलहनों से जुड़े शोध पर ध्यान देने को कहा ताकि देश को दालों के आयात पर ज्यादा पैसा खर्च न करना पड़े।

चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में भाजपा ने वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पद पर जीत दर्ज की

भाषा। चंडीगढ़

चंडीगढ़ नगर निगम के लिए सोमवार को हुए पुनर्मतदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों ने आम आदमी पार्टी (आप) समर्थित कांग्रेस उम्मीदवारों को पछाड़कर वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पद पर जीत दर्ज की। भाजपा नेता कुलजीत सिंह संधू वरिष्ठ उपमहापौर और राजिंदर शर्मा उपमहापौर चुने गए हैं। उच्चतम न्यायालय ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव के 30 जनवरी को घोषित परिणाम को 20 फरवरी को पलट दिया था जिसमें भाजपा उम्मीदवार मनोज सोनकर को विजेता घोषित किया गया था। न्यायालय ने परिणाम को पलटते हुए आप-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को शहर का नया महापौर घोषित किया था। न्यायालय ने 30 जनवरी के चुनाव के संचालन में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह, जो भाजपा नेता हैं, के खिलाफ गंभीर कदाचार के लिए मुकदमा चलाने का भी आदेश दिया था। चूंकि वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पद के चुनाव के लिए महापौर पीठासीन अधिकारी होता है, इसलिए महापौर के बदलने पर इन पदों के लिए दोबारा मतदान कराया गया। इन पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया का संचालन आम आदमी पार्टी (आप) के कुमार ने किया जिन्होंने हाल में चंडीगढ़ के महापौर का पदभार संभाला है। वरिष्ठ उपमहापौर पद के चुनाव में संधू को 19 वोट मिले जबकि कांग्रेस नेता गुरप्रीत गाबी को 16 वोट मिले। एक वोट अवैध घोषित किया गया। उपमहापौर पद के चुनाव में शर्मा ने कुल 36 वोट में से 19 वोट हासिल करके कांग्रेस नेता निर्मला देवी को पराजित कर दिया। इन भाजपा उम्मीदवारों ने पिछली बार भी जीत दर्ज की थी।

क्विक न्यूज़

ईडी ने फेमा जांच में निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में मुंबई स्थित प्रमुख रियल्टी कंपनी हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। समझा जाता है कि 73 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी ने मामले में अपना बयान दर्ज कराते हुए संघीय जांच एजेंसी को कुछ दस्तावेज सौंपे हैं। निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत चल रही जांच के तहत ईडी ने उन्हें यहां अपने कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। दर्शन हीरानंदानी पिछले कई सालों से दुबई में रह रहे हैं। एजेंसी ने पिछले महीने मुंबई और उसके आसपास समूह के लगभग चार परिसरों में तलाशी ली थी। वर्ष 1978 में स्थापित रियल्टी समूह ने मध्य मुंबई के पवई और पड़ोसी ठाणे में कार्यालय और आवासीय परियोजनाएं विकसित की हैं। बताया जाता है कि कुछ विदेशी लेनदेन के अलावा कथित तौर पर हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों से जुड़े ट्रस्ट के लाभार्थियों की भी जांच की जा रही है। यह ट्रस्ट ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह में स्थित है। रियल्टी समूह ने कहा है कि वह फेमा जांच में ईडी के साथ सहयोग करेगा।

जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत प्रवेश के आरोप में 9 बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया

भुवनेश्वर। पुरी के जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने के आरोप में ओडिशा पुलिस ने नौ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के कुछ कार्यकर्ताओं ने शिकायत की थी कि कई गैर हिन्दू बांग्लादेशी 12वी सदी के मंदिर में प्रवेश कर रहे है और मंदिर के मानदंडो का उल्लंघन कर रहे है। जिसके बाद सिंहद्वार पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई और रविवार की शाम नौ बांग्लादेशियो को हिरासत मे लिया गया। पुरी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील मिश्रा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद उन्होंने पूछताछ करने के लिए पर्यटकों को हिरासत में लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा, हमें शिकायत मिली है कि बांग्लादेश के कुछ गैर-हिंदू लोगो ने मंदिर मे प्रवेश किया। हमने नौ बांग्लादेशियो को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। मंदिर के नियमो के अनुसार, केवल हिंदुओ को ही मंदिर में प्रवेश की अनुमति है। मिश्रा ने कहा कि अगर वे गैर-हिंदू पाए गए तो उनके खिलाफ कानून के मुताबिक कार्वाई की जाएगी। उन्होने कहा, हम उनके पासपोर्ट की जांच कर रहे है जिससे यह पता चला है कि उनमे से एक हिंदू है।

मोरारी बापू की श्रीराम कथा का समापन

अयोध्या। श्रीराम की अवतरण भूमि अयोध्या से प्रवाहित रामकथा का रविवार को समापन हो गया। नौवे दिन न्यास कमेटी के आदरणीय चंपत राय ने अपने भाव को रखते हुए कहा कि जहां कथा चल रही है वह अयोध्या का सुनसान स्थान है। बगल में मणि पर्वत नाम का स्थल है जहां एक महीने का झूला मेला लगता है। क्योंकि चैत्र माह में भगवान का प्रागट्य होने के बाद सावन में भगवान चार महीने के होते हैं सब लोग अपने-अपने झूले को लेकर बड़ी मात्रा में इकट्ठा होते हैं और बाकी सुनसान सड़क है, लेकिन आज इसी स्थान में राम कथा ने इस वीरान भूमि प्रभु के नाम से जागृत कर दिया। कथा के अंतिम दिन मुरारी बापू ने श्रीराम के चरणों में प्रणाम करते हुए कहा की मानस राममंदिर केवल अयोध्या का नहीं, यह मेरे अंतःकरण की प्रवृत्ति का निवेदन है,केवल पृथ्वी का मंदिर भी नहीं,यह त्रिभुवन का मंदिर है। यहां ध्वजा फहरेगी तो आसमान झुकेगा,घंटनाद होगा तो देश नृत्य करेगा। यह रामचरितमानस राम मंदिर है। एक ही सत्य को अनेक कोने से,अनेक रूप से देखते हैं,परिक्रमा करते हैं।अयोध्या कांड प्लिंथ है।।हम सब का प्रेम अयोध्या कांड में गाया गया है।। कभी-कभी उत्साह बहुत होता है लेकिन प्रेम नहीं होता।। प्रेम है मार्ग वैराग का, प्रेम है द्वार विरक्ति का।। अगली-933 वीं रामकथा 23 मार्च से रवेची माताजी के आंगन में रवेची मंदिर-रव,मोटी रापर(कच्छ-गुजरात) से प्रवाहित होने जा रही है।। ये कथा का जीवंत प्रसारण नियत समय पहले दिन 23 मार्च-शनिवार शाम 4 बजे और शेष दिनों में सुबह 10 से आस्था टीवी चैनल और चित्रकूटधाम तलगाजरडा यू-ट्यूब के माध्यम से देखा जा सकता है।

भारत ने यूएई, बांग्लादेश को 64,400 टन प्याज निर्यात की अनुमति दी

नई दिल्ली। सरकार ने नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बांग्लादेश को 64,400 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दे दी है। वाणिज्य मंत्रालय ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है। बांग्लादेश को जहां 50,000 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है, वही यूएई को 14,400 टन प्याज का निर्यात किया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, एनसीईएल के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात को तिमाही 3,600 टन की सीमा के साथ 14,400 टन प्याज का निर्यात अधिसूचित किया गया है। डीजीएफटी वाणिज्य मंत्रालय की इकाई है जो आयात और निर्यात से संबंधित मानदंड को देखती है। बांग्लादेश को निर्यात के बारे में कहा गया है कि इसका तौर-तरीका एनसीईएल उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ विचार-विमर्श में तय करेगा। हालांकि, प्याज के निर्यात पर अभी प्रतिबंध है लेकिन सरकार कुछ मित्र देशों को एक निश्चित मात्रा में इसके निर्यात की अनुमति देती है। इस निर्यात की अनुमति सरकार द्वारा अन्य देशों से मिले अनुरोधों के आधार पर दी जाती है। पिछले साल आठ दिसंबर को सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के मकसद से इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इससे पहले केंद्र ने अक्टूबर, 2023 में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए खुदरा बाजार में 25 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बफर स्टॉक के प्याज की बिक्री बढ़ाने का फैसला किया था। कीमतों पर काबू पाने के लिए सरकार पहले भी कई कदम उठा चुकी है।

न्यायालय ने सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी के लिए उदयनिधि स्टालिन से अप्रसन्नता जताई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी सनातम धर्म को मिटाने संबंधी टिप्पणी को लेकर अप्रसन्नता लगाई और पूछा कि वह भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के बाद अपनी याचिका लेकर शीर्ष अदालत के पास क्यों आए है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्टालिन से कहा कि वह एक मंत्री है और उन्हे अपनी टिप्पणी के परिणाम पता होने चाहिए थे। पीठ ने कहा, आपने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है। आपने अनुच्छेद 25 के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है, अब आप अनुच्छेद 32 (उच्चतम न्यायालय मे याचिका दायर करने) के तहत अपने अधिकार का इस्तेमाल कर रहे है? क्या आप अपनी टिप्पणी के नतीजे नही जानते थे? आप आम आदमी नही हैं। आप एक मंत्री है। आपको पता होना चाहिए था कि इस तरह की टिप्पणी का क्या परिणाम होगा। न्यायालय ने मामले पर सुनवाई 15 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और राज्य मे सत्तारूढ़ द्रमुक के प्रमुख एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सितंबर 2023 मे एक सम्मेलन मे कहा था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय तथा समानता के खिलाफ है और उसका विनाश किया जाना चाहिए।

निप्पॉन में करेगा विस्तार, बढ़ाएगा जागरूकता

मुंबई। भारत के सबसे बड़े परिसंपत्ति प्रबंधकों में गिने जाने वाले, निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड (एनआईएमएफ) की परिसंपत्ति प्रबंधक, निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएएम इंडिया) ने, बड़े गर्व के साथ लखनऊ में अपनी आधुनिक शाखा के उद्घाटन का ऐलान किया है। यह रणनीतिक कदम उत्तर प्रदेश की मजबूत विकास क्षमता में सक्रिय भाग लेने के प्रति, एनआईएमएफ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनआईएमएफ के पास यूपी में कुल 19 शाखाओं का नेटवर्क मौजूद है, और समूचे राज्य में 31 स्थानों पर यह मौजूद है। निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड के ईडी और सीईओ संदीप सिक्का का कहना है, भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग की बढ़ती रफ्तार वाकई उल्लेखनीय है, और निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड इस रोमांचक यात्रा में सबसे आगे है। हमारा उद्देश्य यह है कि निवेशकों को उनकी जरूरतों के अनुरूप, अभिनव वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के बल पर सशक्त बनाते हुए, उन्हें इस श्रेणी के सर्वोत्तम निवेश समाधान प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध बने रहें। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए सिक्का कहते हैं- वर्ष 2030 तक 7 ट्रिलियन यूएसडी (स्रोत - वित्त मंत्रालय) वाली जीडीपी के दम पर, भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की आकांक्षा के अनुरूप, निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड ने म्यूचुअल फंडों में घरेलू भागीदारी को काफी हद तक बढ़ाने के पर्याप्त अवसरों की पहचान कर ली है। कंपनी के पास 31प्रतिशत की खुदरा हिस्सेदारी के साथ इस उद्योग का सबसे बड़ा निवेशक आधार मौजूद है, जो उद्योग की औसत 27प्रतिशत खुदरा हिस्सेदारी (दिसंबर 2023 तक) से कहीं अधिक है। यूपी में एसआईपी की संख्या गिनी जाए, तो एनआईएमएफ ने 3 वर्षों में उल्लेखनीय 39प्रतिशत सीएजीआर का प्रदर्शन किया है, जो उद्योग के औसत सीएजीआर 37प्रतिशत से अधिक है।

फाइबरनेट और किया जाएगा मजबूत

लखनऊ। ब्रॉडबैण्ड एवं डिजिटल सेवा उद्योग में अग्रणी कंपनी एसीटी फाइबरनेट ने अपने मोबाइल ऐप को रिलॉन्च करने की घोषणा की है। रिलॉन्च हुए इस ऐप में ऐसे महत्वपूर्ण फीचर्स हैं, जो उद्योग में ग्राहकों के एकदम नये तरीके का अनुभव देंगे। अपने ग्राहकों के समय को महत्व देने और इंटरनेट से सम्बंधित पड़तालों के शानदार समाधान प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध एसीटी फाइबरनेट ने एसीटी सुपर ऐप पेश किया है। इसे यूजर्स की उंगलियों के इशारे पर त्वरितए आसान और सुलभ समाधान प्रदान करने के लिये डिजाइन किया गया है। बदलती टेक?नोलॉजीज और यूजर्स की तादाद में बढ़ोतरी को देखते हुएए इस ब्रॉडबैण्ड ब्राड ने अपने मोबाइल ऐप को पूरी तरह से नया बना दिया है। एसीटी फाइबरनेट के चीफ मार्केटिंग एवं कस्टमर एक्सपीरिएंस ऑफीसर रवि कार्तिक ने कहा कि एसीटी फाइबरनेट में हम संवाद के सभी बिन्दुओं पर बेहतरीन ग्राहक अनुभव देना चाहते हैं।

पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने के आरोप में तीन व्यक्ति गिरफ्तार

बेंगलुरु। बेंगलुरु में विधान सौध गलियारे में गत 27 फरवरी को पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी। राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस नेता सैयद नसीर हुसैन के समर्थकों ने कथित तौर पर पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने आरोपों की सत्यता की जांच के लिए सरकारी फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को जांच का आदेश दिया था। एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक आरोपी बेंगलुरु के आरटी नगर का रहने वाला है, दूसरा हावेरी जिले के ब्यादगी का और तीसरा आरोपी दिल्ली का रहने वाला है।

सुक्खू ने 18-60 वर्ष की महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा की

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को घोषणा की कि राज्य सरकार अगले वित्त वर्ष से 18 से 60 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओ को 1,500 रुपए प्रतिमाह देगी। यह विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस द्वारा वादा की गई 10 गारंटी मे से एक थी। उन्होने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इस पहल - इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना - पर सालाना 800 करोड़ रुपए खर्च होंगे और इसके दायरे में पांच लाख से अधिक महिलाएं आएंगी। उन्होने कहा कि इसके साथ ही 10 में से पांच चुनावी वादे पूरे हो गए है और दोहराया कि पुरानी पेंशन योजना बहाल कर दी गई है, जिससे राज्य के 1.36 लाख कर्मचारियों को फायदा हुआ है।

श्रीमद रामायण में हनुमान बनेंगे निर्भय वाधवा

मुंबई। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की प्रतिष्ठित गाथा, श्रीमद रामायण ने भगवान राम के जीवन और शिक्षाओं की अपनी शाश्वत कथा के साथ दर्शकों के दिलों पर कब्जा कर लिया है। अब तक, दर्शकों ने भगवान राम के अयोध्या से वनवास के बाद वनवास में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की यात्रा देखी है। और अब, घटनाओं के एक महत्वपूर्ण मोड़ में, पवन पुत्र हनुमान की एंट्री से सभी दर्शक बेहद उत्साहित हैं, जिनका किरदार जाने-माने एक्टर निर्भय वाधवा निभा रहे हैं। भगवान हनुमान का श्रद्धेय चरित्र उनके और भगवान राम के बीच के पवित्र बंधन को उजागर करता है। भगवान हनुमान की अटूट भक्ति, पराक्रम और निःस्वार्थता आदर्श भक्त का उदाहरण है, और भगवान राम के साथ उनका बंधन पारस्परिक सम्मान, विश्वास और प्रेम की विशेषता है, जो हनुमान को पौराणिक कथाओं में सबसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से एक बनाता है।

कानपुर के वैभव गुप्ता रियलिटी शो इंडियन आइडल 14 के विजेता बने

मुंबई। कानपुर के वैभव गुप्ता गायकी के रियलिटी शो इंडियन आइडल 14 के विजेता बन गए है। उन्होंने प्रतिस्पर्धा में अपने साथी प्रतिभागियों कोलकाता के सुभदीप दास चौधरी और राजस्थान के पीयूष पंवार को हराकर यह खिताब अपने नाम किया है। रविवार की रात इंडियन आइडल 14 का ग्रैंड फिनाले जीतने के बाद 19 वर्षीय गुप्ता को इनाम में सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की ओर से 25 लाख रुपए का चैक और सह-प्रायोजक मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की ओर से ब्रेज़ा गाड़ी प्रदान की गई। गायक ने कहा कि वह पार्श्व गायन मे अपना कॅरियर बनाना चाहते है। गुप्ता ने पीटीआई भाषा से कहा, जब मै बच्चा था तो मै आमतौर पर कहता था कि आइडल (इंडियन आइडल) मेरा सपना है और आज यह मेरे लिए सच हो गया है। मै बहुत खुश हूं और मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है।

ईडी ने सेंथिल बालाजी के प्रतिशोध के आरोपों से इनकार किया

चेन्नई(भाषा)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को चेन्नई की एक अदालत में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी के इस आरोप का खंडन किया कि प्रतिशोध की वजह से उन पर मामला चलाया जा रहा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अदालत से कहा कि जांच कानून के तहत की गई है। ईडी के उप निदेशक कार्तिक दासारी ने बालाजी द्वारा दायर एक याचिका के जवाब में प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली के समक्ष दायर अपने जवाबी हलफनामे में यह बात कही। बालाजी ने उन्हें इस मामले में आरोप मुक्त करने का आग्रह किया है। ईडी ने बालाजी को 14 जून 2023 को पैसों के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। यह मामला उस समय का है, जब वह पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार में परिवहन मंत्री थे।

स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा पेशा जहां पैसा कमाने के लक्ष्य से समाज कल्याण संभव नहीं है: राष्ट्रपति

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा पेशा है, जहां पैसा कमाना ही यदि मुख्य लक्ष्य हो तो समाज का कल्याण संभव नहीं है, इसीलिए स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पेशेवरों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते समय करुणा, दयालुता और परोपकार के मूल्यों को अपना चारित्रिक गुण बनाना होगा। उन्होंने यह टिप्पणी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों के छात्रों और मेडिकल लागैर-मेडिकल परामर्शदाताओं के एक समूह से बातचीत के दौरान की। ए सभी यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात करने आए थे।यह समूह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान के सेवांकुर भारत कार्यक्रम के तहत दिल्ली में है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान में मुर्मू के हवाले से कहा गया है, स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा पेशा है, जहां पैसा कमाना मुख्य लक्ष्य होने पर समाज का कल्याण संभव नहीं है। यही कारण है कि स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते समय करुणा, दयालुता और परोपकार के मूल्यों को अपना चरित्र बनाना होगा। उन्होंने कहा, हम बाबासाहेब आंबेडकर के जीवन से सीख सकते हैं कि अपनी व्यक्तिगत सफलता का उपयोग समाज के कल्याण के लिए कैसे किया जाए। हमें बाबा साहेब के आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक न्याय, समानता और बंधुत्व के लिए काम करना चाहिए।

मोहाली में गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या

चंडीगढ़ (भाषा)। जम्मू के एक कथित गैंगस्टर की पंजाब के मोहाली में एक शॉपिंग मॉल के बाहर कुछ अज्ञात लोगों ने सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। मोहाली के वरिष्ठ एसएसपी संदीप गर्ग ने बताया कि गैंगस्टर की पहचान राजेश डोगरा के तौर पर हुई है। पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने घटनास्थल पर पत्रकारों को बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि राजेश हाल में जेल से छूटा था और यह घटना जम्मू के दो गिरोह के बीच रंजिश का नतीजा लग रही है। प्रतिद्वंद्वी गिरोह ने इस घटना को अंजाम दिया है। उनके मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है। यह घटना मोहाली में व्यस्त हवाई अड्डा रोड पर हुई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (रूपनगर रेंज) ने बताया कि डोगरा के साथ आए एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया है।

सुरक्षा बल को मिली पहली महिला स्नाइपर

इंदौर (मध्यप्रदेश)। प्रशिक्षण के कड़े मानसिक और शारीरिक पैमानों पर खरी उतरते हुए उप निरीक्षक सुमन कुमारी भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति कहे जाने वाले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की पहली महिला स्नाइपर (दुश्मन पर छिपकर निशाना लगाने वाला सैनिक) बन गई हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह संयोग है कि सुमन ने आठ मार्च को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से चंद रोज पहले बीएसएफ की पहली महिला स्नाइपर बनने का गौरव हासिल किया है। बीएसएफ के इंदौर स्थित केंद्रीय आयुध और युद्ध कौशल विद्यालय (सीएसडब्ल्यूटी) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, बीएसएफ वास्तव में एक समावेशी बल बन रहा है जहां महिलाएं हर जगह लम्बे डग भर रही हैं। इस दिशा में एक कदम के तौर पर कड़े प्रशिक्षण के बाद बीएसएफ को पहली महिला स्नाइपर मिल गई है।

कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष डेर ने पार्टी छोड़ी

● भाजपा में होंगे शामिल

भाषा। अहमदाबाद

लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी दल कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और वह मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। उनके इस्तीफे की घोषणा से ठीक पहले, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा कि रविवार रात हुई एक बैठक के दौरान पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने डेर को पार्टी के सभी पदों और कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निलंबित कर दिया। गोहिल ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर उनके खिलाफ यह कार्वाई की गई। गोहिल के इस बयान से पहले, भाजपा की गुजरात इकाई के प्रमुख सी आर पाटिल के पूर्व विधायक डेर के घर जाने की फुटेज स्थानीय टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित की गई। कांग्रेस की कार्वाई की गोहिल द्वारा घोषणा किए जाने के कुछ ही मिनट के भीतर, डेर ने अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन बुलाया और कहा कि पता ही नहीं चला कि उन्हें कब पार्टी ने निलंबित कर दिया। साथ ही, डेर ने ऐलान किया कि वह मंगलवार को गांधीनगर में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय कमलम में पार्टी में शामिल होंगे। डेर (46) ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस छोड़ने का मुख्य कारण अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर का पार्टी के नेताओं द्वारा दौरा नहीं करने का निर्णय है।

अरुणाचल में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस विधायक दल के नेता भाजपा में शामिल

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस विधायक दल के नेता लोम्बो ताएंग सोमवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। ताएंग के पाला बदलने के साथ वर्ष 2019 में 60 सदस्ईय विधानसभा में चार सीट जीतने वाली कांग्रेस के पास अब केवल एक विधायक बचा है जो पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी है। पिछले हफ्ते अन्य दो कांग्रेस विधायक, निनॉन्ग एरिंग और वांगलिन लोवांगडोंग, दो एनपीपी विधायकों (मुत्चू मिथी और गोकर बसर) के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। पूर्वी सियांग जिले के मेबो से छह बार के विधायक ताएंग के साथ, तिरप जिले के खोसा पश्चिम के निर्दलीय विधायक चक्त अबो भी ईटानगर में पार्टी के राज्य मुख्यालय में भाजपा में शामिल हुए। राज्य में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव भी होते है।

नड्डा से मुलाकात के बाद पवन सिंह ने कहा- जो भी होगा, अच्छा होगा

भाषा। नई दिल्ली

भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने से मना करने के अगले दिन सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा और कहा कि आगे जो भी होगा, वह अच्छा होगा। सिंह ने राजधानी स्थित नड्डा के आवास पर उनसे मुलाकात की। भाजपा ने शनिवार को सिंह को आसनसोल से उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन अगले ही दिन उन्होंने कहा कि कहा कि वह किसी कारणवश आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। नड्डा से मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, आगे जो भी होगा, अच्छा होगा। उनसे जब यह पूछा गया कि क्या वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे और क्या वह बिहार के आरा से चुनाव लड़ना चाहेंगे, उन्होंने कहा, यह तो समय ही बताएगा। कुछ भी होगा, तो मैं आप सभी से साझा करूंगा। वर्तमान में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के शत्रुघ्न सिन्हा आसनसोल निर्वाचन क्षेत्र का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। सिंह ने चुनाव न लड़ने के अपने फैसले का अभी तक कोई कारण नहीं बताया है। हालांकि, उन्हें उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने उनकी आलोचना की थी। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि सिंह के कई गाने फूहड़ हैं और उनमें महिलाओं को अश्लील तरीके से चित्रित किया गया है। आसनसोल में बड़ी संख्या में प्रवासी रहते हैं और भाजपा को उम्मीद थी कि सिंह अभिनय से राजनीति में आए सिन्हा के खिलाफ प्रभावी साबित होंगे। सिन्हा 2019 तक भाजपा में थे।

आदित्य एल1 के प्रक्षेपण के दिन कैंसर से पीड़ित होने के बारे में पता चला, अब ठीक हूं : इसरो प्रमुख

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बताया कि उन्हें भारत के आदित्य एल। मिशन के प्रक्षेपण के दिन कैंसर से पीड़ित होने का पता चला था। टारमैक मीडिया हाउस को दिए साक्षात्कार में, सोमनाथ ने कहा कि उनके पेट में ट्यूमर का सफल ऑपरेशन हुआ, जिसके बाद कीमोथेरेपी हुई और अब वह बीमारी से पूरी तरह ठीक हो गए हैं। यह पूछे जाने पर कि कैंसर से पीड़ित होने का पता चलने पर उनके परिवार की क्या प्रतिक्रिया थी, तो उन्होंने कहा, निस्संदेह, उन्हें सदमा लगा होगा। लेकिन अब, मैं कैंसर और उसके इलाज को एक समाधान मानता हूं। संदेश है कि यह लाइलाज नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें चंद्रयान-3 मिशन के प्रक्षेपण के दौरान कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने का एहसास हुआ था, लेकिन इसके बारे में बहुत स्पष्ट नहीं था। कैंसर के खिलाफ अपनी लड़ाई की प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए सोमनाथ ने स्वीकार किया, जब मैं इस प्रक्रिया से गुजर रहा था, तो मैं उस समय पूर्ण इलाज को लेकर अनिश्चित था।

शीर्ष अदालत के विरोधाभासी फैसलों की एक कथा

संसदीय छूट

भाषा। नई दिल्ली

वर्ष 2012 के राज्यसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक सीता सोरेन ने निर्दलीय उम्मीदवार आर. के. अग्रवाल के पक्ष में वोट करने के लिए रिश्वत ली थी, लेकिन उन्हें वोट नहीं दिया, जिसके बाद भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसीए) के प्रावधानों के तहत केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच शुरू हुई। झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन की पुत्रवधू सीता सोरेन ने संविधान के अनुच्छेद 194(2) का हवाला देते हुए झारखंड उच्च न्यायालय में दलील दी थी कि इस अनुच्छेद के तहत सांसदों और विधायकों को सदन में की गई बात, या मतदान के मामले में छूट प्राप्त है। सीता सोरेन ने यह भी दलील दी थी कि झामुमो विधायक के रूप में उन्होंने पार्टी उम्मीदवार संजीव कुमार को वोट दिया था, जो राज्यसभा चुनाव जीते थे। वर्ष 2014 में, झारखंड उच्च न्यायालय ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनके खिलाफ दायर मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उन्हें शीर्ष अदालत का रुख करना पड़ा। वर्ष 2019 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्ईय पीठ ने इस मामले को एक बड़ी पीठ के सुपुर्द कर दिया था और इसे व्यापक प्रभाव वाला पर्याप्त सार्वजनिक महत्व का मामला बताया था। संसद के सदस्यों और विधायकों को संसदीय छूट के मामले शीर्ष अदालत की संविधान पीठों के दो विरोधाभासी फैसलों में फंस गए थे। वर्ष 1998 में, पांच सदस्ईय संविधान पीठ ने माना था कि सांसदों और विधायकों को सदन में उनके कार्यों के लिए छूट प्राप्त है, भले ही उन्होंने एक विशेष तरीके से वोट देने के लिए रिश्वत ली हो। नौ साल बाद, शीर्ष अदालत की एक और पांच-सदस्ईय संविधान पीठ ने पैसे लेकर प्रश्न पूछने से संबंधित घोटाले में फैसला सुनाया, जिसके तहत पैसे लेने वाले सांसदों को स्थाई रूप से संसद से निष्कासित किया जा सकता था।

भारत चुनावी प्रक्रिया पर संरा मानवाधिकार आयुक्त की टिप्पणी पर बिफरा

● दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करती

भाषा। संयुक्त राष्ट्र-जिनेवा

भारत ने सोमवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष मानवाधिकार अधिकारी द्वारा देश की चुनावी प्रक्रिया को लेकर जताई गई चिंताएं अनावश्यक हैं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं। भारत ने यह बात रेखांकित की कि दुनिया भर में कई लोग इसके चुनावी अनुभव से सीखना चाहते हैं और इसका अनुकरण करने की इच्छा रखते हैं।जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत अरिंदम बागची ने कहा कि दिल्ली ने देश के आगामी आम चुनावों के बारे में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क की टिप्पणियों पर गौर किया है।जिनेवा में मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में अपने वैश्विक अपडेट में, तुर्क ने नागरिक अधिकारों पर बढ़ती पाबंदियों – मानवाधिकार रक्षकों, पत्रकारों और कथित आलोचकों को निशाना बनाने के साथ-साथ अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव और नफरती भाषण पर चिंता जताई थी। बागची ने कहा, हालांकि, इस संबंध में उनकी चिंताएं अनावश्यक हैं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं। बागची ने रेखांकित किया कि किसी भी लोकतंत्र में, तर्क-वितर्क स्वाभाविक है। यह जरूरी है कि प्राधिकार के पदों पर बैठे लोग अपने फैसले को दुष्प्रचार से प्रभावित न होने दें। भारत की चुनावी प्रक्रिया की विशेषता लोगों की उच्च स्तर की भागीदारी और चुनावी जनादेश में सभी का पूर्ण विश्वास है। वास्तव में, हम सौभाग्यशाली हैं कि दुनिया भर में कई लोग हमारे अनुभव से सीखना चाहते हैं और उसका अनुकरण करने की इच्छा रखते हैं।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार ने रूस में स्वतंत्र आवाजों का दमन बंद करने का आग्रह किया

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने सोमवार को रूस में स्वतंत्र आवाजों के दमन को शीघ्र समाप्त करने का आह्वान किया और विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी के उत्पीड़न के बारे में चिंता व्यक्त की। नवलनी की पिछले महीने जेल में मृत्यु हो गई थी। तुर्क ने एक विस्तृत भाषण में दुनियाभर में जारी दर्जनों संघर्षों, मानवाधिकार कानून के व्यापक उल्लंघन और युद्ध से विस्थापन को लेकर भी रोष प्रकट किया। मानवाधिकार कानून के व्यापक उल्लंघन के कारण जहां लाखों लोग प्रभावित हुए हैं, वहीं युद्ध के कारण विस्थापन की बढ़ती घटनाएं पश्चिम एशिया, हॉर्न ऑफ अफ्रीका (एचओए) और सूडान में तेज हो सकती हैं। उन्होंने मानवाधिकार परिषद से कहा, शायद ही कभी मानवता को तेजी से बढ़ते इतने संकटों का सामना करना पड़ा हो।

चीन ने एशियाई पड़ोसियों के साथ टकराव बढ़ने को तवज्जो नहीं देने की कोशिश की

बीजिंग। दक्षिण चीन सागर विवाद और भारत के साथ पूर्वी लद्दाख सीमा मुद्दे को लेकर चीन ने अपने एशियाई पड़ोसियों के साथ बढ़ते तनावों को तवज्जो नहीं देने की सोमवार को कोशिश करते हुए कहा कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) रफ्तार पकड़ रही है तथा क्षेत्र के देशों के साथ व्यापार तेजी से बढ़ रहा है। चीन की संसद, नेशनल पीपल्स कांग्रेस (एनपीसी) के प्रवक्ता लोउ किनजियान ने कहा कि देश के समग्र राजनयिक कार्य में पड़ोसी देशों को उच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, हिंद-चीन प्रायद्वीप, मध्य एशिया के सभी देश चीन के साथ साझा भविष्य वाला समुदाय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। लोउ ने कहा, आपने दक्षिण चीन सागर का उल्लेख किया। मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि चीन अपनी क्षेत्रीय संप्रभुता और समुद्री अधिकारों और हितों की रक्षा करना जारी रखेगा। साथ ही, हम संबंधित देशों के साथ बातचीत और परामर्श के माध्यम से प्रासंगिक मुद्दों से निपटेंगे और संयुक्त रूप से दक्षिण चीन सागर में शांति व स्थिरता की रक्षा करेंगे। चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर अपना-अपना दावा जताते हैं। हाल के महीनों में, चीन और फिलीपीन के बीच तनाव बढ़ गया है क्योंकि अमेरिका समर्थित मनीला ने दक्षिण चीन सागर के एक हिस्से पर अपना अधिकार जताने के प्रयास तेज कर दिए हैं, जबकि चीनी तट रक्षक जहाजों ने इसका पुरजोर विरोध किया है। लोउ ने मई 2020 से भारत के साथ पूर्वी लद्दाख सीमा गतिरोध का सीधे उल्लेख किए बिना पड़ोसी देशों के साथ चीन के तनाव के बारे में भी बात की।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने सैन्य अभ्यास शुरू किया

सियोल। दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने उत्तर कोरिया के परमाणु खतरों के खिलाफ अपनी तैयारी को मजबूत करने के लिए सोमवार को वार्षिक सैन्य अभ्यास शुरू किया। उत्तर कोरिया ने इस साल अपने मिसाइल परीक्षण बढ़ा दिए है और उत्तर कोरिया एवं अमेरिका के खिलाफ अपनी बयानबाजी तेज कर दी है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनाओं ने फ्रीडम शील्ड नामकएक कंप्यूटर-सिम्युलेटेड (ऐसी मशीन जो प्रशिक्षण या अनुसंधान के उद्देश्य से वांछित वातावरण का अनुभव देती है) कमांड पोस्ट और युद्ध क्षेत्र में प्रशिक्षण का 11 दिवसीय अभ्यास शुरू किया।

हैती ने आपातकाल और कर्फ्यू की घोषणा की

पोर्ट ऑ प्रिंस (हैती)। हैती की सरकार ने सप्ताहांत में हुई हिंसा के बाद सड़कों पर नियंत्रण फिर से हासिल करने की क्वायद में रविवार देर रात आपातकाल और रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाने की घोषणा की। इस हिंसा के दौरान सशस्त्र गिरोह के सदस्यों ने देश की दो सबसे बड़ी जेलों पर धावा बोल दिया था। देश में 72 घंटे का आपातकाल तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। सरकार ने कहा कि यह उन हत्यारों, अपहरणकर्ताओं और अन्य हिंसक अपराधियों को खोज निकालने के लिए लागू किया जाएगा जो जेल से फरार हो गए है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में काम कर रहे वित्त मंत्री पैट्रिक बायोवर्ट ने एक बयान में कहा, पुलिस को कर्फ्यू लागू करने और सभी अपराधियों को पकड़ने के लिए सभी कानूनी साधनों का इस्तेमाल करने का आदेश दिया गया है। प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने देश में बढ़ते शक्तिशाली अपराध समूहों के साथ संघर्ष मे स्थिरता लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र समर्थित सुरक्षा बल की तैनाती के वास्ते समर्थन जुटाने की कोशिश में पिछले सप्ताह विदेश यात्रा की थी।

द. कोरिया ने लाइसेंस निलंबित करने के लिए कदम उठाए

सियोल। दक्षिण कोरियाई सरकार ने हड़ताल कर रहे हजारों कनिष्ठ चिकित्सकों के मेडिकल लाइसेस निलंबित करने के लिए सोमवार को कदम उठाने शुरू किए। ए डॉक्टर अपनी हड़ताल खत्म करने के लिए सरकार द्वारा तय की गई समयसीमा के बाद भी प्रदर्शन कर रहे है जिससे अस्पताल के कामकाज पर गंभीर असर पड़ा है। मेडिकल स्कूल में दाखिलों की संख्या मे वृद्धि करने की मांग को लेकर करीब 9,000 मेडिकल प्रशिक्षु और रेजीडेंट डॉक्टर दो सप्ताह से हड़ताल कर रहे है। उनकी इस हड़ताल से सैकड़ो सर्जरी और अन्य उपचारो मे देरी हो रही है तथा इससे देश की चिकित्सा सेवा पर बोझ बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। उप स्वास्थ्य मंत्री पार्क मिन-सू ने एक संवाददाता सम्मेलन मे बताया कि सोमवार को अधिकारियों को हड़ताल कर रहे चिकित्सकों की अनुपस्थिति की औपचारिक रूप से पुष्टि करने के लिए कई अस्पतालो मे भेजा गया जिसके बाद सरकार ने कम से कम तीन महीने के लिए उनके लाइसेस निलंबित करने के कदम उठाने शुरू कर दिए है।

नाटो ने नॉर्डिक देशों की रक्षा के लिए अभ्यास शुरू किया

हेलसिंकी। उत्तर अटलांटिक संध संगठन (नाटो) अपने नव-विस्तारित नॉर्डिक क्षेत्र की रक्षा के लिए सोमवार को एक अभ्यास शुरू करेगा। तेरह देशों के 20,000 से अधिक सैनिक फिनलैंड, नॉर्वे और स्वीडन के उत्तरी क्षेत्रों में लगभग दो सप्ताह तक जारी रहने वाले अभ्यास में हिस्सा लेंगे। फिनलैंड की सेना के अनुसार, इस अभ्यास मे फिनलैंड के 4,000 से अधिक सैनिकों के भाग लेने की योजना है तथा नॉर्वे के नेतृत्व में आयोजित नॉर्डिक रिस्पांस 2024 किसी विदेशी अभ्यास मे नाटो के नवागंतुक देश की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी का प्रतिनिधित्व करता है। फिनिश रक्षा बलो ने एक बयान मे कहा, 'पहली बार, फिनलैंड गठबंधन के क्षेत्रो की सामूहिक रक्षा में नाटो सदस्य राष्ट्र के रूप में भाग लेगा।

बिलावल भुट्टो ने नौ मई हिंसा मामले की न्यायिक जांच का समर्थन किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने नौ मई की हिंसा मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग के गठन के लिए जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के आह्वान का सोमवार को समर्थन किया। वह हिंसा मामले की जांच न्यायिक आयोग से कराए जाने की मांग का समर्थन करते हैं लेकिन खान नीत पीटीआई को आयोग के निर्णय को स्वीकार करना पड़ेगा। पिछले साल नौ मई को भ्रष्टाचार के एक मामले में खान की गिरफ्तारी के बाद हिंसक विरोध-प्रदर्शन हुए। खान समर्थकों ने दर्जनों सैन्य प्रतिष्ठानों समेत अन्य इमारतों में तोड़फोड़ की थी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन ने नवनियुक्त प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा से नौ मई की घटनाओं की जांच के लिए शीर्ष न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक जांच आयोग गठित करने का अनुरोध करने की मांग की है।

शहबाज ने दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली

भाषा। इस्लामाबाद

शहबाज शरीफ ने सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। वह 2022 के बाद दूसरी बार देश की बागडोर संभालेंगे। शहबाज ने दूसरी बार ऐसे समय में पाकिस्तान की बागडोर संभाली है, जब देश आर्थिक बदहाली का सामना कर रहा है। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने राष्ट्रपति भवन ऐवान-ए-सद्र में आयोजित एक समारोह में 72 वर्षीय शहबाज को पद की शपथ दिलाई। संक्षिप्त समारोह पवित्र कुरान के पाठ के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद शपथ ग्रहण हुआ।समारोह में तीनों सेनाओं के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी, राजनयिक, प्रमुख कारोबारी, नागरिक समाज और मीडिया संगठनों के सदस्य शामिल हुए। कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ भी मौजूद थे। समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, पंजाब की मुख्यमंत्री मरयम नवाज और सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह भी उपस्थित थे। संसद भंग होने से पहले शहबाज शरीफ ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। रविवार को, पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज शरीफ (72) को 336 सदस्ईय सदन में 201 वोट मिले थे, जो सदन का नेता बनने के लिए आवश्यक मतों से 32 अधिक हैं। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सरदार एयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए शहबाज को पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया था।

गिलानी का सीनेट अध्यक्ष बनना लगभग तय, नामांकन पत्र भरा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री सैयद यूसुफ रजा गिलानी का सीनेट अध्यक्ष बनना लगभग तय माना जा रहा है और उन्होंने इस पद के लिए 14 मार्च को होने वाले चुनाव की खातिर अपना नामांकन पत्र जमा कर दिया है। गिलानी ने आठ फरवरी को हुए चुनाव में पंजाब प्रांत के मुल्तान से नेशनल असेंबली के लिए जीत हासिल की थी। उन्होंने अपनी सीट खाली कर दी है और अब वह इस्लामाबाद से सीनेट की सीट के लिए चुनाव लड़ेंगे। निचले सदन के सदस्य के रूप में 29 फरवरी को शपथ लेने वाले गिलानी ने रविवार को नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री चुनने के लिए हुए चुनाव के दौरान पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ के पक्ष में मतदान किया था। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच सत्ता-साझा करने को लेकर बनी सहमति के अनुसार, 71 वर्षीय गिलानी के संसद के उच्च सदन का अगला अध्यक्ष बनने की उम्मीद है।

नेतन्याहू की अनुमति के बिना वाशिंगटन पहुंचे इजराइल के नेता, उपराष्ट्रपति हैरिस से मिलेंगे

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सहमति के बिना वाशिंगटन का दौरा कर रहे इजराइली वार कैबिनेट के एक सदस्य की सोमवार को मेजबानी कर रही हैं। नेतन्याहू के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बेनी गैंट्ज इस हफ्ते हैरिस, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सहित (जो) बाइडन प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करने वाले हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन मंगलवार तक कैम्प डेविड में हैं। नेतन्याहू की धुर दक्षिणपंथी लिकुड पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि गैंट्ज ने वाशिंगटन में अपनी बैठक के लिए प्रधानमंत्री की अनुमति नहीं ली और इसलिए नेतन्याहू ने वार कैबिनेट के सदस्य को कड़े शब्द कहे, जो इजराइल-हमास युद्ध के दौरान इजराइल के युद्धकालीन नेतृत्व के अंदर दरार को रेखांकित करता है। वार कैबिनेट , एक ऐसी समिति है जिसका गठन सरकार युद्ध का प्रभावी ढंग से संचालन करने के लिए करती है। गैंट्ज के साथ अपनी बैठक में हैरिस की योजना एक अस्थाई संघर्ष विराम समझौते पर जोर देने की है जो हमास द्वारा बंधक बनाए गए विभिन्न श्रेणियों के बंधकों की रिहाई का मार्ग प्रशस्त करेगा। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इजराइल समझौते पर राजी हो गया है और व्हाइट हाउस ने कहा है कि अब आगे आने का दायित्व अब हमास का है। हैरिस ने रविवार को अलबामा के सेल्मा में कहा था, गाजा में व्यापक स्तर पर पीड़ा को देखते हुए, कम से कम अगले छह सप्ताह के लिए तत्काल संघर्ष विराम होना चाहिए और यह विषय अभी वार्ता की मेज पर है। उन्होंने कहा कि इसके बाद बंधकों को बाहर निकाला जा सकेगा और बड़ी मात्रा में राहत सहायता पहुंचाई जा सकेगी।

पीएम प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से गठबंधन तोड़ा

● मंत्रिमंडल में फेरबदल किया

भाषा। काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ अपनी लगभग 15 महीने की साझेदारी को मतभेदों के कारण सोमवार को खत्म कर दिया और मंत्रिमंडल में फेरबदल किया। प्रचंड ने पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के साथ नया गठबंधन किया, जिसके बाद सोमवार अपराह्न में तीन मंत्रियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सीपीएन-यूएमएल से पदम गिरी, सीपीएन (माओवादी केंद्र) से हित बहादुर तमांग और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से डोल प्रसाद अर्याल ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। हालांकि, नवनियुक्त मंत्रियों को विभाग नहीं सौंपे गए हैं। सीपीएन-यूएमएल, सीपीएन (माओवादी केंद्र), आरएसपी और जेएसपी की सामूहिक ताकत 142 है, जो 275 सदस्ईय सदन में न्यूनतम आवश्यक 138 सीट से अधिक है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के एक नेता ने कहा कि प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी केंद्र) और शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच गठबंधन समाप्त हो गया है क्योंकि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच मतभेद काफी गहरा गए हैं। सीपीएन (माओवादी केंद्र) के सचिव गणेश शाह ने पीटीआई-भाषा से कहा, नेपाली कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के साथ सहयोग नहीं किया, इसलिए हम नए गठबंधन की तलाश करने के लिए मजबूर हैं। प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को नेपाली कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे। प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़ने के बाद प्रचंड ने ओली के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) से हाथ मिलाने का फैसला किया। हालांकि, ओली को प्रचंड का आलोचक माना जाता है। पिछले साल, राष्ट्रपति चुनाव के लिए मुख्य विपक्षी दल के उम्मीदवार को समर्थन देने पर मतभेद के बाद सीपीएन-यूएमएल ने प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। कुछ परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन के मुद्दे पर नेपाली कांग्रेस नेता एवं वित्त मंत्री प्रकाश शरण महत और प्रचंड के बीच मतभेद बढ़ने के बाद दोनों दलों के बीच दरार बढ़ गई। सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने सोमवार को प्रधानमंत्री के आवास पर प्रचंड से मुलाकात की और एक नया गठबंधन बनाने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

हेली ने वाशिंगटन डीसी में ट्रंप को हराकर पहली प्राइमरी जीत हासिल की

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया के तहत हुए वाशिंगटन डीसी (डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया) के प्राइमरी चुनाव में निक्की हेली ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हराकर 2024 की प्रचार मुहिम के दौरान अपनी पहली जीत हासिल की। हेली को रविवार को मिली जीत ने ट्रंप के विजई रथ को अस्थाई रूप से रोक दिया है लेकिन इस सप्ताह होने वाले सुपर ट्यूजडे (महामंगलवार) में पूर्व राष्ट्रपति को बड़ी संख्या में डेलिगेट (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्य) का समर्थन मिलने की संभावना है। सुपर ट्यूजडे अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के चयन के लिए प्राइमरी चुनाव प्रक्रिया का वह दिन होता है, जब सबसे अधिक राज्यों में प्राइमरी और कॉकस चुनाव होते हैं। अपने गृह राज्य साउथ कैरोलाइना में पिछले सप्ताह मिली हार के बावजूद हेली ने कहा था कि वह अपनी दावेदारी नहीं छोड़ेंगी। हेली (51) को ।,274 वोट (62.9 प्रतिशत) मिले, जबकि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी और पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को 676 वोट (33.2 प्रतिशत) मिले। इस जीत के बाद हेली को वाशिंगटन डीसी के सभी 19 रिपब्लिकन डेलिगेट का समर्थन मिलेगा। इसी के साथ हेली के पास कुल 43 डेलिगेट का समर्थन हो जाएगा। ट्रंप को अब तक 244 डेलिगेट का समर्थन मिल चुका है। राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए किसी भी दावेदार को कम से कम ।,215 डेलिगेट के समर्थन की आवश्यकता होगी।हेली राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत रिपब्लिकन पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं। वह डेमोक्रेटिक या रिपब्लिकन प्राइमरी जीतने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी भी हैं। राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवार बनने के दावेदार- (2016 में) बॉबी जिंदल, (2020 में) कमला हैरिस और (2024 में) विवेक रामास्वामी एक भी प्राइमरी चुनाव नहीं जीत पाए थे।इससे पहले, ट्रंप ने शनिवार को इडाहो और मिसौरी में कॉकस में जीत हासिल की थी और मिशिगन में रिपब्लिकन पार्टी के सम्मेलन में सभी का समर्थन प्राप्त किया था।

हैरिस ने अगले छह सप्ताह के लिए गाजा में तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया

वाशिंगटन। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने गाजा में कम से कम अगले छह सप्ताह के लिए तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया है। उन्होंने इजराइली सरकार से युद्ध से तबाह हुए इलाके में सहायता की आपूर्ति बढ़ाने के लिए और प्रयास करने की अपील की है। हैरिस ने अलबामा के सेल्मा में नागरिक अधिकारों के लिए मार्च निकाल रहे लोगों पर हुए हमलों के 59 साल पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। जिस दिन ए हमले हुए थे, उसे ब्लडी संडे (खूनी रविवार) के नाम से जाना जाता है। मतदान के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे कार्यकर्ताओं को 1965 में कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने जिस एडमंड पेट्टस ब्रिज पर पीटा था, वहीं यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। हैरिस (59) ने कहा, हमास ने इजराइल के लोगों के लिए जो खतरा पैदा किया है, उसे नष्ट किया जाना चाहिए और गाजा में विशाल पैमाने पर हो रही पीड़ा को देखते हुए कम से कम अगले छह सप्ताह के लिए तत्काल युद्धविराम होना चाहिए जिस पर अभी वार्ता हो रही है। उन्होंने कहा, इससे बंधकों को बाहर निकाल लिया जाएगा और पर्याप्त मात्रा में मदद की आपूर्ति हो सकेगी। हैरिस ने कहा, हमास का दावा है कि वह युद्धविराम चाहता है। समझौते पर बातचीत जारी है और हमने कहा है कि हमास को उस समझौते पर राजी होना होगा। आइए, युद्ध विराम करते हैं। आइए, बंधकों को उनके परिजन से मिलाते हैं। आइए, गाजा के लोगों को तत्काल राहत मुहैया कराते हैं। उन्होंने कहा, इजराइली सरकार को सहायता की आपूर्ति को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयास करना चाहिए। इसे लेकर कोई बहाना नहीं चल सकता। उन्हें नई सीमाएं खोलनी होंगी। उन्हें सहायता वितरण पर कोई अनावश्यक प्रतिबंध नहीं लगाना चाहिए। भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने हैरिस के इस आह्वान का स्वागत किया। उन्होंने कहा, उपराष्ट्रपति ने गाजा में तत्काल युद्धविराम और तत्काल सहायता का आह्वान किया है। यह पहली बार है जब प्रशासन ने ऐसी भाषा प्रयोग की है।

क्विक न्यूज

फिलीपीन ने पड़ोसी देशों से दक्षिण चीन सागर में और मजबूती से एकजुट होने का आग्रह किया

मेलबर्न। फिलीपीन के विदेश मंत्री एनरिक मनालो ने सोमवार को पड़ोसी देशों से दक्षिण चीन सागर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिक मजबूती से एकजुट होने का आग्रह किया। मनालो ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन के इतर समुद्री सहयोग संबंधी एक मंच में यह टिप्पणी की। इस सम्मेलन में चीन के तेजी से बढ़ते आक्रमक कदमों पर प्रमुखता से चर्चा की गई। मनालो ने नीदरलैंड के द हेग में स्थित मध्यस्थता अदालत के 2016 में दिए फैसले में चीन पर फिलीपीन की जीत का उल्लेख किया। मध्यस्थता अदालत ने दक्षिण चीन सागर में चीन के व्यापक क्षेत्रीय दावों को अमान्य करार दे दिया था। चीन ने इस फैसले को स्वीकार नही किया था। उन्होने कहा, क्षेत्र में समुद्रों और महासागरो का साझा प्रबंधन हमें अंतरराष्ट्रीय कानून की प्रधानता को बनाए रखने के लिए एकजुट होने को बाध्य करता है ताकि हम सभी के लिए न्यायसंगत और स्थाई परिणाम सुनिश्चित कर सकें। उन्होने कहा, यह हमसे अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत या असंगत कार्यों का विरोध करने के लिए मजबूती से एक साथ खड़े होने का भी आह्वान करता है।

ऑस्ट्रेलिया में आसियान नेताओं की बैठक के एजेंडे में शीर्ष पर रह सकते हैं चीन और म्यांमा

मेलबर्न। दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के नेताओं के इस सप्ताह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले शिखर सम्मेलन के एजेंडे में चीन की बढ़ती आक्रामकता और म्यांमा में मानवीय संकट शीर्ष पर हो सकता है। सोमवार को मेलबर्न में शुरू होने वाला दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान)-ऑस्ट्रेलिया विशेष शिखर सम्मेलन ऑस्ट्रेलिया के इस एशियाई संगठन का पहला आधिकारिक भागीदार बनने के 50 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। आसियान के 10 में से नौ देशों के नेताओं के इस तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने की संभावना है। ।

चीन पाकिस्तान के साथ अपनी सदाबहार रणनीतिक साझेदार को गहरा करना चाहता है

बीजिंग। शहबाज़ शरीफ के सोमवार को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप मे शपथ लेने के बाद चीन ने कहा कि वह अपने सदाबहार रणनीतिक संबंधों को गहरा करने और 60 अरब अमेरिकी डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को उन्नत करने की उम्मीद करता है।चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां एक प्रेस वार्ता में कहा कि चीन शरीफ को पाकिस्तान का प्रधानमंत्री चुने जाने पर हार्दिक बधाई देता है। राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री ली क्यिांग ने शरीफ के प्रधानमंत्री चुने जाने के तुरंत बाद रविवार को उन्हें बधाई संदेश भेजे थे। माओ ने कहा कि चीन पाकिस्तान- चीन संबंधों और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर प्रधानमंत्री शरीफ के सकारात्मक बयानों की अत्यधिक सराहना करता है।

यूक्रेन के समर्थन से जुड़े टेप के लीक होने पर मॉस्को ने जर्मनी के राजदूत को तलब किया

मॉस्को। यूक्रेन के समर्थन से जुड़े टेप के लीक होने के बाद सोमवार को रूसी विदेश मंत्रालय में जर्मनी के राजदूत को तलब किया। स्थानीय मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई। रूस ने यह कदम सोशल मीडिया पर आई उस ऑडियो रिकॉर्डिंग के जारी होने के कुछ दिनों बाद उठाया जिसमें कथित तौर पर जर्मन अधिकारियों को यूक्रेन के समर्थन पर चर्चा करते हुए दिखाया गया था। सरकारी आरआईए नोवोस्ती ने पत्रकारों की भीड़ से घिरे जर्मन राजदूत अलेक्जेंडर ग्राफ लैम्ब्सडॉर्फ के मास्को स्थित विदेश मंत्रालय के भवन में प्रवेश करने के समय की तस्वीरें प्रसारित की है। रूसी सरकार द्वारा वित्त पोषित टीवी चैनल आरटी की प्रधान संपादक मार्गरीटा सिमोनियन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर ऑडियो पोस्ट किया था।

बहिष्कार के आह्वान के बीच हुए ईरान के संसदीय चुनावों में कट्टरपंथी नेताओं का वर्चस्व बरकरार

दुबई। ईरान में संसदीय चुनावों के बहिष्कार और कम मतदान के बीच सोमवार को घोषित किए गए मतदान के नतीजों में कट्टरपंथी राजनीतिक नेताओं ने संसद में अपना वर्चस्व कायम रखा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को हुए चुनावों का मतदान प्रतिशत अब तक जारी नहीं किया है और ना ही इसमें देर की वजह बताई है। राजधानी तेहरान में मतदान केंद्रों पर भीड़ नजर नही आई थी और इस कारण मतदान प्रतिशत कम रहने की संभावना है। जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी सहित देश मे कुछ लोगो ने चुनावो का बहिष्कार किया था। वर्ष 2022 मे महसा अमिनी (22) की मौत होने पर बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद यह पहला चुनाव था। हिजाब नही पहनने के कारण पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद हिरासत में उसकी मौत हो गई थी। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता मोहसिन इस्लामी ने कहा कि मतदाताओं ने पहले चरण मे 245 सीट पर उम्मीदवारो के चुनावी भाग्य का फैसला किया।

चीन ने प्रधानमंत्री का सालाना संवाददाता सम्मेलन नही किए जाने की घोषणा की

बीजिंग। चीन सरकार ने सोमवार को कहा कि देश के प्रधानमंत्री आगामी कुछ वर्षों तक परंपरागत वार्षिक संवाददाता सम्मेलन नही करेंगे। यह सम्मेलन कुछेक ऐसे अवसरों में से एक है, जब चीन के शीर्ष नेता मीडिया के सवालों के जवाब देते है। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के प्रवक्ता लू क्विनलान ने सदन के वार्षिक सत्र की शुरुआत की पूर्व संध्या पर कहा कि प्रधानमंत्री ली क्विंग सत्र के समापन के बाद परंपरागत संवाददाता सम्मेलन नही करेंगे। लू ने कहा कि सदन पत्रकारों के लिए सरकारी मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के साथ-साथ सदन के लगभग 3,000 सदस्यों से प्रश्न पूछने के अवसर बढ़ाएगा। अगर कोई विशेष परिस्थिति पैदा नही होती है तो अगले कुछ वर्षों मे प्रधानमंत्री का संवाददाता सम्मेलन आयोजित नही किया जाएगा। उन्होने इस बारे में विस्तार से जानकारी नही दी।

चार नए अंतरिक्ष यात्री छह महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना

केप केनवरल (अमेरिका)। चार अंतरिक्ष यात्री रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए जहां वे छह महीने के अपने प्रवास के दौरान दो नए रॉकेटशिप (रॉकेट द्वारा संचालित अंतरिक्ष यान) के आगमन की निगरानी करेंगे। अमेरिका की निजी अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी स्पेसएक्स के फाल्कन रॉकेट ने अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बराट और जेनेट एप्स तथा रूस के एलेक्जेंडर ग्रेबेनकिन को लेकर केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी। अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को आईएसएस पहुंचेंगे। वे अमेरिका, डेनमार्क, जापान और रूस के अंतरिक्ष यात्रियों का स्थान लेंगे जो अगस्त से वहां मौजूद हैं। तेज हवा के कारण इन अंतरिक्ष यात्रियो को ले जाने मे तीन दिन की देरी हुई। ए नए अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में छह महीने तक रहने के दौरान दो रॉकेटशिप के आगमन की निगरानी करेंगे। जेनेट एप्स दूसरी अश्वेत महिला है जिन्हें अंतरिक्ष स्टेशन पर इतने लंबे मिशन के लिए भेजा गया है। उन्होने उड़ान भरने से पहले कहा कि वह खासतौर से अश्वेत लड़कियो के लिए आदर्श बनकर गर्व महसूस कर रही है और उन्हें यह दिखा रही है कि अंतरिक्ष यात्रा उनके लिए भी एक विकल्प है।

पाकिस्तान में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार महमूद अचकजई के आवास पर छापेमारी

कराची। पाकिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव से पहले पुलिस ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और वरिष्ठ राजनेता महमूद खान अचकजई के आवास पर छापेमारी की और एक सरकारी भूखंड को उनके द्वारा किए गए अवैध कब्जे से मुक्त कराया। यह कार्वाई बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा मे की गई। बलूचिस्तान के 75 वर्षीय नेता अचकजई पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख है और उन्हें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के जेल में बंद नेता इमरान खान ने पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतारा था। क्वेटा मे अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने रविवार को अचकजई के आवास पर छापेमारी की और उनके द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए सरकारी स्वामित्व वाले भूखंड को मुक्त कराया। अचकजई नौ मार्च को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के 68 वर्षीय नेता जरदारी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे, जो शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के उम्मीदवार हैं।

नार्विगेट में दुनिया भर से जुटे लोग

पणजी। नार्विगेट एक अभूतपूर्व इंडस्ट्रीयल रियल एस्टेट कन्वेंशन और वेयरहाउसिंग कॉन्क्लेव् के रूप में एनएआर इंडिया और जीएआर के ऐतिहासिक गठबंधन ने एक अद्वितीय सफलता हासिल की है। जिसका आयोजन गोवा की मनमोहक पृष्ठभूमि पर किया गया। 29 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित हुए इस कार्यक्रम ने न केवल 16वें एनएआर.इंडिया नेशनल कन्वेंशन को चिन्हित किया बल्कि संगठन की ऐसी शक्ति के रूप में प्रमाणित कर स्थापित किया जो परिवर्तन लाने में सक्षम है। इसमें पूरे भारत और दुनिया भर से 1200 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स, दूरदर्शी और एक्सपर्ट्स एक मंच पर इकट्ठा हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने अपने संबोधन में इस बात पर बल देते हुए कहा कि श्रियल एस्टेट भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली आधार शिला के रूप में कार्य करता है और एक दूरदर्शी सोच रखने वाली सरकार के साथ उन्नाति और नवाचारए आवश्यक और प्राप्त करने योग्य है। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि श्इस तरह की सभाएं व्यावसायिक गतिविधियों और क्षेत्र विशेष के लेनदेन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विशेष अतिथि के रूप में परिवहन मंत्री मॉविन गोडिन्हो ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गोवा रियल एस्टेट क्षेत्र में एक केंद्र बिंदु के रूप में उभर रहा है। एनएआर .इंडिया ने नॉर्थईस्ट फ्लोरिडा एसोसिएशन ऑफरीयलटर्स ग्रेटर बर्गेन रीयलटर्स और थाई रियल एस्टेट सेल्स एंड मार्केटिंग एसोसिएशन जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मेमोरेंडम ऑफअंडरस्टेंडिंगसकी घोषणा कर वैश्विक सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया है। इन साझेदारियों का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर रियल एस्टेट प्रोफेशनल्स के बीच व्यवसाय का विकास करनाए शिक्षा और जागरूकता को बढ़ाना है।

शार्दुल का उम्दा खेल, मुंबई रणजी फाइनल में

तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया

भाषा। मुंबई

शार्दुल ठाकुर के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत कई बार की चैम्पियन मुंबई ने सोमवार को यहां तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से शिकस्त देकर रणजी ट्राफी फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे दिन 109 रन की शतकीय पारी खेलकर मुंबई को पहली पारी के आधार पर 232 रन की विशाल बढ़त दिलाने के बाद ठाकुर की अगुआई वाले मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया। मेहमान टीम के लिए केवल बाबा इंद्रजीत (70 रन) ही टिककर खेल सके और बाकी के बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से तमिलनाडु की टीम अपने पहले रणजी नॉकआउट मैच में कोई चुनौती पेश नहीं कर सकी। एक बार फिर तमिलनाडु के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कोई भी योगदान नहीं कर सके जिससे मध्यक्रम ने भी दबाव में घुटने टेक दिए। हालांकि इंद्रजीत और प्रदोष रंजन पॉल ने चौथे विकेट के लिए 73 रन बनाकर चुनौती पेश करने की कोशिश की लेकिन सिर्फ एक भागीदारी से काम नहीं चलने वाला था। मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर दो विकेट और 16 रन देकर दो विकेट) की भूमिका अहम रही जिन्होंने दूसरे दिन सभी प्रारूपों में अपना पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में सात विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलाई थी। फिर तीसरे दिन ठाकुर ने शुरू में ही तमिलनाडु के दो विकेट झटक लिए जिससे मुंबई ने मेहमान टीम के दूसरी पारी में 10 रन तक तीन विकेट हासिल कर लिए थे। बी साई सुदर्शन को हालांकि श्रेयस अय्यर ने पहले ओवर में मिडविकेट पर कैच छोड़कर जीवनदान दिया लेकिन ठाकुर ने शानदार इनस्विंगर पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट करा दिया। ठाकुर ने नई गेंद से खतरनाक स्विंग हासिल की और एन जगदीशन को खाता भी नहीं खोलने दिया। मोहित अवस्थी ने भी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वाशिंगटन सुंदर को आउट कर सफलता का स्वाद चखा। शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद तमिलनाडु के लिए इंद्रजीत और प्रदोष रंजन ने जिम्मेदाराना साझेदारी की और मुंबई के गेंदबाजों को कोई और झटका नहीं देने दिया। इंद्रजीत ने 105 गेंद खेलकर नौ चौके की मदद से 70 रन बना लिए थे लेकिन अवस्थी की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। मुंबई के स्पिनर तनुष कोटियान (18 रन देकर दो विकेट) और शम्स मुलानी (53 रन देकर चार विकेट) ने फिर साथी तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर तमिलनाडु के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया तथा बाकी बचे छह विकेट झटककर मेजबान टीम को जीत दिलाई।

विदर्भ ने मप्र के खिलाफ वापसी की

नागपुर। यश राठौड़ के नाबाद 97 रन की मदद से विदर्भ ने मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन सोमवार को शानदार वापसी करते हुए छह विकेट पर 343 रन बनाए। राठौड़ ने 165 गेंदों का सामना किया। कप्तान अक्षर वाडकर ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए 139 गेंद मे 77 रन बनाए। दोनों ने छठे विकेट की साझेदारी मे 158 रन जोड़े जबकि एक समय विदर्भ ने पांच विकेट 161 रन पर गंवा दिए थे। विदर्भ के पास अब 261 रन की बढत है। अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 13 रन से आगे खेलते हुए विदर्भ ने दूसरे ओवर में अक्षर वखारे का विकेट गंवा दिया। इसके बाद ध्रुव शोरे (65 गेंद मे 40 रन) और अमन मोखाडे (100 गेंद मे 59 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने शोरे को विकेट के पीछे हिमांशु मंत्री के हाथों लपकवाकर इस साझेदारी को तोड़ा। उस समय विदर्भ का स्कोर तीन विकेट पर 90 रन था। इसके बाद मोखाडे और करूण नायर (38) भी आउट हो गए जिससे विदर्भ का स्कोर पांच विकेट पर 161 रन हो गया और उसके पास 79 रन की ही बढत थी। अपना सातवां प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे राठौड़ और वाडकर ने फिर मध्यप्रदेश के गेंदबाजों पर दबाव बनाते हुए पारी को आगे बढाया।

भारतीय पैडलरों ने इतिहास रचा

टेबल टेनिस टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर इतिहास रच दिया। पिछले महीने बुसान में विश्व टीम चैम्पियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और इसके समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में सात स्थान बचे थे जिनके लिए टीमों को उनकी रैंकिंग के आधार पर चुना गया। आईआईटीएफ ने कहा, ताजा विश्व टीम रैंकिंग में शीर्ष रैंकिंग की जो टीम क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल कर लिया। महिलाओं की स्पर्धा में भारत 13वीं रैंकिंग पर काबिज था, उसने पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष टीम स्पर्धा में क्रोएशिया (12), भारत (15) और स्लोवेनिया (11) ने भी पेरिस ओलंपिक का टिकट कटाया। भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल ने ट्वीट किया, आखिरकार भारत ने ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैं लंबे समय से यह देखना चाहता था। ओलंपिक में पांचवीं बार खेलने के बावजूद यह सच में बहुत विशेष है। महिला टीम को भी बधाई जिन्होंने भी ऐतिहासिक कोटा हासिल कर लिया। भारतीय टेबल टेनिस इतिहास में यह शानदार उपलब्धि है क्योंकि यह पहली बार होगा जब देश 2008 बीजिंग ओलंपिक में शामिल किए जाने के बाद टीम स्पर्धा में हिस्सा लेगा। दोनों भारतीय टीम आईटीटीएफ विश्व टीम चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में हारने के कारण ओलंपिक टिकट कटाने से चूक गई थीं। पुरुष टीम का दक्षिण कोरिया से 0–3 से और महिला टीम को चीनी ताइपे से ।–3 से हार मिली थी।

वानखेड़े स्टेडियम करेगा रणजी ट्राफी फाइनल की मेजबानी

मुंबई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने सोमवार को बताया कि इस रणजी ट्राफी सत्र का फाइनल यहां 10 से 14 मार्च तक वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। 41 बार की चैम्पियन मुंबई के 48वीं दफा फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बाद खिताबी मैच के स्थल की घोषणा की गई। एमसीए के सचिव अजिंक्य नायक ने एक बयान में कहा, वानखेड़े स्टेडियम करीब 50 साल से मुंबई क्रिकेट का घर रहा है। इसलिए टूर्नामेंट की विरासत को देखते हुए और पूरे मुंबई क्रिकेट समुदाय के लिए इस बड़े मैच की अहमियत को देखते हुए यह बिल्कुल उचित है कि वानखेड़े स्टेडियम में फाइनल का आयोजन किया जाए।

आई लीग : रीयाल मैड्रिड ने श्रीनिधि को 3-2 से हराया

हैदराबाद। रीयाल कश्मीर एफसी ने दस खिलाड़ियों तक सिमटी श्रीनिधि डेक्कन एफसी को आई लीग फुटबॉल के मैच में 3-2 से हराया जो डेक्कन की अपने मैदान पर तीसरी हार है। श्रीनिधि डेक्कन के डिफेंडर साजिद धोत को दो पीले कार्ड देखने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। डेक्कन और रीयाल कश्मीर का पिछला मैच गोलरहित ड्रॉ रहा था। रीयाल कश्मीर के लिए पहला गोल जी क्रिजो ने किया। डेक्कन के रिजवान हसन ने 58वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। तीन मिनट बाद एली सबिया ने गोल करके डेक्कन को 2-1 की बढ़त दिला दी।

सेना ने रेलवे को 2-0 से हराकर संतोष ट्राफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

इटानगर। छह बार की चैम्पियन सेना ने सोमवार को यहां रेलवे पर 2-0 की आसान जीत से संतोष ट्राफी फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले चरण मे भी सेमीफाइनल मे जगह बनाने वाली सेना केलिए शफीक पीपी ने नौवे मिनट मे पेनल्टी को गोल मे तब्दील किया। टीम केलिए दूसरा गोल हाफ टाइम पर ही हुआ जब समीर मुर्मु ने सेना को 2-0 से आगे कर दिया।

रऊफ का केंद्रीय अनुबंध बहाल कर सकता है पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ का केंद्रीय अनुबंध देश के क्रिकेट बोर्ड की कानूनी टीम की समीक्षा के बाद बहाल किया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के आधिकारिक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी।रऊफ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जनवरी मे तीन टेस्ट मैचो की श्रृंखला में खेलने से इनकार कर दिया था और पीसीबी ने उनके इस फैसले को गंभीरता से लेते हुए पाकिस्तान सुपर लीग के शुरू होने से दो दिन पहले उनका केंद्रीय अनुबंध समाप्त कर दिया था।

इंजमाम ने पीसीबी के फैसले पर सवाल उठाए

कराची। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने मोहम्मद हफीज को हाल में खराब नतीजो के कारण टीम निदेशक पद से हटाने के लिए देश के क्रिकेट बोर्ड की आलोचना की। इंजमाम ने साथ ही कहा कि जब अधिकारी ही टीम के प्रदर्शन के लिए कोई जिम्मेदारी उठाने से इनकार कर रहे है तो प्रशासनिक भूमिका निभा रहे पूर्व खिलाड़ियों को निशाना बनाना अनुचित है।

पाकिस्तान पहुंचा न्यूजीलैंड का सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल

लाहौर। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के अप्रैल मे होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए पाकिस्तान दौरे से पहले सुरक्षा व्यवस्था का जायज लेने के लिए उसका एक प्रतिनिधिमंडल यहां पहुंच गया है। इस प्रतिनिधिमंडल मे न्यूजीलैंड क्रिकेट के दो सदस्य और एक स्वतंत्र सुरक्षा विशेषज्ञ शामिल है। यह प्रतिनिधिमंडल लाहौर, रावलपिंडी और इस्लामाबाद का दौरा करने के लिए सप्ताहांत मे यहां पहुंचा।

जायसवाल फरवरी में आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में

दुबई। इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बना चुके भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी फरवरी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में है जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पाथुम निसांका भी नामित हैं। आईसीसी ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने फरवरी 2024 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए महिला और पुरूष वर्ग में नामांकन का ऐलान किया है। पिछले महीने कई बड़े मुकाबले खेले गए और आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में टेस्ट क्रिकेट में बड़े स्कोर बनाने वाले दो खिलाड़ी और श्रीलंका के रिकॉर्ड तोड़ने वाले वनडे बल्लेबाज हैं।

मंधाना, पैरी का पचासा, आरसीबी का बड़ा स्कोर

यूपी वारियर्स के खिलाफ है मुकाबला

भाषा। बेंगलुरू

कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला एलिस पैरी के अर्धशतकों से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने यूपी वारियर्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को तीन विकेट पर 193 रन बनाए। पिछले दो मैच हारने के बाद आरसीबी ने सोफी डेवाइन की जगह एस मेघना से पारी की शुरुआत कराई। मेघना और मंधाना ने 5.3 ओवर में 51 रन जोड़कर आरसीबी को मजबूत शुरुआत दी। आरसीबी ने पावरप्ले में एक विकेट पर 57 रन बनाए। मंधाना ने 50 गेंद में दस चौकों और तीन छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। पैरी ने 37 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। मंधाना और पैरी ने दूसरे विकेट के लिए 64 गेंद में 95 रन की साझेदारी की। मंधाना ने यूपी के गेंदबाजों को चारों तरफ स्ट्रोक्स लगाए। उन्होंने 28 रन पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए आफ स्पिनर चामरी अटापट्टू और बाएं हाथ की तेज गेंदबाज अंजलि सरवनी की जमकर धुनाई की। आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने उन्हें पवेलियन भेजा और डीप मिडविकेट में पूनम खेमनार ने कैच लपका। बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ को लगातार दो छक्के लगाने वाली पैरी और रिचा घोष ने तीसरे विकेट के लिए 18 गेंद में 42 रन जोड़े। यूपी वारियर्स की वृंदा दिनेश कंधे की चोट डब्ल्यूपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गई। उन्हें 28 फरवरी को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी। यूपी टीम ने विकेटकीपर बल्लेबाज उमा छेत्री को विकल्प के तौर पर दस लाख रूपए की बेसप्राइस पर लिया। उमा ने भारत ए के लिए इंग्लैंड ए के खिलाफ खेला और एसीसी इमर्जिंग महिला एशिया कप 2023 जीतने वाली भारत ए इमर्जिंग टीम का भी हिस्सा थी। आरसीबी ने चोटिल श्रेयांका पाटिल की जगह अनुभवी एकता बिष्ट को उतारा।

मैं प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी नहीं करूंगी : साक्षी

नई दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने सोमवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी को खारिज करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के लिए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन से वह मानसिक रूप से थक गई हैं। पिछले साल दिसंबर में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव में अध्यक्ष चुने जाने के बाद साक्षी ने रोते हुए प्रेस कांफ्रेंस में कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी। वह ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के साथ महीनों से विरोध प्रदर्शन कर रही हैं जिसमें उनकी मांग बृजभूषण सिंह को हटाने और गिरफ्तार करने की थी। साक्षी मलिक ने भारत में मी टू अभियान के प्रभाव पर चर्चा के लिए एक पैनल चर्चा में कहा, एक साल से ज्यादा का समय हो गया है, इतना ज्यादा मानसिक दबाव है और हम हर संभव तरीके से इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने की कोशिश में जुटे हैं इसलिए मैं कुश्ती जारी नहीं रख पाऊंगी।

छह साल बाद भारतीय टेबल टेनिस को मिल सकता है मुख्य कोच, कोंस्टैंटिनी की वापसी की संभावना

नई दिल्ली। भारत के एलीट टेबल टेनिस खिलाड़ियो को छह साल बाद मुख्य कोच की सेवाएं मिल सकती है क्योंकि इटली के मासिमो कोंस्टैंटिनी के राष्ट्रीय टीम के साथ अपने तीसरे कार्यकाल के लिए भारत लौटने की संभावना है। कोंस्टैंटिनी इससे पहले 2009 से 2010 और 2016 से 2018 तक भारतीय टीम के साथ थे। 2018 एशियाई खेलों में भारत के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद 65 वर्षीय कोंस्टैंटिनी का दूसरा कार्यकाल समाप्त हुआ था जिसमें देश ने पहली दफा टेबल टेनिस का पदक जीता था। इसके बाद खेल का ग्राफ ऊपर चढ़ा लेकिन कुछ कारणों से भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) कोंस्टैंटिनी की जगह मुख्य कोच नहीं ला सका। टीटीएफआई के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) इस समय कोंस्टैंटिनी के साथ चार साल का अनुबंध करने पर बातचीत कर रहा है। टीटीएफआई ने तीन विदेशी कोच के नाम साइ को दिए लेकिन इनमें कोंस्टैंटिनी सबसे आगे चल रहे हैं। भारत के पहली बार पुरूष और महिला टीम के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बाद मुख्य कोच की नियुक्ति तेजी पकड़ सकती है। अधिकारी ने कहा, साइ जल्द से जल्द अगले हफ्ते कोंस्टैंटिनी की नियुक्ति को मंजूरी दे सकता है। ओलंपिक ज्यादा दूर नहीं है और वह जितनी जल्दी टीम से जुड़ेंगे, उतना बेहतर होगा। सभी खिलाड़ी उन्हें पसंद करते हैं और यह उनके हक में जाना चाहिए। भारतीय टीम के जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले एशिया और यूरोप में ट्रेनिंग करने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा, तैयारियों में ट्रेनिंग और प्रतियोगिता दोनों शामिल होंगे। खिलाड़ी चीन और कोरिया में शिविर लगा सकते हैं जिसके बाद वे ओलंपिक में अपना बेस बनाएंगे।

मेरा सौवां टेस्ट मेरी मां को समर्पित : जॉनी बेयरस्टो

धर्मशाला। इस सप्ताह सौवां टेस्ट खेलने जा रहे इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने यह उपलब्धि कैंसर को मात देने वाली अपनी मां को समर्पित की है जो कठिन समय में उनकी ताकत और परिवार को बांधने वाली ताकत रही हैं। चौंतीस वर्ष के बेयरस्टो सौ टेस्ट खेलने वाले इंग्लैंड के 17वें क्रिकेटर बन जाएंगे जो भारत के खिलाफ यहां होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल करेंगे। उन्होंने टेलीग्राफ स्पोर्ट से कहा , जब मैं खेलता हूं तो कई बार अपने पिता के बारे में सोचता हूं। लेकिन अब मां के बारे में ज्यादा सोचता हूं जिन्होंने इतना कुछ होने पर हम पर आंच नही आने दी। हमें एक परिवार के रूप में एकजुट रखा। वह मेरी ताकत रही है। बेयरस्टो जब आठ साल के थे तब उनके पिता और इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर डेविड ने आत्महत्या कर ली थी। उनकी मां जेनेट ने दो बार स्तन कैंसर से जूझने के बावजूद परिवार को बिखरने नहीं दिया। इस क्रिकेटर ने कहा , मेरी मां साहस का पर्याय रही है। उन्होंने तीन नौकरियां की क्योंकि उस समय दस वर्ष से कम उम्र के उनके दो बच्चे थे। वह मुझे लीड्स युनाइटेड से हेडिंग्ले (जहां वह युवा फुटबॉल खेलते थे) ले गई। वह दो बार कैंसर का शिकार हुई। वह काफी मजबूत है और दो बार कैंसर को मात देना उनके साहस की बानगी देता है। बेयरस्टो ने कहा कि वह अपने नायकों को देख देखकर बचपन से ही टेस्ट क्रिकेटर बनना चाहते थे। मैं वनडे क्रिकेट देखकर बड़ा नही हुआ। मैने टेस्ट क्रिकेट देखा है जो मेरे लिए सब कुछ था। मैने माइकल वॉन, मार्कस ट्रेसकोथिक और केविन पीटरसन को खेलते देखा। मै हेडिंग्ले में इंग्लैड को इंडोर नेट अभ्यास करते देखता था और वोडाफोन ब्लू ट्रैकसूट मुझे बहुत लुभाते थे। मै भी उस टीम का हिस्सा बनना चाहता था। उन्होंने कहा , यह जज्बाती हफ्ता रहने वाला है और मै इसका पूरा मजा लूंगा।

अश्विन नई चीजें आजमाने से हिचकिचाता नही है: पुजारा

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय टीम में लंबे समय तक रविचंद्रन अश्विन के साथ खेलने वाले चेतेश्वर पुजारा का कहना है कि यह सीनियर ऑफ स्पिनर हमेशा नई चीजें आजमाने के लिए तत्पर रहता है और हमेशा खुद को प्रतिद्वंद्वी बल्लेबाजों से एक कदम आगे रखता है। अश्विन ने हाल में पारंपरिक प्रारूप में 500 विकेट चटकाने की उपलब्धि हासिल की और वह ऐसा करने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। अश्विन धर्मशाला में सात मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवें मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। अश्विन के लिए बल्लेबाजों को पढ़ना हमेशा अहम हिस्सा रहा है। वह हमेशा एक कदम आगे रहता है, वह छोटी से छोटी चीज पर भी सतर्क रहता है। वह बल्लेबाज की हरकतों को हमेशा देखता रहता है, उसके तेज दिमाग के लिए कोई सी जानकारी छोटी नहीं है। वह प्रत्एक गेंद के लिए काफी प्रयास करता है। उन्होंने लिखा, 500 टेस्ट विकेट की उपलब्धि हासिल करने के बाद अब वह एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि – 100 वां टेस्ट खेलने के करीब है। वह हालांकि विभिन्न कारणों से यहां तक देर से पहुंचा। लेकिन मैं उसके लिए बहुत खुश हूं। वह हमेशा चुनौती लेने के लिए तैयार रहता है और वह इस उपलब्धि का हकदार है। पुजारा ने लिखा, कई प्रारूपों में खेलने के बावजूद वह लंबे समय तक बना रहा और खुद को बेहतर करता रहा जो उसका कुछ नया करने की सोच की वजह से हुआ।

अश्विन हमेशा आपको आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करता रहता है : जो रूट

बेंगलुरू इंग्लैड के सीनियर बल्लेबाज जो रूट भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आक्रामक मानसिकता, विविधता और विकेट लेने के अथक प्रयासो से काफी प्रभावित है जिनका मानना है कि वह प्रतिद्वंद्वी को थकाने की सोच मे विश्वास नही करते और हर समय खतरा बने रहते है। अश्विन ने हाल मे पारंपरिक प्रारूप मे 500 विकेट चटकाने की उपलब्धि हासिल की और वह ऐसा करने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। अश्विन धर्मशाला मे सात मार्च से इंग्लैड के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवे मैच मे अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। रूट ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पोडकास्ट पर कहा, अश्विन थकाने के बजाय हमेशा आपको आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करता रहता है। अश्विन के पास गेंदबाजी मे इतनी विविधता है कि बल्लेबाज उनकी गेंदबाजी पर हमेशा अनुमान ही लगाते रहते है। वह पारंपरिक ऑफ स्पिनर की तुलना मे क्रीज का अलग तरह से इस्तेमाल करता है। वह ओवर स्पिन , साइड स्पिन का इस्तेमाल करता है, स्टंप पर कसी गेंदबाजी करता है, वह वाइड गेंद भी डालता है और कैरम गेंदबाजी भी करता है तो उसके पास अलग अलग तरह की गेंद है।

जैस्मीन विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर से बाहर

भाषा। बस्तो अर्सिजियो (इटली)

भारत का पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन जारी है जिसमें राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया पहले दौर में ही बाहर हो गई। 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली जैस्मीन को रविवार को यहां महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग के राउंड 64 मैच में जापान की अयाका तागुची से 0–5 से हार मिली। इससे पहले रविवार को दीपक भोरिया (51 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। छह भारतीय मुक्केबाज अब भी पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की दौड़ में बने हुए हैं।

सोनी पिक्चर्स ने यूएफा के साथ करार का नवीनीकरण किया

मुंबई। यूरोपीय फुटबॉल के शौकीन भारतीय दर्शक रीयाल मैड्रिड, मैनचेस्टर युनाइटेड, लिवरपूल और बायर्न म्युनिख जैसी अपनी पसंदीदा टीमो को खेलते देख सकेंगे चूंकि सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने यूनियन आफ यूरोपियन फुटबॉल एसोसिएशन (यूएफा) के साथ प्रसारण और डिजिटल अधिकारो संबंधी करार का नवीनीकरण किया है। इसके तहत यह अगले तीन सत्र तक यूएफा चैम्पियंस लीग, यूरोपा लीग, कांफ्रेंस लीग और सुपर कप जैसे बड़े टूर्नामेंटों के मैचो का यह प्रसारण करेगा।यह अनुबंध 2024 . 25 से 2026 . 27 तक के लिए होगा जिसमे सोनी अपने चैनलो पर यूएफा की विभिन्न स्पर्धाओ के 1600 से अधिक मैच दिखा सकेगा। चैनल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार यूएफा की प्रमुख क्लब प्रतियोगिताओ मे अब जनवरी मे कोई ब्रेक नही होगा लिहाजा दर्शक बिना किसी ब्रेक के अगस्त से मई तक यूरोपीय क्लब फुटबॉल का आनंद ले सकेंगे।

प्रणीत ने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन को अलविदा कहा

नई दिल्ली। विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता बी साइ प्रणीत ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन को अलविदा कह दिया। हैदराबाद के 31 वर्ष के प्रणीत ने तोक्यो ओलंपिक मे भारत का प्रतिनिधित्व किया था लेकिन उसके बाद से चोटो से जूझ रहे है। उन्होने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा , मिले जुले जज्बात के साथ मै इन शब्दो के जरिए उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जो 24 से अधिक साल से मेरे लिए सब कुछ रहा है। उन्होंने लिखा , आज मै नए अध्याय की शुरूआत कर रहा हूं और अपने अब तक के सफर के लिए अभिभूत और कृतज्ञ हूं। प्रणीत ने लिखा , बैडमिंटन मेरा पहला प्यार और साथी रहा है। इसने मेरे वजूद को मायने दिए। जो यादे हमने साझा की, जो चुनौतियां हमने पार की , वे सदैव मेरे हृदय मे रहेंगी। प्रणीत अगले महीने अमेरिका मे ट्रायंगल बैडमिंटन अकादमी के मुख्य कोच के रूप मे जुड़ेंगे। उन्होंने पीटीआई से कहा , मै अप्रैल मे वहां जाऊंगा। मै क्लब का मुख्य कोच रहूंगा और सारे खिलाड़ी मेरे मार्गदर्शन मे खेलेंगे। एक बार वहां जाने के बाद ही विस्तार से बता सकूंगा। अपने दो दशक से लंबे अंतरराष्ट्रीय कैरियर मे प्रणीत ने 2017 सिंगापुर ओपन सुपर सीरिज खिताब जीता। इसके अलावा स्विटजरलैड के बासेल मे 2019 विश्व चैम्पियनशिप मे कांस्य अपने नाम किया। वह विश्व रैंकिंग मे दसवे नंबर तक पहुंचे और तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई भी किया लेकिन सारे मैच हारकर ग्रुप चरण से ही बाहर हो गए थे। उन्होंने लिखा , मेरी सफलता के पीछे मेरे परिवार , मेरे दादा दादी, माता पिता और पत्नी की अथक हौसलाअफजाई रही है। उनके सहयोग के बिना कुछ भी संभव नही था। उन्होने लिखा , पुलेला गोपीचंद अन्ना, गोपीचंद अकादमी, मेरे सहयोगी और कोचिंग स्टाफ, बचपन के कोच आरिफ सर और गोवर्धन सर को भी धन्यवाद। प्रणीत ने लिखा , भारतीय बैडमिंटन संघ, भारतीय खेल प्राधिकरण, टॉप्स, तेलंगाना खेल प्राधिकरण, योनेक्स, ओएनजीसी, गो स्पोर्ट्स, ओजीक्यू, एपीएसीए, वाट्स इन द गेम, पीबीएल , सभी को धन्यवाद।

अदालत ने डब्ल्यूएफआई के चुनाव के खिलाफ पहलवानों की याचिका पर केंद्र, महासंघ से जवाब मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट , साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर केंद्र और भारतीय कुश्ती महासंघ से जवाब मांगा है। पहलवानों ने दिसंबर 2023 में हुए महासंघ के चुनावों को अवैध घोषित करने की मांग की है। जस्टिस सचिन दत्ता ने केंद्र सरकार, डब्ल्यूएफआई और उसकी तदर्थ समिति को नोटिस जारी किए हैं। केंद्र सरकार के वकील अनिल सोनी को इस मामले में निर्देश लेने के लिए समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई सात मार्च को होगी। इन पहलवानों ने पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ सात महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर प्रदर्शन किया था। पहलवानों के वकील राहुल मेहरा हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद के तीन साल में चौथे कप्तान बने पैट

हैदराबाद। ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे। वह पिछले तीन साल में सनराइजर्स की कप्तानी संभालने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज को 20.50 करोड रुपए में खरीदा था। वह आईपीएल नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। कमिंस दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 के सत्र में टीम की अगुवाई की थी। सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा, हमारे नए कप्तान पैट कमिंस। सनराइजर्स 2023 के सत्र में मार्कराम की कप्तानी में अंतिम स्थान पर रही थी। उसकी टीम तब 14 लीग मैच में से केवल चार में जीत दर्ज कर पाई थी। मार्कराम की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने इस साल एसए20 का खिताब जीता था, लेकिन इसके बावजूद वह आईपीएल में अपनी कप्तानी बरकरार नहीं रख सके। वह हालांकि टीम का हिस्सा बने रहेंगे। सनराइजर्स पिछले तीन साल में अपने कप्तान बदलता रहा है। इसकी शुरूआत 2021 में हुई जब ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज डेविड वार्नर को सत्र के बीच में कप्तानी से हटा दिया गया था। सनराइजर्स ने वार्नर की कप्तानी में ही 2016 में आईपीएल का खिताब जीता था। वार्नर की जगह न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को कप्तान नियुक्त किया गया। इससे पहले जब वार्नर पर ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप में प्रतिबंध लगाया गया था तब 2018 और 2019 में विलियमसन ने ही सनराइजर्स की कप्तानी संभाली थी। वार्नर ने 2020 में कप्तान के रूप में सनराइजर्स में वापसी की लेकिन 2021 सत्र के दौरान उनके टीम प्रबंधन के साथ रिश्ते बिगड़ने लगे। वार्नर को 2021 सत्र के बीच में बर्खास्त करके उनकी जगह विलियमसन को कप्तान बनाया गया। न्यूजीलैंड के इस बल्लेबाज को 2022 के सत्र में भी कप्तान बनाए रखा गया लेकिन टीम आठवें स्थान पर रही जिसके बाद उन्हें रिलीज कर दिया गया था। कमिंस इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) की तरफ से आईपीएल में खेल चुके हैं। हालांकि आईपीएल में यह पहला अवसर होगा जबकि वह किसी टीम की कप्तानी करेंगे।

सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाजी कोच बने जेम्स

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंक्लिन को अपना तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। फ्रैंक्लिन ने इस तरह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन की जगह ली जिन्होने फ्रेंचाइजी से व्यक्तिगत कारणो से उन्हें इस सत्र का ब्रेक देने का अनुरोध किया था। सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने सोशल मीडिया मंच पर घोषणा की, डेल स्टेन व्यक्तिगत कारणो से इस सत्र मे टीम के साथ नही जुड़ेगे जिससे इस सत्र मे तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी जेम्स फ्रैंक्लिन को दी गई है। जेम्स आपका स्वागत है। न्यूजीलैंड के लिए 2001 से 2013 के बीच 31 टेस्ट, 110 वनडे और 38 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके फ्रैंक्लिन ने 2011 और 2021 आईपीएल सत्र मे मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया था। लेकिन आईपीएल मे बतौर कोच यह उनका पहला कार्यकाल होगा।

ओलंपिक में प्रबल दावेदार होगी सात्विक-चिराग की जोड़ी, भारत तोक्यो से ज्यादा पदक जीतेगा: गोपीचंद

कोलकाता। भारत के मुख्य बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने सोमवार को कहा कि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक युगल जोड़ी ओलंपिक पदक जीतने की प्रबल दावेदार होगी और दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू भी सही लय मे आ रही है और वह फिर से पेरिस मे पदक दिला सकती है। चोट के बाद वापसी करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने भारतीय महिला टीम को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप मे ऐतिहासिक स्वर्ण पदक दिलाया। वही सात्विक और चिराग का सफर भी स्वप्निल रहा जिसमे उन्होंने 2023 चाइना ओपन और मलेशिया ओपन सुपर 1000 तथा इंडिया ओपन सुपर 750 मे लगातार खिताब जीते जिससे वह इस सत्र मे दुनिया की नंबर एक युगल जोड़ी बन गए। गोपीचंद ने रेवस्पोर्ट्स स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव की घोषणा के दौरान कहा, यह कहना सही होगा कि दुनिया के नंबर एक जोड़ी के तौर पर वे निश्चित रूप से शीर्ष स्तर पर जीतने के दावेदार है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गांगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।